
धनबाद, गुरूवार
24 अप्रैल 2025
वर्ष : 10 अंक : 324
पृष्ठ : 12
मूल्य : 3/-

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
# नई पत्र वार्ता
सोच आगे की ...



# पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर पीएम मोदी की अध्यक्षता में सीसीएस की बैठक में बनी रणनीति



नई दिल्ली (एजेंसी) : जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर पीएम मोदी की अध्यक्षता में सीसीएस की बैठक हुई जो कि 2 |30 घंटे चली। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल सहित अन्य कई लोग मौजूद थे। इस बैठक में पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर गहन चर्चा हुई। बैठक में पहलगाम के दौरे से वापस लौटे गृह मंत्री अमित शाह ने पीएम मोदी सहित सभी अन्य राजनेताओं से पूरी वस्तुस्थिति के बारे में जानकारी दी |माना जा रहा है कि इस बैठक में भारत ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर आगे की रणनीति तय की है। जिसका असर आने वाले कुछ दिनों में देखने को मिलेगा |मालूम हो कि सीसीएस शीर्ष जिम्मेदारों की वो समिति है, जिसमें देश की सुरक्षा से संबंधित बड़े फैसले लिए जाते हैं। इस बैठक से पहले गृह मंत्री अमित शाह पहलगाम का दौरा कर चुके हैं। वो आज ही दोपहर बाद दिल्ली लौटे थे |सीसीएस की बैठक में शामिल होने से पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, आतंकवादियों द्वारा किए गए कायरतापूर्ण हमले में हमारे देश ने अनेक निर्दोष नागरिकों को खोया है। इस अमानवीय कृत्य से हम सभी गहरी शोक और दर्द में हैं। सबसे पहले मैं उन सभी परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। इस दुखद समय में दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए मैं परमात्मा से प्रार्थना करता हूं। इसके बाद राजनाथ **शेष पृष्ठ-4.....**

## पहलगाम हमले के बाद बारामूला में घुसपैठ कर रहे दो आतंकी ढेर



जम्मू,(एजेंसी) : जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में हुई बड़ी आतंकवादी घटना के एक दिन बाद भी आतंकियों की घुसपैठ की कोशिशें जारी हैं। आतंकवादियों ने सरजीवन के जरिए घुसपैठ की कोशिश की है। चिनार कॉर्प्स ने बुधवार सुबह जानकारी दी, 23 अप्रैल 2025 को करीब 2-3 अज्ञात आतंकवादी बारामूला के उरी नाला में सरजीवन इलाके के जरिए घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। एलसी पर मुस्तैद टीपीएस ने जवाबी कार्रवाई की और उन्हें रोका, जिसके बाद गोलीबारी शुरू हो गई है। हालांकि, सेना ने दो आतंकवादियों को ढेर कर दिया है। खबर है कि बुधवार को करीब 2-3 अज्ञात दहशतगर्दों ने बारामूला के जरिए मुल्क में दाखिल होने की कोशिश की है। इस घटना के तुरंत बाद सुरक्षा बल अलर्ट मोड पर आ गए थे। फिलहाल, ऑपरेशन जारी है।

बता दें कि कश्मीर के पहलगाम शहर के निकट ह्यमिनी स्विट्जरलैंडह्लके नाम से मशहूर पर्यटन स्थल बैसरन में मंगलवार अपराह्न में हुए एक आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में ज्यादातर पर्यटक थे। यह 2019 में पुलवामा में हमले के बाद घाटी में हुआ सबसे बड़ा हमला है। पीटीआई **शेष पृष्ठ-4.....**

## बैसरन घाटी में 20 मिनट तक रहे आतंकी, 28 हुई मरने वालों की संख्या, शाह ने दी श्रद्धांजलि



श्रीनगर,(एजेंसी) : जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले में कुल 28 टूरिस्ट की मौत की पुष्टि हुई है। इसमें देश के कई राज्यों के लोगों की मौत हुई है। मरने वालों में 5 पर्यटक महाराष्ट्र और 4 कर्नाटक हैं। गुजरात के तीन और पश्चिम बंगाल के 2 टूरिस्ट हैं। इसके अलावा हरियाणा, आंध्रप्रदेश, यूपी, चंडीगढ़, ओडिशा, तेलंगाना और केरल के 1-1 टूरिस्ट आतंकी हमले का शिकार हुए हैं। आतंकियों की गोली से जम्मू-कश्मीर का एक व्यक्ति और नेपाल के एक नागरिक की मौत हुई है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आतंकी हमले में मरने वालों को श्रद्धांजलि अर्पित की है और भरोसा दिलाया कि दोषियों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

पहलगाम आतंकी हमले की जांच में सामने आया है कि बैसरन वैली में आतंकी हमला दोपहर को किया गया। उस वक्त पर्यटक अपने परिवारों के साथ सुहाने मौसम का मजा ले रहे थे। इस हमले को छह आतंकवादियों ने अंजाम दिया जो सुरक्षाबलों की वर्दी में थे। चश्मदीदों ने बताया कि आतंकवादियों ने नाम पूछकर कुछ लोगों को गोली मारी है। आतंकी बैसरन घाटी के मैदान में 20 मिनट तक रहे। हमले के 20 मिनट बाद पुलिस और सुरक्षाबल मौके पर पहुंचे। मृतकों के परिजनों और घायलों का स्थानीय लोगों ने रेस्क्यू किया ।

आतंकी हमले में मारे गए लोगों में लेफ्टिनेंट विनय नरवाल हरियाणा, मंजुनाथ राव कर्नाटक, सैयद हुसैन शाह जम्मू कश्मीर, शुभम द्विवेदी उत्तर प्रदेश, संजय लेले, अतुल मोने दिलीप डिसले, संतोष जगदाले, कौस्तुभ गनबोटे, हेमंत सुहास जोशी ये सभी महाराष्ट्र से, प्रशांत सतपती ओडिशा, मनीष रंज तेलंगाना, सुशील नथयाल, मध्य प्रदेश, नीरज उधवानी उत्तराखंड, बीतन अधिकारी व समीर गुहार पश्चिम बंगाल, सुदीप न्यौपाने नेपाल, मनीष रंजन बिहार, एन **शेष पृष्ठ-4.....**

## ब्रीफ न्यूज

### ईडी ने बोकारो उपायुक्त कार्यालय में दी दबिश

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

बोकारोः प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने बुधवार की शाम बोकारो डीसी ऑफिस में सर्वे किया। सर्वे का उद्देश्य बोकारो भूमि घोटाले की जांच से संबंधित आवश्यक दस्तावेज लेना है। ईडी ने सर्वे के दौरान इडी कार्यालय से जमीन के मामले में भेजे गये पत्रों को जब्त किया। भूमि घोटाले की जांच के दौरान ईडी ने गत मंगलवार को बोकारो के डीएफओ, सीओ और पुरूलिया के सब रजिस्ट्रार के कार्यालय में सर्वे कर जमीन से जुड़े आवश्यक दस्तावेज जब्त किये थे। बोकारो भूमि घोटाले के सिलसिले में उपायुक्त कार्यालय से पत्राचार किये गये हैं। ईडी को मामले की जांच में इन पत्रों और दस्तावेज की भी जरूरत है। इस बात को लेकर ईडी की टीम ने बुधवार की शाम बोकारो डीसी ऑफिस का सर्वे किया जा रहा है। खबर लिखे जाने तक ईडी का सर्वे जारी था।

### पर्यावरण रक्षक बनें राज्य के छात्र-छात्रा : राज्यपाल

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

रांचीः राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार की उपस्थिति में बुधवार को राजभवन के बिरसा मंडप में विश्व पृथ्वी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीपीएस, रांची के छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण विषय पर संदेशों से संबंधित विविध प्रस्तुतियां दी।

इस मौके पर राज्यपाल ने राजभवन परिसर में पौधरोपण कर इस दिवस के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि यह दिवस हमें हमारी धरती माता के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने और उसके संरक्षण के लिए अपने दायित्वों को निभाने का संदेश देता है।

उन्होंने कहा कि इस वर्ष विश्व पृथ्वी दिवस की थीम आवर पावर, आवर प्लैनेट है। हम सभी को नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग और स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन को तीन गुना बढ़ाने के लिए प्रेरित करती है।

उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के संदेश का उल्लेख करते हुए कहा कि पर्यावरण की देखभाल करना भारतीय जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा है और भारत जलवायु परिवर्तन से निपटने में संपूर्ण विश्व को दिशा दिखा सकता है।

राज्यपाल ने विद्यार्थियों से कहा कि आप **शेष पृष्ठ-4.....**

## पहलगाम आतंकी हमले पर खुशी जताने वाले मो. नौशाद बोकारो से गिरफ्तार



नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

बोकारो : जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले पर खुशी जाहिर करते हुए आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा और पाकिस्तान को सोशल मीडिया पर बधाई देने वाले मो. नौशाद को बोकारो पुलिस ने बुधवार को बोकारो के मखदुमपुर से गिरफ्तार किया.35 वर्षीय आरोपी मो. नौशाद ने बिहार के मदरसे में कुरान की तालीम लेकर डिग्री हासिल की है. वर्तमान में पिता के साथ बोकारो में रह रहा है,उसका एक भाई दुबई में है, जिसके नाम से आवंटित सिम कार्ड का इस्तेमाल कर नौशाद ने इंस्ट्राग्राम व एक्स (पहले ट्वीटर) और फेसबुक चलाता है. मंगलवार को आतंकी हमले में मारे गए लोगों के गम में पूरा देश डूबा हुआ था,वहीं नौशाद रात को पाक आतंकियों को बधाई दे रहा था.नौशाद ने एक्स पर उर्दू में लिखा, 'शुक्रिया पाकिस्तान, शुक्रिया लश्कर-ए-तैयबा, अल्लाह तुम्हें हमेशा खुश रखें .आमीन, आमीन.हमें ज्यादा खुशी होगी अगर आरएसएस, भाजपा, बजरंग दल और मीडिया को निशाना बनाया जाए. इसके साथ उसने तीन स्माइली इमोजी के साथ अपनी खुशी भी जाहिर की. उसने इसके बाद भी कई ट्वीट किए जिनमें काफी आपत्तिजनक और भड़काऊं बातें लिखी हैं. नौशाद के ट्वीट के बाद लोग लगातार झारखंड पुलिस को टैग करके सख्त एक्शन लेने की मांग कर रहे थे.आरोपी इससे पहले भी काफी भड़काऊ बातें सोशल मीडिया पर लिखता रहा है. पहले भी लोग झारखंड पुलिस से उसकी शिकायत कर चुके थे. अब पुलवामा हमले पर एक बार फिर उसने जहरीलेपन की हदें पार कर दी.मामले की गंभीरता और संवेदनशीलता को देखते हुए एसपी मनोज स्वर्गियारी ने टेक्निकल सेल को शामिल कर इंस्पेक्टर नवीन कुमार सिंह के नेतृत्व में एसआईटी गठित की. एसआईटी ने रात भर के प्रयास के बाद बुधवार सुबह नौशाद को गिरफ्तार कर लिया. थाने में उससे पूछताछ चल रही है. उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है. इसके बाद उसे अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा.

## पहलगाम हमला : पाकिस्तान से रिश्ते लगभग समाप्त, सिंधु जल समझौता निलंबित



नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

नई दिल्ली, : जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का फैसला लिया है। सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीएस) ने सिंधु जल संधि को निलंबित करने, पाकिस्तान के नागरिकों के लिए सार्क वीजा जारी करने पर रोक लगाने और अटारी-वाघा सीमा को बंद करने का निर्णय लिया है। साथ ही पाकिस्तान के उच्चायोग को सीमित करने का भी निर्णय लिया है।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्णय लिया है। हमले में 25 भारतीयों और एक नेपाली नागरिक की मौत हुई थी। सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की आज शाम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बैठक हुई।

सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने हमले की कड़ी निंदा की और पीड़ितों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। विदेश सचिव ने कहा कि इस हमले के बाद, विश्वभर से कई सरकारों ने भारत के प्रति समर्थन और एकजुटता व्यक्त की है, जो आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की भावना दशार्ती है।

बैठक में इस आतंकी हमले के पाकिस्तानी संबंधों की जानकारी दी गई। विदेश मंत्रालय के सचिव विक्रम मिस्त्री ने पत्रकार वार्ता में सीसीएस के निर्णयों की जानकारी दी।

इसके अनुसार, सिंधु जल संधि को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाएगा, जब तक पाकिस्तान क्रॉस-बॉर्डर आतंकवाद का समर्थन छोड़ने की विश्वसनीय और स्थायी प्रतिबद्धता नहीं करता। अटारी चेक पोस्ट को तुरंत बंद किया जाएगा, जो लोग वैध अनुमोदनों के साथ पार कर चुके हैं, उन्हें 01 मई 2025 से पहले लौटने का अवसर दिया जाएगा। पाकिस्तानी नागरिकों को सार्क वीजा छूट योजना के तहत भारत आने की अनुमति नहीं होगी। पहले **शेष पृष्ठ-4.....**

## राजस्व संग्रहण में सुधार की कोशिश, वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सूचना भवन में आयोजित वाणिज्य -कर विभाग की प्रेस वार्ता में रखी बात

**वाणिज्य -कर विभाग द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने राज्य के राजस्व संग्रहण को मजबूत करने की दिशा में कई महत्वपूर्ण बातें रखीं।**

**प्रेस वार्ता की शुरूआत में पहलगाम की घटना पर एक मिनट का मौन रख कर मृतकों को दी गई श्रद्धांजलि**

**सभी विभागों को निदेश प्रत्येक 3 माह में करें राजस्व संग्रहण की समीक्षा , वित्त मंत्री करेंगे प्रत्येक 6 माह पर समीक्षा**

**वाणिज्य कर विभाग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में निर्धारित लक्ष्य 26 हजार करोड़ के विरुद्ध 22292.25 करोड़ का किया राजस्व संग्रहण**

**जो वार्षिक लक्ष्य का 85.74 प्रतिशत है**

**पेशा कर के तहत निर्धारित लक्ष्य 88 करोड़ के विरुद्ध 102.4 करोड़ रुपये का किया गया राजस्व संग्रहण**

**राधाकृष्ण किशोर ,मंत्री वित्त सह वाणिज्य कर विभाग ,झारखंड सरकार**



नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

रांची -वित्त सह वाणिज्य कर मंत्री श्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि राज्य में बेहतर शिक्षा और रोजगार के अवसरों के लिए कुशल प्रबंधन की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि लोकसभा और विधानसभा चुनावों के चलते राजस्व संग्रहण प्रभावित हुआ, फिर भी प्रयास संतोषजनक रहे हैं। मंत्री ने बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष में 1,06,999.57 करोड़ रुपये का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसमें से 92,189.10 करोड़ रुपये की वसूली हुई, जो कि 86.16% है। वहीं, गैर-कर प्राप्तियों सहित कुल 1,03,469.82 करोड़ रुपये यानी बजट एस्टीमेट का 80.27% प्राप्त हुए हैं। वह बुधवार को सूचना भवन सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे ।वित्त मंत्री के साथ वाणिज्य विभाग के सचिव अमिताभ कौशल और वाणिज्य कर आयुक्त अमित कुमार भी मौजूद थे।

वित्त मंत्री ने कहा कि ऋण्इट अधिनियम के तहत वर्ष 2025-26 में सभी विभागों को तीन महीने में एक बार राजस्व संग्रहण की समीक्षा करने का निर्देश दिया गया है, और वे स्वयं छह महीने में एक बार इसकी समीक्षा करेंगे। राज्य के सभी प्रमंडलों का दौरा कर अधिकारियों को निर्देश दिए जाएंगे, वहीं जो प्रमंडल पीछे होंगे, उन्हें विशेष निर्देश और सहायता दी जाएगी। ढछ अकाउंट में की राशि का विवरण सभी विभागों से मंगवाया गया है। ढछ अकाउंट में राशि जो 2010 से पार्क की गई है वह गलत है। इसपर हम पूरी संवेदनशीलता के साथ समीक्षा कर रहे हैं

श्री किशोर ने कहा कि मंईयां सम्मान योजना की राशि सरकार द्वारा सुनिश्चित की गई है। वहीं, राजस्व व्यय की जानकारी देते हुए बताया गया कि 1,31,234.42 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे, जिनमें से 1,18,279.69 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। वित्त मंत्री ने भरोसा दिलाया कि राज्य के आर्थिक ढांचे को और मजबूत बनाने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश होगी कि हमारी सरकार का वित्तीय प्रबंधन पारदर्शी हो । उन्होंने कहा कि सभी विभागों के सचिवों को निदेश दिया गया है कि अप्रैल के अंत तक या फिर 7 मई तक योजनाओं के विरुद्ध जिलों को राशि आवंटित कर दी जाए ताकि **शेष पृष्ठ-4.....**

Page 2_Page 3.qxd 4/23/2025 9:04 PM Page 1



# यूपीएससी सिविल सर्विस परीक्षा में डीपीएस बोकारो का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन, चार पूर्व छात्रों ने मारी बाजी

## ऑल इंडिया रैंक 174 लाकर करण सबसे आगे, आर्यन 262वें, सौरभ 391वें, तो यश रहे 452वें स्थान पर










नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

बोकारो : डीपीएस (दिल्ली पब्लिक स्कूल) बोकारो के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया है। संघ लोकसेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सर्विसेज परीक्षा - 2024 में पूरे जिले में इस विद्यालय ने अपना दबदबा कायम किया। विद्यालय के चार पूर्व छात्रों ने शानदार सफलता प्राप्त अपने स्कूल, परिवार, शहर और पूरे राज्य का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय के 2016 बैच के छात्र रहे करण कुमार अखिल भारतीय स्तर पर 174वीं रैंक हासिल कर जहां सबसे आगे रहे, वहीं, 2018 बैच का छात्र रहे आर्यन को 262वीं रैंक मिली। इसी प्रकार, 2014 बैच के सौरभ सुमन ने 391वीं रैंक पाई, तो 2016 के पास-आउट विद्यार्थी यश विशेन ने 452वीं रैंक हासिल की। इनमें से अधिकतर को आईपीएस (भारतीय पुलिस सेवा) मिलने के आसार हैं। देश की सर्वप्रतिष्ठित इस परीक्षा में चार-चार विद्यार्थियों की सफलता पर विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार ने सभी सफल पूर्व छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने बताया कि ये सभी काफी मेधावी व परिश्रमी विद्यार्थी रहे हैं तथा इनका प्रदर्शन सराहनीय रहा है।

**करण ने नाकामी को बनाई कामयाबी की सीढ़ी, तीसरे प्रयास में मिली सफलता**

वर्ष 2014 से 2016 तक डीपीएस बोकारो में प्लस टू की पढ़ाई करने वाले मेधावी विद्यार्थी करण कुमार ने यूपीएससी सीएसई में 174वीं रैंक पाकर अपने पूरे विद्यालय परिवार का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है। स्कूल में गंगा हाउस का विद्यार्थी रहे करण ने बताया कि बचपन से ही उनके माता-पिता का सपना था और उनकी खुद की भी तमन्ना थी कि सिविल सर्विसेज में ज्वाइन करें। इसके अलावा, समाज के लिए कुछ विशेष करने की इच्छा भी थी। जनकल्याण, जनसमस्याओं के समाधान और विकास में प्रत्यक्ष व सक्रिय रूप से वह योगदान दे सकें, इसके लिए यूपीएससी में जाने की ठानी। वर्तमान में बेंगलुरु में जेपी मॉर्गन कंपनी में जॉब कर रहे करण ने जसीडीह (देवघर) से मैट्रिक के बाद डीपीएस बोकारो से 93 प्रतिशत अंकों के साथ 12वीं पास की। इसके बाद आईआईटी बीएचयू से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग कर बेंगलुरु में जॉब शुरू कर दी। इस बीच उन्होंने यूपीएससी की तैयारी जारी रखी। जॉब करते हुए पहले प्रयास में सफलता नहीं मिली। दूसरे अटेप्ट में मेंस तो निकला, लेकिन इंटरव्यू में सफल नहीं हो सके। फिर भी वह निराश नहीं हुए, नाकामी को कामयाबी की सीढ़ी बनाई और तीसरी कोशिश में सफल रहे। करण ने कहा कि डीपीएस बोकारो से ही उन्होंने पढ़ाई का एक जुनून पाया। स्वस्थ प्रतिस्पर्द्धा और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के वातावरण में शिक्षकों का कुशल स्नेहयुक्त मार्गदर्शन उनके जीवन में काफी अहम रहा है। इसके लिए करण ने विद्यालय के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की है। उन्हें पढ़ाई और तकनीकी क्षेत्र के साथ-साथ फुटबॉल और क्रिकेट खेलने में काफी रुचि है। करण के पिता शंभू सिंह ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़े हैं, जबकि माता श्रीमती पिंकी सिंह गृहिणी हैं। इन सभी को करण ने अपनी सफलता का श्रेय दिया है।

**जेईई मेन में जिला टॉपर बने थे आर्यन, विद्यालय ने रखी कामयाबी की नींव**

आर्यन नर्सरी कक्षा से ही डीपीएस बोकारो का छात्र रहे। 10वीं की परीक्षा उन्होंने 10 सीजीपीए अंक के साथ पास की थी, तो वर्ष 2018 में 94.80 प्रतिशत अंकों के साथ 12वीं में सफलता पाई थी। विद्यालय में झेलम हाउस के इस विद्यार्थी ने अपने पहले ही प्रयास में 2018 में जेईई मेन में ऑल इंडिया रैंक 47 पाकर पूरे बोकारो जिले में टॉप किया था। फिर जेईई एडवांस्ड में अखिल भारतीय स्तर पर जिले में सर्वश्रेष्ठ 821वीं रैंक पाई थी। इसके बाद आईआईटी बॉम्बे में उन्हें दाखिला मिला और बीटेक की पढ़ाई पूरी करने के बाद वह सिविल सर्विस परीक्षा की तैयारी में भिड़ गए। हालांकि, तैयारी उनकी पहले से ही चल रही थी। अपने तीसरे प्रयास में उन्होंने यह कामयाबी हासिल की। एक खास बातचीत में आर्यन ने कहा कि डीपीएस बोकारो ने उनकी इस सफलता की नींव तैयार की। यहां स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का माहौल, शिक्षकों का मार्गदर्शन और विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में भागीदारी से उनके संपूर्ण व्यक्तित्व के विकास में काफी लाभ मिला। गत वर्ष बीएसएल से सेवानिवृत्त हुए पूर्व अभियंता महेन्द्र प्रसाद एवं गृहिणी श्रीमती काजल के होनहार पुत्र आर्यन की बड़ी बहन आयशना भी डीपीएस बोकारो की छात्रा थीं, जो आज आगरा में बतौर चिकित्सक (डॉक्टर) कार्यरत हैं। आर्यन ने विद्यालय परिवार के साथ-साथ अपने माता-पिता व बड़ी बहन को इस कामयाबी का श्रेय दिया है। एक सवाल के जवाब में आर्यन ने कहा कि समाज में परिवर्तन के लिए नेतृत्व आवश्यक है और इसी उद्देश्य से उन्होंने सिविल सर्विसेज की तैयारी की। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं अल्बर्ट आइंस्टीन से प्रेरित आर्यन को पढ़ाई के अलावा गिटार व तबला बजाने का काफी शौक है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि उन्हें आईपीएस अथवा आईआरएस मिलने की ज्यादा उम्मीद है।

**इधर, सौरभ ने माता-पिता को दी आईएएस बनने की सौगात**

यूपीएससी- सिविल सर्विस परीक्षा 2024 में सफल रहे डीपीएस बोकारो के 2014 बैच के एक और पूर्व छात्र सौरभ सुमन ने भी कुछ अनोखा कर दिखाया है। सौरभ ने परीक्षा में 391वीं रैंक हासिल कर अपने माता-पिता को उनकी एनिवर्सरी पर आईएएस बनने की सौगात भेंट की। मूल रूप से हाजीपुर (बिहार) निवासी अभियंता सुनील कुमार सुमन और शिक्षिका अनिता कुमारी के पुत्र सौरभ सुमन ने पांचवें प्रयास में सफलता हासिल की है। हाजीपुर में प्रारंभिक और मैट्रिक तक की पढ़ाई के बाद उन्होंने डीपीएस बोकारो से 95.60 प्रतिशत अंकों के साथ 12वीं की परीक्षा पास की थी। इसके बाद एनआईटी इलाहाबाद से आगे की पढ़ाई की। सौरभ आईएएस अधिकारी बनकर शुरू से ही देश की सेवा करने के लिए संकल्पित थे। तभी उन्होंने लगातार अपना प्रयास जारी रखा और अंततः सफलता हासिल की। रिजल्ट वाले दिन ही उनके माता-पिता की शादी की सालगिरह थी। उन्होंने डीपीएस बोकारो के शैक्षणिक वातावरण को अपने जीवन का आधार-स्तंभ बताया।

**बोले यश विशेन- मां ने जिंदगी संभाली, तो डीपीएस बोकारो ने निखारी प्रतिभा**

वर्ष 2016 में 94 प्रतिशत अंक के साथ डीपीएस बोकारो से 12वीं पास करने वाले यश बिसेन काफी प्रतिभाशाली छात्र थे। अपने चेनाब हाउस का कैप्टन रहे यश की दिली ख्वाहिश समाज और राष्ट्र के लिए कुछ नया करने की थी और इसी सोच के तहत उन्होंने सिविल सर्विसेज को चुना। 12वीं के बाद उन्होंने मुंबई में मर्चेन्ट नेवी ज्वाइन की थी, लेकिन इसमें उनका मन नहीं लगा। इसके बाद वह यूपीएससी की तैयारी में लग गए। पहली बार वर्ष 2022 में वह आईडीएएस (इंडियन डिफेन्स अकाउंट्स सर्विसेज) में सफल हुए। दूसरी बार 2023 में भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) से जुड़े और वर्तमान में बेंगलुरु के पास पालासमुद्रम में असिस्टेंट कमिश्नर पद पर उनकी ट्रेनिंग चल ही रही थी कि इस बीच उन्होंने तीसरी कामयाबी हासिल कर ली। अब उन्हें आईपीएस (भारतीय पुलिस सेवा) मिलने की पूरी अपेक्षा है। ऐसा होने पर वह अपने गृहक्षेत्र बिहार कैडर को प्राथमिकता देंगे। एक सवाल के जवाब में यश ने कहा कि 19 वर्ष पूर्व पिता स्व. गिरेन्द्र कुमार शाही के निधन के बाद उनकी मां श्रीमती उमा सिंह ने न केवल उन्हें संभाला, बल्कि उनके साथ-साथ उनकी बहन कीर्ति शाही का भी करियर और जीवन संवारा। पिता बिहार सरकार के कर्मी थे और मां वर्तमान में भागलपुर समाहरणालय में कार्यरत हैं। जबकि, बहन दिल्ली में प्राइवेट सेक्टर में काम कर रही हैं। यश ने कहा कि मां ने जहां पूरे परिवार को संभाला, वहीं डीपीएस बोकारो ने उनकी प्रतिभा को निखारने का काम किया। विद्यालय में छात्र-छात्राओं के समग्र विकास की दिशा में किए जा रहे प्रयासों से उन्हें भी काफी लाभ मिला। यश को संगीत में बेहद रुचि रही है। स्कूल में वह गिटार बजाया करते थे। गीत लिखकर उनके लिए यश खुद ही म्यूजिक भी कंपोज किया करते हैं। यश अपने जीवन का प्रेरणास्रोत अपने पिता को ही मानते हैं।

## संक्षिप्त खबर

### गिरिडीह में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था चरमरा गई है : निर्मल झुनझुनवाला

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

गिरिडीहः पिछले तीन दिनों से गिरिडीह में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था बिल्कुल चरमरा गई है और जेबीविएनएल के स्थानीय अधिकारी दामोदरवाली पर सारा दोष डाल रहे हैं।गिरिडीह डीसी से अनुरोध है कि मामले में संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई करें क्योंकि झुलसा देने वाली गर्मी में 10 मिनट के लिए पावर आना और 30 मिनट के लिए पावर कट रहना बहुत बड़ी परेशानी आम जनता के साथ-साथ सारे उद्योग और व्यवसायों के लिए है। शीघ्र सुधार होने की हम लोग आशा रखते हैं। सातों जिलों में हर एक आम और खास को सीधे बिजली आपूर्ति करने के लिए बाध्य किया जाए। तभी इन जिलों का और जिले वासियों का भविष्य सुधरेगा। मुख्यमंत्री संकल्पित होकर सुझाव को धरातल पर लाने का प्रयास करें। तभी ऐसी स्थिति से लोगों को रात मिल सकती है।

### राहुल गांधी ने धनंजय सिंह से दूरभाष पर बात की

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

गिरिडीह :कोडरमा के पूर्व सांसद तिलकधारी प्रसाद सिंह के निधन पर लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने उनके पुत्र सह कांग्रेस के जिला अध्यक्ष धनंजय सिंह से दूरभाष पर बात की और उनसे इस दुखद घटना की पूरी जानकारी ली और अपनी गहरी संवेदना प्रकट की। इसके पूर्व झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी के राजू ने भी अपनी गहरी संवेदना दूरभाष पर प्रकट की।

### राष्ट्रीय कायस्थवृन्द ने कैंडिल मार्च निकाल पहलगाम में मृतकों को दी श्रद्धांजलि



नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

गिरिडीहः कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमला के खिलाफ राष्ट्रीय कायस्थवृन्द द्वारा कैंडिल मार्च निकाला। यह कैंडिल मार्च पुराना जेल परिसर स्थित चित्रगुप्त मन्दिर परिसर से निकाला गया। जिसमें उपस्थित कायस्थवृन्द के लोगों ने हाथों में तख्तियां और कैंडिल लेकर मुख्य मार्गों से गुजर कर जेपी चौक पहुंचे और वहां कैंडिल जला सभी दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। साथ ही केंद्र की सरकार से उक्त आतंकी हमले के लिये पाकिस्तान के खिलाफ न्यायोचित कार्रवाई करने की मांग की। त्रिपुरारी प्रसाद बक्सी, संजीव रंजन सिन्हा, एमके वर्मा, संजीव सिन्हा सज्जन, राजेश कुमार, शिवेन्द्र कुमार सिन्हा, राजेश सहाय, कुमार राकेश, बिपिन कुमार सिन्हा, ज्योतिष कुमार सिन्हा, सावन दाराद, रमेश सिन्हा, स्वपन कुमार, विशाल गौरव, राजेश कुमार सिन्हा राजू, विकाश सिन्हा, आखोरी प्रशांत सिन्हा आदि शामिल थे।

### दिव्यांगों के लिए निःशुल्क ट्राई साइकिल के वितरण हेतु शिविर का आयोजन

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

गिरिडीहः उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा के लिखित निर्देश के आलोक में गिरिडीह सदर प्रखंड कार्यालय परिसर में दिव्यांगों के लिए निःशुल्क ट्राई साइकिल के वितरण हेतु 18 से 55 वर्ष के लाभुक के मूल्यांकन हेतु शिविर का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया।इस मौके पर बड़ी संख्या में दिव्यांगों ने सदर प्रखंड कार्यालय पहुंचकर आवेदन जमा किया।गौरतलब है कि जमा हुए सभी आवेदन को गिरिडीह जिलासमाज कल्याण कार्यालय में जमा कराना है और इसके उपरांत विधि संवत तरीके से अहर्ता पूरे करने वाले लाभुकों को इसका लाभ दिया जाएगा। इसी कड़ी में गिरिडीह में भी सदर प्रखंड कार्यालय में इस शिविर का आयोजन किया गया।इस मौके पर गिरिडीह के प्रखंड विकास पदाधिकारी गणेश रजक ने बताया कि उपायुक्त के निर्देश के आलोक में शिविर का आयोजन किया गया है तथा बड़ी संख्या में लोग यहां पर आ कर पूरे उत्साह के साथअपना आवेदन दे रहे हैं। इस अवसर पर 20 सूत्री गिरिडीह प्रखंड के उपाध्यक्ष ने सरकार और जिला प्रशासन की तारीफ करते हुए कहा कि यह बहुत ही सराहनीय कदम है तथा इससे बड़ी संख्या में जरूरतमंद दिव्यांगों को लाभ मिलेगा।इस मौके पर समाज कल्याण विभाग के कर्मियों के अलावा गिरिडीह सदर प्रखंड के कर्मी मौजूद थे।

## जम्मू कश्मीर में हुए आतंकी हमले के खिलाफ अभाविप ने किया विरोध प्रदर्शन

### आतंकियों का पुतला फूंक कर रोष प्रकट किया



नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

गिरिडीहः अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् गिरिडीह महाविद्यालय इकाई के द्वारा बुधवार को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में सैलानियों पर हुए आतंकी हमला के विरोध में महाविद्यालय परिसर में विरोध प्रदर्शन कर आतंकीयों का पुतला फूंक कर गहरा रोष प्रकट किया एवं मारे गए सैलानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान अभाविप गिरिडीह जिला संयोजक उज्जवल तिवारी ने कहा कि आतंकियों ने अनंतनाग जिले के पहलगाम में जिस प्रकार से खुलेआम नरसंहार किया है। वह निंदनीय है।उन्होंने कहा कि जिन वादियों में देशभर से सैलानी घूमने पहुंचे थे उसी वादी में दहशतगर्दों ने सैलानियों का पहले धर्म पूछा और फिर गोली मारकर हत्या कर दी। आतंकियों ने हैवानियत की सारी हदों को पार कर दिया। किसी पत्नी के आंखों के सामने आतंकियों ने पति को गोली मार दी, किसी की आंखों के सामने परिजन को मार दिया। दहशतगर्दों ने एक-दो नहीं, बल्कि 28 सैलानियों की गोली मारकर हत्या कर दी। इस मौके पर श्री तिवारी ने कहा कि अभाविप प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से मांग करती है कि पाकिस्तान पर फिर एक बार सर्जिकल स्ट्राइक कर आतंकवादियों और पाकिस्तान को औकात दिखाने का काम करे।

इस दौरान नगर अध्यक्ष प्रो. राजकुमार वर्मा, कॉलेज मंत्री नीरज चौधरी, अनीश रॉय, सदानंद राय, बिट्टू मोदी, करण मिश्रा, ऋषभ सिंह, उमेश किस्कू, मिष्टी कुमारी, काजल कुमारी, मौसम कुमारी, अंजली कुमारी सहित कई कार्यकर्ता और छात्र छात्राएं मौजूद थे।

## बीएसएल के डीआई ने किया हॉट स्ट्रिप मिल में नव-विकसित ग्रीन हेवन गार्डेन का उद्घाटन





नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

बोकारो : बीएसएल के हॉट स्ट्रिप मिल के रीहीटिंग फर्नेस एरिया के समीप सी.ई.डी तथा हॉट स्ट्रिप मिल विभाग के संयुक्त प्रयास के द्वारा नव-विकसित ग्रीन हेवन गार्डेन का उद्घाटन निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी के द्वारा किया गया। इस मौके पर अधिशासी निदेशक (संकार्य) सी आर महापात्रा, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (माइंस) विकास मनवटी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) सी आर मिश्रा, बीजीएच के प्रभारी डॉ बी बी करुणामय तथा विभिन्न विभागो के मुख्य महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्ष तथा वरीय अधिशासी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। बीएसएल के शीर्ष प्रबंधन के द्वारा उद्यान के उद्घाटन के साथ-साथ यहाँ स्मृति वृक्ष भी लगाया गया।

इस उद्यान में बैठने की ब्यवस्था के साथ पाथ-वे का भी निर्माण किया गया जो इस उद्यान के आकर्षण का केंद्र है। मुख्य महाप्रबंधक (सीईडी) शालीग्राम सिंह ने इस अवसर पर बताया कि प्लांट परिसर में और भी ऐसे उद्यानों का निर्माण तथा जीर्णोर्धार किया जा रहा है।

इस स्थल को विकसित कर एक गार्डेन का रूप देने में सीईडी के सहायक महा प्रबंधक विभाष चंद्रा और अन्य सहकर्मियों का अहम योगदान रहा।

## भाजपा नेता के घर सम्मानित हुए सांसद

### अंतरराष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में मुख्य अतिथि थे सांसद ढुल्लू महतो



नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

गिरिडीह :धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो को बुधवार यहां बरगंडा स्थित भाजपा नेता चुन्नू कांत के आवास पर सम्मानित किया गया।यहां गिरिडीह पहुंचने पर सांसद प्रदेश कार्य समिति के सदस्य और जिलाअधिवक्ता संघ के महासचिव चुन्नूकांत के आवास पर पहुंचे ।जहां कराटे संघ के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह संरक्षक विजय कुमार सिंह, संरक्षक चुन्नू कांत और सचिव उज्जवल कुमार ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर चुन्नू कांत ने पुष्प गुच्छ और शॉल देकर सांसद का सम्मान किया। मौके पर सांसद कार्यक्रम में न पहुंच पाने पर अपनी विवशता बताइ। कहा कि धनबाद में कुछ अति व्यस्त कार्यक्रम के वजह से वे यहां नहीं पहुंच पाए। इस मौके पर उन्होंने आयोजकों को बधाई दी और कहा कि मुझे इस बात की पूरी जानकारी है कि यह कार्यक्रम बहुत शानदार तरीके से हुआ।अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गिरिडीह और झारखंड का नाम कार्यक्रम के माध्यम से लहरा है। उल्लेखनीय के पिछले दिनों अंतरराष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप का आयोजन हुआ था।जिसमें भारत सहित नेपाल भूटान अन्य देश के सैकड़ो प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद के यहां पहुंचने पर उन्हें शील्ड पुष्प गुच्छ आदि देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अन्य लोग भी उपस्थित थे। अन्य लोगों के अलावे अधिवक्ता जयप्रकाश राय, शिवानी शर्मा, उज्जवल कुमार बंटी, शिवेंद्र सिंह गब्बू आदि काफी संख्या में अधिवक्ता लोग उपस्थित थे।

## जिला तैलिक साहू सभा के द्वारा भामाशाह जयंती समारोह मनाया गया



नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

गिरिडीहः गिरिडीह जिला तैलिक साहू सभा के द्वारा नगर भवन गिरिडीह में भामाशाह जयंती समारोह आयोजित की गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष बालगोविंद साहू और संचालन महासचिव धर्म प्रकाश ने किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि धनबाद सांसद ढुल्लू महतो के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत आतिथियो तथा पदाधिकारियों के द्वारा दानवीर भामाशाह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके बाद मुख्य अतिथि ढुल्लू महतो , प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष उमा चरण प्रसाद साहू, महासचिव धर्म प्रकाश, जिला अध्यक्ष बालगोविंद साहू, उपाध्यक्ष संजय कुमार साहू, हरगोरी साहू, श्याम सुन्दर साहा, के द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्जवलित कर किया गया। जिला अध्यक्ष बालगोविंद साहू ने आए तमाम अतिथियों तथा तमाम प्रखंड से आए तमाम लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि हमें समाज को मजबूत करना है तथा दानवीर भामाशाह के बताए मार्ग पर चलते हुए समाज के लिए काम करना है। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष उमा चरण प्रसाद साहू ने कहा कि दानवीर भामाशाह की तरह हमें भी समाज के उत्थान के लिए दान करना चाहिए। उपाध्यक्ष संजय कुमार साहू ने कहा कि हमारे अंदर भामाशाह का डीएनए है। मुख्य अतिथि ढुल्लू महतो ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दानवीर भामाशाह की जीवनी पर प्रकाश डाला।

उन्होने ने कहा कि जब जब देश पर संकट आता है तो साहू समाज के लोग अपना सर्वस्व न्योछावर कर देश बचाने का काम किया। जब महाराणा प्रताप मुगलों से लड़ रहे थे उस समय भामाशाह ने अपना सर्वस्व दानकर मेवाड़ को बचाने का काम किया। जब देश अंग्रेजो का गुलाम था उस समय भी हमारे समाज के राष्ट्र पिता महात्मा गांधी ने स्वतंत्रता आंदोलन को नेतृत्व प्रदान कर देश को आजाद करवाया। उन्होने समाज के लोगों को आह्वान किया कि सभी लोग एकजुट रहकर समाज को मजबूत करें। कार्यक्रम को उपाध्यक्ष संजय कुमार साहू, हरगोरी साहू, सत्य प्रकाश शाह, श्याम सुन्दर साहा, संरक्षक ब्रजनंदन साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष देवेन्द्र गुप्ता, सांगठनिक सचिव प्रवीण साहू, युवा अध्यक्ष मनोज साहू, राजनीति चेतना मंच के अध्यक्ष शिव नाथ साहू, महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्षा सुचिता देवी, ज़िला परिषद सदस्य सुनीता गुप्ता, सोनी साहा, खुशबू कुमारी, श्याम साहू, जमुआ प्रखंड अध्यक्ष अशोक साहू, हीरोडीह अध्यक्ष पवन साहू, धनवार प्रखंड गोविंद साहू, गौरी शंकर साहू, बिशेश्वर साहू, टहल साहू, बलदेव नायक, नंदलाल साव, अशोक साव, सुरेश साव आदि ने संबोधित किया। इसके बाद नगर भवन से बड़ा चौक काली बाड़ी टॉवर चौक होते हुए पुनः नगर भवन तक नगर भ्रमण किया गया। इस दौरान भामाशाह के जय कारे से शहर गूंजता रहा।

कार्यक्रम में टफकॉन टीएमटी के निदेशक सह नायक बाबा ट्रस्ट अध्यक्ष मोहन प्रसाद साव, सचिव राम लखन गुप्ता, अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डॉक्टर ज्ञान प्रकाश, अरुण कुमार साहू, संजय कुमार साव, कृष्णा साव, बासुदेव साहू, प्रमोद साहू, सुजीत साव को समाज में उनके योगदान के लिए बुके और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।नगर कमिटी के द्वारा सभी अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संयुक्त सचिव मनोज साव, कोषाधक्ष दीपक गुप्ता, सीताराम साहू, नगर सचिव मनीष गुप्ता, अभय साहा, जय किशन, श्याम सुन्दर गुप्ता, विकाश गुप्ता, विकास साव, विकाश रंजन, उज्वल साव, सुमित रंजन, सोनू साव आदि का काफी योगदान रहा। कार्यक्रम में नीरज साहा, विकी साव, बीरेंद्र साव, पिंकी देवी, रूबी देवी, प्रमिला देवी, सुस्मिता देवी, सहित विभिन्न प्रखंडों से आए हजारों महिला पुरुष ने भाग लिया।

Page 3_Page 3.qxd 4/23/2025 10:18 PM Page 1



## संक्षिप्त खबर

### कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती: शुभम

**जमुआटांड़ के शुभम कुमार महतो को सिविल सर्विस परीक्षा में मिला 606 वां रैंक**



**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**

बाघमारा : डूमरा जमुआटांड़ निवासी बीसीसीएलकर्मी हीरालाल महतो के पुत्र शुभम कुमार महतो ने सिविल सर्विस परीक्षा 2024 में 606 वां रैंक लाया है. बीसीसीएल बरोरा क्षेत्र के शताब्दी कोलियरी में अटेंडेंट क्लर्क पद पर कार्यरत हीरालाल महतो के पुत्र शुभम कुमार महतो (27 वर्ष) का यह दूसरी प्रयास था. पिछले वर्ष 2023 में 857 वां रैंक मिलो था. लेकिने वह इससे संतुष्ट नहीं हुए. अच्छे रैंक के लिऐ कोशिशे जारी रखा और दूसरी बार में अच्छे रैंक लाने में सफलता पायी. वह आइआइटी (बीटेक) में गोल्ड मेडलिस्ट भी है. उन्होंने चंद्रपुरा डी-नोबिली स्कूल से 10वीं (आइसीएसइ बोर्ड) पास की. 12 वीं डीपीएस बोकारो (सीबीएसई बोर्ड) से पास की. बीएचयू बनारस से बीटेक कर माइनिंग इंजीनियरिंग में गोल्ड मेडलिस्ट रहे. इसके बाद सिविल सर्विस की तैयारी करने दिल्ली चले गये. अपनी सफलता का श्रेय उन्होंने माता-पिता को दिया है. उनकी मां मंजू देवी अपने बेटे की कामयाबी पर खुश है. शुभम का कहना है कि कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती है. सफलता का कोई शार्टकट नहीं होता है, इसे पाने के लिए व्यक्ति को खूब मेहनत करनी होती हैं. कठिन मेहनत, अनुशासन व धैर्य बनाये रखने से सफलता अवश्य मिलती है. पेरेंट्स की बाते माननी चाहिए क्योंकि वो हमेशा बच्चों के लिए सोचते है.

### भूली में बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती मनी



**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**

धनबाद : बाबू वीर कुंवर सिंह विकास समिति की ओर से को - ऑपरेटिव मैदान, सी ब्लॉक भूली नगर ,धनबाद के प्रांगण में बिहार गौरव के सुमेरु भारतीय स्वतंत्रता के सतत प्रहरी इतिहास रत्न बाबू वीर कुंवर सिंह जयंती समारोह का आयोजन संस्था के सचिव दिनेश सिंह की ओर से की गई. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुशासन समिति के चेयरमैन, वरिष्ठ अधिवक्ता बृजेंद्र प्रसाद सिंह उपस्थित होकर जयंती समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि बाबू वीर कुंवर सिंह महान स्वतंत्रता सेनानी थे, 80 वर्ष की उम्र में भी उन्होंने 1857 के युद्ध में अंग्रेजों के सेना को घुटने टेकवा दिया था. जगदीशपुर ,आरा एवं भोजपुर क्षेत्र में अंग्रेजों की सेना को घुटने टेक कर भागना पड़ा था.झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मांग करते हैं कि 23 अप्रैल को स्वतंत्रता सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती पर सरकारी छुट्टी घोषित की जाए. जयंती समारोह को संबोधित करने वालों में मुख्य रूप से पूर्व महापौर शेखर अग्रवाल राजपूत विचार मंच के अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह , अनंत नाथ सिंह कार्यक्रम के आयोजन कर्ता दिनेश सिंह, दिनेश यादव, गंगा वाल्मीकि ,सरजू सिंह, मनोज सिंह, गुडु चौधरी , बालेश्वर कुशवाहा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे.

### 21 दिवसीय बेसिक कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ




**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**

बाघमारा : मुराईडीह हटिया ग्राउंड के पास दानवीर भामाशाह भवन में भामाशाह जयंती सह बाघमारा बाइट्स द्वारा 21 दिवसीय बेसिक कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया. मुख्य अतिथि धनबाद जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह, बाघमारा प्रखंड प्रमुख गीता देवी थे. शारदा सिंह ने इस पहल को सराहनीय बताया. बाघमारा बाइट्स कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षुओं को सैद्धांतिक व व्यवहारिक दोनों क्लास 21 दिनों तक चलेगा, जिसमें 20 युवा तथा युवतियों को कंप्यूटर का प्रशिक्षण दिया जायेगा. समापन में सभी प्रशिक्षणार्थी को सामान्य ज्ञान पुस्तक उपहार स्वरूप दिया गया. मौके पर मुराइडीह मुखिया अनिता देवी, डुमरा दक्षिण मुखिया आनंद महतो, शिक्षक मदन महतो, शिक्षक दीपक प्रसाद, महेन्द्र साव, जीव लाल साव, संपूर्ण जनजागृति आगेर्नाइजेशन से सिन्टु साव, प्रेम कुमार, तेली चहुंमुखी विकास मंच सक्रिय सदस्य लीला देवी, शिक्षा समाधान ट्रस्ट दामोदर साव आदि मौजूद थे. कार्यक्रम का संचालन सत्यजीत सोनू ने किया.

### झारखंड विश्वकर्मा बढई कल्याण समिति ने बीमार व्यक्ति को किया आर्थिक मदद

**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**

कतरास : बीमार चल रहे सलानपुर बस्ती के प्रकाश शर्मा को बुधवार को झारखंड विश्वकर्मा बढई कल्याण समिति के गुप्तेश्वर शर्मा अपनी पूरी टीम के साथ सलानपुर पहुंचकर बीमार चल रहे प्रकाश शर्मा को आर्थिक सहयोग किया. समाजसेवी विनय पासवान ने बीमार चल रहे प्रकाश शर्मा को आर्थिक सहयोग की अपील की थी. जिसके आलोक में झारखंड विश्वकर्मा बढई कल्याण समाज ने आथिर्क मदद की.मौके पर झारखंड विश्वकर्मा बढई समाज के पदाधिकारी गुप्तेश्वर शर्मा, लखन शर्मा, भुनेश्वर शर्मा, उमेश शर्मा, उमेश कुमार शर्मा आदि उपस्थित थे.

### वीर बाबू कुंवर सिंह की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

गिरिडीह :सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बरगंडा में बुधवार को वीर बाबू कुंवर सिंह की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य आनंद कमल, तथा समस्तआचार्य एवं बच्चों ने बाबू वीरकुंवर सिंह के छायाचित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस मौके पर विषय प्रवेश प्रदीप कुमार सिन्हा ने किया। जबकि मौके पर कशिश भारती, अर्चिता राजन,दिज्ञासा वर्मा एवं निश्चय भदानी ने बाबू कुंवर सिंह के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। इस दौरान प्रधानाचार्य आनंद कमल ने बताया कि प्रथम स्वाधीनता संग्राम के महान सेनानी बाबू कुंवर सिंह ने 80 वर्ष की अवस्था में अंग्रेजों से लोहा लिया था।वे महान स्वतंत्रता सेनानी के साथ-साथ महान योद्धा एवं गुरिल्ला युद्ध में निपुण थे। उन्होंने बहादुरी, दूरदर्शिता,अनुशासन, कूटनीतिक और रणनीतिक कौशल के साथ-साथ देशभक्ति के मूल्यों का उच्चतम स्तर समाज को दिखाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कुमार प्रशांत, दुलारचंद यादव, राजेंद्र लाल बरनवाल एवं आचार्य दीदी का सराहनीय योगदान रहा।

# पहलगाम आतंकी हमले की मुख्यमंत्री सहित कई नेताओं ने की निंदा

**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**

रांची। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद झारखंड में शोक की लहर है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित अन्य नेताओं ने हमले की कड़ी निंदा की है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुआ कायराना आतंकी हमला झकझोर देने वाला है। मरांग बुरु दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करे और शोकाकुल परिवारों को यह दुख सहने की शक्ति दें। घायल लोगों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने हमले पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने लिखा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए कायराना आतंकी हमले की सूचना से मन अत्यंत व्यथित है।



जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

उन्होंने आगे कहा कि निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाना एक अत्यंत निंदनीय कृत्य है और केंद्र सरकार आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। ऐसे हमलों को अंजाम देने वाले किसी भी आतंकी को बख्शा नहीं जायेगा। आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा कि यह हमला बेहद कायरतापूर्ण, निंदनीय और हृदयविदारक है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मासूम पर्यटकों को निशाना बनाकर की गई गोलीबारी ने हर किसी को झकझोर दिया है।

शोकाकुल परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है और मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि घायल लोग जल्द स्वस्थ हो।

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने भी आतंकी हमले को लेकर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने इस हमले को निहत्थे पर्यटकों और आम नागरिकों पर किया गया कायरतापूर्ण हमला करार दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुआ आतंकवादी हमला अत्यंत दुःखद है। यह निर्दोष पर्यटकों और नागरिकों पर कायरतापूर्ण हमला है। सभी प्रभावित परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। हम सभी पीड़ित परिवारों के साथ पूरी मजबूती से खड़े हैं।

कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने पहलगाम आतंकी हमले पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने लिखा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के दौरान 25 से अधिक पर्यटकों की मौत की खबर अत्यंत दुखद है। पर्यटकों पर अंधाधुंध फायरिंग आतंकवादियों की कायराना हरकत को दशार्ती है। मेरी प्रार्थनाएं दिवंगत आत्माओं और उनके परिजनों के साथ है।

## पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर हमले के विरोध में एलआईसी शाखा एक ने किया प्रदर्शन




**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**

धनबाद : बीमा कर्मचारी संघ हजारीबाग मंडल, शाखा एक, बरटांड़ में कश्मीर के प्रमुख पर्यटन स्थल पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर हुए वीभत्स आतंकवादी हमले के विरोध में हाथों में तख्तियां लिए कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया एवं कड़ी निंदा की. संगठन के महासचिव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि इस भयावह आतंकवादी हमले में 26 निर्दोष लोगों की जान चली गई, जिनमें भारतीय जीवन बीमा निगम के एक अधिकारी भी शामिल हैं. हम इस असहनीय समय में पीड़ित परिवारों के साथ अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं. यह कायरतापूर्ण हिंसक कृत्य शांति, मानवता और हमारे मूल्यों पर सीधा हमला है. हम केंद्र सरकार से आग्रह करते हैं कि इस अमानवीय कृत्य के दोषियों को शीघ्र और निर्णायक रूप से न्याय के कठघरे में लाया जाए. यह भयावह हमला इस दावे की सच्चाई को झुठलाता है कि कश्मीर में सब कुछ सामान्य है और वहां शांति बहाल हो चुकी है.

सरकार को चाहिए कि वह कश्मीर समस्या के स्थायी राजनीतिक समाधान पर केंद्रित ध्यान दे.हम शोक में एकजुट हैं और यह संकल्प लेते हैं कि ऐसे आतंकी कृत्य हमारे समुदायों को बांट नहीं सकते और न ही हमारे सामूहिक मनोबल को हिला सकते हैं.

## सिजुआ में प्रज्वला महिला मंडल ने जरूरतमंदों के बीच किया खाद्य सामग्री का वितरण




**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**

कतरास : स्टाफ रीक्रिएशन क्लब पुराना क्षेत्रीय कार्यालय के समीप बुधवार को दीक्षा महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती मिली दत्ता के निर्देश पर तीस जरूरतमद महिलाओं को छाता, खाद्य सामग्री, एक किलो सत्तू, एक किलो चना, एक किलो चूड़ा तथा फल का वितरण प्रज्वला महिला मंडल, सिजुआ क्षेत्र की अध्यक्ष श्रीमती शशि प्रसाद ने किया.

मौके पर प्रज्वला महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती शशि प्रसाद ने कहा कि इस तरह का सामाजिक कार्य हमारी महिला मंडल के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किया जाता है और आगे भी हम लोग इस प्रकार की सामाजिक कार्य करते रहेंगे.ऐसे सामाजिक कार्य का कार्यक्रम दीक्षा महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती मिली दत्ता के मार्गदर्शन में किया जाता है और आगे भी होगा.मौके पर सुलक्षणा सिंह, भाष्वती कुंडू, बानोश्री नंदा, रूबी जैन, बबीता दास, रेखा कुमार, माया सिंह, आदि उपस्थित थी.

## इलाज के दौरान लापरवाही से माइनिंग ड्रेसर मन्नू राय की मौत

**बेनीडीह भूमिगत खदान में कार्यरत था मृतक**

**नियोजन के लिए शव के साथ जीएम कार्यालय में धरना पर बैठे संयुक्त मोर्चा**

**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**

बाघमारा : बीसीसीएल बरोरा एरिया एक की एएमपी कोलियरी की बेनीडीह भूमिगत खदान में कार्यरत माइनिंग यूजी ड्रेसरे मन्नू राय (55) की मौत बुधवार को इलाज के दौरान कतरास के एक निजी अस्पताल में हो गयी. गत 20 मार्च को बरोरा क्षेत्र की डुमरा रीजनल अस्पताल में उसका पाईल्स का ऑपरेशन हुआ था. तब से उनकी तबियत खराब चल रही थी. चिकित्सक ने उसे बेहतर इलाज के लिए रेफर करने के बजाय उसे घर पर आराम करने की सलाह दी थी. मंगलवार को उनकी तबियत बिगड़ने पर उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया. जहां उनकी मौत हो गयी. वह डुमरा कुम्हार टोला का रहने वाला है. उनके एक पुत्र और एक पुत्री है.



मौत से उनके घर पर कोहराम मच गया.

डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप परिजनों ने रीजनल अस्पताल के डॉक्टरों पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है. कहना है कि ऑपरेशन के बाद भी वह कभी स्वास्थ्य नहीं रहे. बार- बार इलाज के दौरान आग्रह करने के बाद उसे रेफर नहीं किया गया.

शव के साथ धरना पर बैठे युनियन अस्पताल से शव लेकर परिजन जीएम कार्यालय पहुंचे .मृतक के आश्रिते पुत्रे को प्रोविजनल नियोजन की मांग को




लेकरे संयुक्त मोर्चा ने शव के साथ धरना पर बैठ गये. प्रबंधन के द्वारो प्रोविजनल नियोजन देने में असमर्थता जताने पर युनियन प्रतिनिधियों ने कोलियरी का चक्का जाम करने की चेतावनी दी. इसके बाद प्रबंधन हरकत में आयी.

वार्ता के बाद मिला नियोजन मुख्यालय प्रबंधन के हस्तक्षेप पर छह घंटे के बादे प्रबंधने ने युनियन प्रतिनिधियों के साथ वार्ता की. मृतक की पत्नी उषा देवी के आग्रह पर उनके एकलौता पुत्र रोहित कुमार राये को प्रोविजनल नियुक्ति पत्र दिया गया. इसके अलावो परिजनों द्वारा आवश्यक कागजात जमा करने के उपरान्ते अन्य राशि का भुगताने करने का आश्वासन दिया गया. इसके बाद परिजन शव को उठाकर दाह संस्कार के लिए घर ले गया. मौके परे एजीएम जीके मेहता, पीओ काजल सरकार, कार्मिक प्रबंधक संदीप शर्मा तथा युनियन प्रतिनिधियों में जेके झा, लगनदेवे यादव, बैजनाथ यादव, संतोष गोराई, मंगल हेम्ब्रम, नवल किशोर महतो, नंदू राम दुसाध, गणेश सिंह, रामस्वरूप मिश्रा, जगदीश रवानी, अमरेन्द्र कुमार, मुखिया जीवनलाल महतो, पंसस रंजीत हाडी आदि मौजूद थे.

## न्यू मधुबन कोलवाशरी में आजसू का आंदोलन जारी

**वार्ता में प्रबंधन ने दिया मौखिक आश्वासन, लिखित आश्वासन मिलने तक आजसू अड़ी**

**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**

बाघमारा: ब्लॉक दो क्षेत्र के न्यू मधुबन कोलवाशरी में पानी, बिजली एवं बेरोजगारों को रोजगार देने सहित छह सुत्री मांगों को लेकर आजसू का चक्का जाम आंदोलन बुधवार को दूसरे दिन भी जारी रहा. आंदोलन के कारण दो दिन से रैक लोडिंग व ट्रांसपोटिंग बाधित है. सासंद चंद्रप्रकाश चौधरी के हस्तक्षेप पर जीएम अनुप कुमार राय क्षेत्रीय कार्यालय में आजसू नेताओं के साथ वार्ता की. जिसमें प्रभावित खानुडीह पंचायत के गांवों में सीएसआर योजना के तहत पानी,



बिजली, स्वास्थ्य व शिक्षा की व्यवस्था को गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए यथाशीघ्र समुचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया. साथ ही बंसती चौक पर हाइट लाईटमोस्ट लगाने एवं प्रदूषण नियंत्रण करने के लिए कारगर कदम उठाने की बात कही. प्रबंधन द्वारा लिखित तौर पर आश्वासन नही देने पर आजसू ने धरना जारी रखने पर अड़े हुए हैं. मौके पर एजीएम कुमार रंजीव, पीओ राजेश कुमार, पीओ पी राजू, कार्मिक प्रबंधक अजय सिंह यादव, सासंद प्रतिनिधि अमरेन्द्र कुमार, सुभाष रवानी, पिंकू पांडेय, खानु महतो, शंकर महतो, राजेश महतो, संदीप पांडेय, अमृत माँझी, सोनू पांडेय, सीताराम माझी, अशोक महतो, खोगन दास, संतोष महतो, पिंटू महतो, मनोज महतो, डेगलाल महतो, तुलसी महतो, महेश झांझी, धनीराम महतो, चंदन कुमार महतो आदि मौजूद थे.

## कतरास दिगंबर जैन मंदिर पहुंचे संत आचार्य श्री ज्ञेय सागर एवं मुनि नियोग सागर

**दोनों जैन संतों ने कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की निंदा की**

**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**

कतरासः कतरास शहर स्थित दिगंबर जैन मंदिर में बुधवार को जैन संत आचार्य ज्ञेय सागर एवं मुनि नियोग सागर का भव्य स्वागत किया गया. दोनों मुनि मंदिर में भगवान महावीर का दर्शन कर शिखर जी प्रस्थान के दौरान श्यामडीह मोड़ पर आगमन हुआ.मंदिर प्रांगण में जैन मुनि द्वय ने कश्मीर के पहलगाम में हुए घटना का निंदा किया.इससे बड़ा दुखद और क्या हो सकता है. हर मानव को हिंसा का रास्ता छोड़ अहिंसा का रास्ता अख्तियार करना चाहिए.





एक ओर जहां मानव पशु,पक्षी व जीव व जंतू से प्रेम करता है. वहीं कुछ दुर्दांत अपराधियों ने समाज व देश में अशांति फैलाने का कुचक्र रच रखा है.इससे किसी को कोई लाभ नहीं मिलने वाला है.देश के प्रगति के लिए अहिंसा से बढ़ कर कोई दूसरा विकल्प नहीं है.हमें जीओ और जीने दो के मूलमंत्र को लेकर जीना चाहिए. दूसरों को सुख देने में जो आनंद है वह अन्य कार्यों में कहां है. मौके पर अनिल कुमार जैन, विपिन जैन, बीनू जैन, कमल जैन, प्रदीप सेठी, लक्की काला, कपूर पहाड़िया, प्रदीप पटौदी, सुशीला देवी जैन, रेणु जैन, प्रेमा सेठी, पुष्पा छावड़ा, कुसुम काला, रेणु पटौदी आदि उपस्थित थे.

# बिहार के चुनावी कार्यकताओं के लिए 2 दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम की हुई शुरूआत

**बिहार के राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी और पुलिस पदाधिकारियों के लिए विशेष एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू**

**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**

रांची : भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नई दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट में बूथ लेवल अधिकारियों के लिए 2 दिवसीय प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। चुनावी राज्य बिहार से प्रशिक्षित होने वाला यह बीएलओ का तीसरा बैच है। 2 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य के 229 बीएलओ, 12 ईआरओ और 2 डीईओ भाग ले रहे हैं। बिहार के राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी और पुलिस पदाधिकारियों के लिए एक विशेष एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम को भी शुरू किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने चुनाव आयुक्त डॉ. विवेक जोशी की उपस्थिति में नई दिल्ली में किया और उसके बाद प्रतिभागियों के साथ बातचीत की।प्रशिक्षण की योजना बीएलओ को वैधानिक ढांचे के अनुसार उनकी भूमिकाओं और




जिम्मेदारियों से परिचित कराने और उन्हें त्रुटिरहित मतदाता सूची सुनिश्चित करने के लिए तैयार करने की है। उन्हें उनकी भूमिकाओं का समर्थन करने के लिए डिजाइन किए गए आईटी अनुप्रयोगों में भी प्रशिक्षित किया जाएगा।यह भौतिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के पहले चरण में नवीनतम है। जिसमें बिहार, पश्चिम बंगाल और असम के चुनावी राज्यों से 555 बीएलओ और बिहार से 10 मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दलों के 279 बूथ लेवल एजेंट पहले ही प्रशिक्षित हो चुके हैं। ये अच्छी तरह से प्रशिक्षित बीएलओ देश भर में बीएलओ के पूरे नेटवर्क को मजबूत करने के लिए विधानसभा स्तर के मास्टर ट्रेनर्स का एक दल बनाएंगे।बिहार के एसपीएनओ और पुलिस पदाधिकारियों के प्रशिक्षण का उद्देश्य चुनाव अधिकारियों और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है। ताकि चुनाव प्रबंधन को बेहतर बनाया जा सके। खासकर कानून और व्यवस्था, भेद्यता आकलन, अर्धसैनिक बलों की तैनाती और आदर्श आचार संहिता के प्रवर्तन के क्षेत्रों में।आज तक ऑस्ट्रेलिया, यूनाइटेड किंगडम, यूएसए, ब्राजील, मिस्र, फ्रांस, इंडोनेशिया, इजरायल, रूस और दक्षिण अफ्रीका जैसे बड़े लोकतंत्रों सहित 141 देशों के 3000 से अधिक प्रतिभागियों ने भारत की विश्व स्तर पर प्रशंसित चुनाव प्रबंधन प्रथाओं से प्रशिक्षण कार्यक्रमों का लाभ उठाया है।

## हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करें : बजरंग दल




नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

गिरिडीह :कश्मीर के पहलगाम में हुए हिंदुओं के नरसंहार और भारत के अन्य हिस्से में हो रहे हिंदुओं पर हिंसा और अत्याचार को लेकर अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल ने पूरे भारत देश के सभी जिलों में प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन देकर जिहादियों और आतंकवादियों के विरोध में कड़ी करवाई करने को कहा गया। राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष गौरव कुमार अंशु ने बताया कि जिस प्रकार पहलगाम में हिंदुओं का धर्म पूछ के उन्हें गोली मारा गया इससे साफ पता चलता है कि हिंदुओं के खिलाफ ये नरसंहार किया गया है। कभी मुर्शिदाबाद ,कभी कश्मीर कभी हिंदू त्योहार के जुलूस पर हमला इससे साफ पता चलता है कि हिंदुओं को टारगेट किया जा रहा है। देश के प्रधानमंत्री से राष्ट्रीय बजरंग दल ज्ञापन के माध्यम से ये आग्रह कर रही है कि हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करें। अन्यथा अंतराष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल सड़क पर उतरेगी और जरूरत पड़ने पर सभी जिहादियों जो सनातन पर आघात करने की कोशिश करेंगे उनसे भी लोहा लेने के लिए तैयार हैं। मौके पर अंतराष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष रितेश पांडेय, राष्ट्रीय बजरंग दल के महामंत्री पंकज पांडेय, जिला मीडिया प्रभारी राहुल गुप्ता, जिला मंत्री कुंदन केशरी, जिला कार्यसमिति सदस्य शुभम झा, हिंदू हेल्पलाइन के जिला मंत्री बसंत सिंह आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### अभाविप बोधगया नगर ईकाई ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में किया प्रदर्शन व पुतला फूंका



नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

गया : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बोधगया नगर ईकाई इस घटना की घोर निंदा करती है और भारत सरकार एवं राज्य सरकार से इसके विरोध में कड़ी कार्रवाई हेतु आग्रह किया।

जिला संयोजक अमन शेखर ने कहा कि पिछले ढाई दशक में यह कश्मीर में पर्यटकों या श्रद्धालुओं पर अब तक का सबसे बड़ा आतंकी हमला है। उन्होंने कड़े शब्दों में आतंकी हमले की निंदा किया। उन्होंने कहा कि इस आक्रोश मार्च से बता देना चाहता हूं कि अभी भी हिन्दू नहीं सुधरे तो आगे भी हिंदुओं का यही हाल होगा जो आज कश्मीर के पहलगाम में हुआ।नगर मंत्री अमित कुमार सिन्हा ने कहा कि कश्मीर में सुरक्षा एवं विश्वास के वातावरण की बहाली से हताश पाकिस्तान समर्थित आतंकियों ने मंगलवार दोपहर प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पहलगाम के बैसरन की वादियों में सुकून के पल बिताने आए पर्यटकों से घूम-घमकर पहचान पूछी और गैर मुस्लिम होने पर बेहद करीब से गोलियां मारीं। इसमें 28 लोगों की मौत हो गई और दो दर्जन से ज्यादा घायल हो गए। वहीं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हर्ष कुमार ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुआ आतंकी हमला बेहद निंदनीय और दुखद है। बेगुनाह लोगों पर हमला करना कायरता की निशानी है। इस अमानवीय कृत्य की हम कड़े शब्दों में निंदा करते हैं और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हैं।

मौके पर प्रांत सोशल मीडिया सह संयोजक सुमित मौर्य, सौरभ स्वराज,पिंटू कुमार, अमरनाथ कुमार, शुभम कुमार, विशाल कुमार, बिपिन कुमार, प्रिंस कुमार, दीपू कुमार,ओमप्रकाश, दिवाकर आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में कटिहार में कैंडल मार्च



कटिहार,(एजेंसी) : पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में बुधवार शाम शहरी क्षेत्र में कैंडल मार्च आयोजित किया गया। इस मार्च में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया और आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता दिखाई। लोगों ने सरकार से मांग की कि आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए और पाकिस्तान को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया जाए।

मार्च में शामिल लोगों ने शहीद हुए पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। बजरंगदल के पूर्व विभाग संयोजक पवन पोद्दार ने कहा कि सरकार को आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में और भी प्रभावी कदम उठाने की जरूरत है और आतंकवादियों को संरक्षण देने वाले देशों को जवाबदेह ठहराना चाहिए।

इस अवसर पर गोल्डन चौबे, अभिषेक ठाकुर, जतिन कुमार, हिमांशु राज, सर्वेश्वर कुमार, अमित कुमार, संतोष पोद्दार, डोमस यादव, कमलेश यादव, निरंजन कुमार, गुलशन कुमार, नीतीश कुमार, आलोक कुमार, समीर पांडेय, रिक्की कुमार, अभिषेक ठाकुर, अमन कुमार, रोहित कुमार, कृष्णा अर्जुन, कृष्णा राज, पुरषोत्तम कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे। लोगों ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एकजुटता और सख्ती की जरूरत पर बल दिया।

### पीएम आवास योजना में रिश्वतखोरी का मामला उजागर

नालंदा,बिहारशरीफ (एजेंसी) : नालंदा जिलान्तर्गत हिलसा अनुमंडल के हसनी पंचायत के गदनपुरा और खरजमा गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना पीएमएबाई के अंतर्गत लाभुकों से अवैध राशि वसूलने के आरोपों की जांच हिलसा अनुमंडल पदाधिकारी प्रवीण कुमार ने बुधवार को की। जांच का केंद्र रही आवास सहायक कल्पना कुमारी जिन पर खरजमा गांव की लाभुक प्रभा देवी ने रिश्वत लेने के गंभीर आरोप लगाए हैं।

प्रभा देवी का आरोप है कि आवास सहायक कल्पना कुमारी और सोनू कुमार उनके घर आए और शुरूआत में 2 हजार रुपये नकद लिए साथ ही किसी से कुछ न बताने की हिदायत दी। जब पहली किस्त आई तो दोनों ने उन्हें चंडी बाजार के एक साइबर कैफे ले जाकर 10 हजार रुपये निकलवाए, जिसकी जानकारी उन्हें बाद में बैंक जाकर लगी।इसके बाद, दूसरी किस्त के लिए 5 हजार रुपये ऑनलाइन मंगवाए गए, जिसे उनके बेटे ने आवास सहायक के मोबाइल नंबर पर भेजा। अब तीसरी किस्त के लिए 10 हजार रुपये की मांग की जा रही है।एसडीओ प्रवीण कुमार ने बताया कि प्रभा देवी की शिकायत पर मामले की जांच की गई है। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि एक लाभुक को पहले से पक्का मकान होने के बावजूद पीएम आवास योजना का लाभ दिया गया, जो स्पष्ट रूप से नियमों का उल्लंघन है।प्रवीण कुमार ने कहा कि मामले में जांच रिपोर्ट तैयार की जा रही है और दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### पदयात्रा पर निकले पूर्व आईपीएस व हिन्द देना चीफ शिवदीप लांडे, सीमांचल से किया आगाज

फारबिसगंज/अररिया, (एजेंसी) : बिहार की प्रशासनिक व्यवस्था में सुपर कॉप के के रूप में चर्चित पूर्व आईपीएस शिवदीप लांडे ने अपने राजनीतिक आगाज धमाकेदार तरीके से किया है। सीमांचल से अपने विशेष लगाव के कारण हिन्द सेना चीफ ने मंगलवार (22 अप्रैल) को अररिया जिले में पदयात्रा की शुरूआत की थी.इस दौरे का उद्देश्य स्थानीय लोगो से सीधा संवाद,उनकी समस्याओं को जानना और जमीनी हकीकत से रूबरू होना है। आगामी 28 अप्रैल तक चलने वाले इस कार्यक्रम के दौरान 23 अप्रैल को शिवदीप लांडे फारबिसगंज में थें। इस दौरान वह स्थानीय लोगों से मिलते नजर आए,लांडे के साथ भारी संख्या में उनके समर्थक भी मौजूद थे। अपने चहेते कॉर्प को सड़क पर देख खास कर युवाओ में एक विशेष उत्साह देखा जा रहा है।मौके पर अपने संबोधन में शिवदीप लांडे ने कहा कि मेरा जन्म भले ही बिहार में नहीं हुआ हो लेकिन बिहार हमेशा मेरे लिए कर्मभूमि रही है। बिहार में काफी संभावनाएं हैं लेकिन ये आज भी पिछड़ा राज्य है। बेरोजगारी व पलायन यहां की एक गंभीर समस्या है। बिहार की सेवा और विकास के लिए मैं सड़क पर हूँ और हर जाति वर्ग के लोगो का अपार स्नेह मिल रहा है जिसे पा कर अभिभूत हूँ। लोगो को हिन्द सेना से काफी उम्मीदें जग रही हैं भारी तादाद में उन्हें लोगों के संदेश भी मिल रहे हैं और वे उनकी पार्टी से जुड़ना चाह रहे हैं।

# आतंकियों ने कायरतापूर्ण काम किया है, चुन- चुनकर मारेंगे:मांझी

## पहलगाम की आतंकी घटना पर केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने दी प्रतिक्रिया



नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

गया : केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने पहलगाम आतंकी हमले की घटना को कायरता पूर्ण कुकृत्य बताते हुए कड़े शब्दों में इसकी भर्त्सना की है। केंद्रीय मंत्री श्री मांझी ने कहा है कि धरती के स्वर्ग कहे जाने वाले कश्मीर की सरजमीं पर आतंकियों ने जिस क्रूरता के साथ पर्यटकों को निशाना बनाया उसे सभ्य समाज कभी भी स्वीकार नहीं कर सकता।आतंकियों को चुन-चुनकर मारेंगे।केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना जताते हुए कहा है कि अब आतंकियों को सबक सिखाने का वक्त आ गया है। हम हमलावरों को बता देना चाहते हैं कि भारत अब वह भारत नहीं जहाँ एक गाल पर थप्पड़ मारने पर दूसरा गाल बढ़ा दिया जाता था। ये नया भारत है चुन-चुन कर आतंकियों को मारेंगें। हम इस घटना को अंजाम देने वाले और इसकी साजिश रचने वालों को ऐसी मौत मारेंगें कि उनकी आने वाली पीढ़ियाँ दहशतगर्द शब्द भूल जायेगीं।

केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि इस कठिन वक्त में हम सब भारतीय एकजुट हैं और हमें भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व पर पूरा भरोसा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी अपनी जिस कार्यशैली के लिए जाने जाते हैं उसी के अनुरूप जल्द ही आतंकियों को उनके अंजाम तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएंगे।

## विजयोत्सव पर याद किए गए स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह

पूर्वी चंपारण,(एजेंसी) :भारत विकास परिषद् शाखा रक्सौल के द्वारा शहर के कौड़िहार चौक स्थित परिषद कार्यालय में बुधवार को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह के 167वें विजयोत्सव पर याद किया गया।

कार्यक्रम के आरंभ में पहलगाम में हुए बर्बर आतंकी हमले में प्राण गंवाने वाले निहत्थे एवं निर्दोष पर्यटकों की दिवंगत आत्मा के प्रति परिषद के सभी सदस्यों द्वारा दो मिनट का मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता रक्सौल शाखा के संरक्षक अवधेश सिंह ने की । इस दौरान कार्यक्रम के आरंभ में दीप प्रज्वलन के साथ वन्दे मातरम गायन एवं वीर कुंवर सिंह के तैल चित्र पर पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की गयी।इस मौके पर अवधेश सिंह ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते कहा हुए कि सन 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महानायक, भोजपुरिया माटी के महान सपूत अपराजेय योद्धा एवं 80 वर्ष की आयु में अंग्रेजी साम्राज्य का नींव हिलाने वाले बिहार की शान अमर स्वतंत्रता सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह जी को विजयोत्सव पर शुभकामनाएं एवं उन्हें सादर शत-शत नमन है।उन्होंने इस बात को रेखांकित करते हुए यह भी कहा कि आज के दौर में उनका ओजपूर्ण जीवन चरित्र और अधिक प्रासंगिक है। उन्होंने यह भी कहा कि देश के युवाओं को उनकी वीरतापूर्ण जीवनी के बारे में पढ़ना चाहिए । देश के प्रति उनका शौर्य ,समर्पण, बलिदानी भावना एवं साहसिक कृत्य आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। अंत में कार्यक्रम का समापन राष्ट्र गान से हुआ। इस मौके पर परिषद के अवधेश सिंह, योगेन्द्र प्रसाद,सचिव डॉ राजेन्द्र प्रसाद सिंह, मीडिया प्रभारी रजनीश प्रियदर्शी, सुनील कुमार, अजय कुमार, सुरेश धानोठिया,विनोद रौनियार, बिमल सर्राफ,राम एकबाल प्रसाद, देवेन्द्र सिंह एवं सौरभ कुमार समेत कई सदस्य उपस्थित रहे।

## फतेहपुर के बदऊंआ से दो दिन से लापता सत्यम का नहीं चला सुराग, परिजन बेहाल

### पिता ने फतेहपुर थाना में दर्ज कराया बेटे की गुमशुदगी का मामला

**सत्यम के नहीं मिलने से दादी, पिता व अन्य परिजनों का रोकर हो गया है बुरा हाल**



नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

फतेहपुर (गया) :फतेहपुर थाना क्षेत्र के बदऊंआ स्थित घर से लापता इंटर के छात्र सत्यम (18) का दो दिन बाद भी कोई अता-पता नहीं चल सका है। सत्यम के पिता ने थाना में लिखित आवेदन देकर बेटे की गुमशुदगी का मामला दर्ज कराई है। फतेहपुर थाना क्षेत्र के मखदुमपुर गांव निवासी राजेश कुमार ने बताया कि वह परिवार के साथ बदऊंआ स्थित मकान में रहता है। उसका बेटा सत्यम मंगलवार को सुबह छह बजे बदउआं स्थित डिवाइन एकाडमी स्कूल सह आवास से लापता है। वह सुबह में उठकर मां से बोलकर बगीचा में पेड़ एवं पौधा को पानी पटाने की बात कहकर निकला था, उसके बाद वह वापस घर नहीं लौटा। उसके काफी देर बाद घर वापस नहीं लौटने पर खोज बिन करने लगे। लेकिन उसका कहीं कोई अता-पता नहीं चल सका है।

इधर, सत्यम के पिता राजेश ने बेटे के दो दिन से लापता होने व खोजबीन के बाद उसका कहीं अता-पता नहीं चलने के बाद फतेहपुर थाना में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया है। उसने पुलिस प्रशासन से बेटे को पता लगाने में मदद की गुहार लगाई है। इधर, सत्यम के साथ कोई अनहोनी की आशंका को लेकर उसकी दादी व पिता का रोकर बुरा हाल बना हुआ है।

## पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों को दी गई श्रद्धांजलि, दो मिनट का रखा गया मौन



नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

फतेहपुर (गया): फतेहपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित झंडाचौक पर बुधवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। युवाओं ने झंडाचौक गोलंबर पर कैंडल जलाकर जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी। साथ हो दो मिनट का मौन रख उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। मौके पर लोगों ने कहा कि इस हृदयविदारक घटना ने सम्पूर्ण देश को झकझोर दिया है। साथ ही कहा कि निदोर्षों को निशाना बनाना कायरता की पराकाष्ठा है। यह अमानवीय कृत्य घोर निंदनीय है। ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें। शोक संतप्त परिजनों को असीम पीड़ा सहन करने की शक्ति दें।

श्रद्धाजंलि सभा में गुड्डु पांडेय, चंदन कुमार, ओम मिश्रा, गुंजन सिंह, तुलसी कुमार, निशांत सिंह, अंकु कुमार, धीरू कुमार, संजय मांझी, सूरज कुमार, राजेश कुमार, राजा कुमार, जितेंद्र कुमार, अखलेश कुमार, रवि प्रकाश सिंहा, गुड्डु सिंह आदि मौजूद रहे।

# राजग नेताओं ने कहा- सादगी पूर्ण तरीके से आयोजित होगी पीएम मोदी की जनसभा



पटना, (एजेंसी) : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24 अप्रैल को बिहार दौरे पर आएंगे, जहां वे मधुबनी में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर आयोजित भव्य समारोह में शामिल होंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिहार को 13,480 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की कई सौगातें भी देंगे। पीएम के दौरे को लेकर झंझारपुर स्थित एक होटल में जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जयसवाल, केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने बुधवार को एक संयुक्त पत्रकार वार्ता में कहा कि कल का कार्यक्रम निश्चित समय पर आयोजित किया जाएगा। प्रधानमंत्री कल के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंचेंगे और यह कार्यक्रम बहुत ही सादगी पूर्ण तरीके से आयोजित किया जायेगा।

इस मौके पर केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान किसी भी तरह का कोई स्वागत या अन्य कोई कार्यक्रम नहीं किया जाएगा। इस दौरान जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने कहा कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर हमलोग लगातार क्षेत्र भ्रमण कर रहे हैं। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर क्षेत्र के जनता में बहुत ही अधिक उत्साह है। इस बीच कल की जो घटना है उसने पूरे देश को झकझोर दिया है। नेताओं ने कहा कि कल प्रधानमन्त्री साढ़े 11 बजे झंझारपुर पहुंचेंगे और बहुत ही सादगीपूर्ण तरीके से कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

बिहार सरकार के मुताबिक प्रधानमंत्री क्षेत्र में बिजली के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देते हुए 1,170 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और पुनर्गठित वितरण क्षेत्र योजना के तहत बिहार में बिजली क्षेत्र में 5,030 करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं का उद्घाटन भी करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री न सिर्फ विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पित करेंगे बल्कि सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली पंचायतों को मान्यता प्रदान करते हुए राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार भी प्रदान करेंगे। प्रधानमंत्री बिहार के गोपालगंज जिले के हथुआ में लगभग 340 करोड़ रुपये की लागत से रेल अनलोडिंग सुविधा वाले एलपीजी बॉटलिंग प्लांट की आधारशिला रखेंगे। इससे आपूर्ति श्रृंखला को सुव्यवस्थित करने और थोक एलपीजी परिवहन की दक्षता में सुधार करने में मदद मिलेगी।

अमृत भारत और ह्नमो भारत रैपिड रेल को दिखाएंगे हरी झंडी

देश भर में रेल संपर्क को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप प्रधानमंत्री सहरसा और मुंबई के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस, जयनगर और पटना के बीच नमो भारत रैपिड रेल और पिपरा और सहरसा तथा सहरसा और समस्तीपुर के बीच ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। वह सुपौल-पिपरा रेल लाइन, हसनपुर-बिथान रेल लाइन और छपरा और बगहा में दो 2-लेन रेल ओवर ब्रिज का भी उद्घाटन करेंगे।

## पृष्ठ एक का शेष...

### पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर...

सिंह ने कहा कि यहां मैं भारत के दृढ़ संकल्प को दोहराना चाहूंगा। आतंकवाद के खिलाफ हमारी जीरो टॉलरेंस पॉलिसी है। भारत का एक-एक नागरिक इस कायरतापूर्ण हरकत के खिलाफ एकजुट है। मैं देशवासियों को आश्वस्त करता हूं कि घटना के मद्देनजर भारत सरकार हर वो कदम उठाएगी जो जरूरी और उपयुक्त होगा। हम सिर्फ उन लोगों तक नहीं पहुंचेंगे जिन्होंने इस घटना को अंजाम दिया है। हम उन तक भी पहुंचेंगे जिन्होंने पर्दे के पीछे बैठ कर भारत की सरजमीं पर ऐसी नापाक हरकतों की साजिशें रची हैं।

### पर्यावरण रक्षक बनें राज्य के छात्र-छात्रा....

सभी हमारे भविष्य के निमार्ता हैं। आपके छोटे-छोटे प्रयासों जिसमें प्लास्टिक का कम उपयोग, जल और ऊर्जा की बचत, पौधरोपण और पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना बेहद महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि छात्रों को पर्यावरण रक्षक की संज्ञा दी और कहा कि उनका आचरण पूरे समाज को प्रेरणा दे सकता है।

### पहलगाम हमले के बाद बारामूला में घुसपैठ कर....

भाषा को एक उच्च पदस्थ अधिकारी ने बताया कि मृतकों में दो विदेशी (संयुक्त अरब अमीरात और नेपाल से) और दो स्थानीय निवासी शामिल हैं।अधिकारियों ने बताया कि मारे लोगों में से 22 की पहचान हो गई है तथा अन्य चार की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि मृतकों की संख्या का अभी पता लगाया जा रहा है। उन्होंने इस आतंकी हमले को हाल के वर्षों में आम लोगों पर सबसे बड़ा हमला बताया।

### बैसरन घाटी में 20 मिनट तक रहे आतंकी, 28 हुई मरने.....

रामचंद्रन केरल, दिनेश अग्रवाल चंडीगढ़, जे सचिंद्र मोली, आंध्रप्रदेश, मधुसूदन सोमस्टी, संतोष जहदा, भारत भूषण, कर्नाटक और सुमित परमार, यतेश परमार गुजरात के टूरिस्ट थे जिनकी इस आतंकी हमें में मौत हुई है।

### पहलगाम हमला : पाकिस्तान से रिश्ते लगभग समाप्त.....

जारी किए गए वीजा रद्द कर दिए गए हैं और वर्तमान में भारत में मौजूद पाकिस्तानी नागरिकों को 48 घंटे के भीतर देश छोड़ना होगा। पाकिस्तानी उच्चायोग में रक्षा, नौसेना और वायु सलाहकारों को ₹पसोर्ना नॉन ग्राटा₹ घोषित किया गया है। इन्हें एक सप्ताह के भीतर भारत छोड़ने का आदेश दिया गया है। भारत भी इस्लामाबाद में अपने रक्षा/नौसेना/वायु सलाहकारों को वापस बुलाएगा। इसके अलावा, उच्चायोगों की कुल संख्या को वर्तमान 55 से घटाकर 30 किया जाएगा, जो 01 मई 2025 तक प्रभावी होगा।

सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की और सभी बलों को उच्च सतर्कता बनाए रखने का निर्देश दिया। यह सुनिश्चित किया गया कि हमले के अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा और उनके प्रायोजकों को भी जवाबदेह ठहराया जाएगा। भारत आतंकवादियों के खिलाफ अपनी कार्रवाई को जारी रखेगा।

### राजस्व संग्रहण में सुधार की कोशिश, वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सूचना भवन में....

विकास का काम बाधित ना हो ।

वित्त सह वाणिज्य कर मंत्री श्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि झारखंड सरकार के वाणिज्य कर विभाग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में निर्धारित लक्ष्य 26 हजार करोड़ रुपये के विरुद्ध 22292.25 करोड़ रुपये का राजस्व संग्रहण प्राप्त कर लिए है जो वार्षिक लक्ष्य का 85.74 फीसदी राजस्व संग्रहण है। जबकि वित्तीय वर्ष 2019-20 में 14286.27 करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्ति हुई थी । इस प्रकार विगत पांच वर्षों में प्राप्त राजस्व संग्रह में कुल 56.04 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है । वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल राजस्व संग्रह 26,500 करोड़ रुपया का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उक्त जानकारी श्री किशोर ने बुधवार को सूचना भवन सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में कहीं।

राज्य सरकार ने 15375 करोड़ के विरुद्ध 14210.10 करोड़ रुपये का किया राजस्व संग्रहण

मंत्री श्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में के लिए राजस्व संग्रहण के निर्धारित लक्ष्य 15375 करोड़ के विरुद्ध 14210.10 करोड़ रुपये का राजस्व संग्रहण प्राप्त किया है जो वार्षिक लक्ष्य का 92.42 प्रतिशत है । जबकि 2019-20 में रञ्ञ्ळ से 9949.51 करोड़ का राजस्व संग्रहण किया गया था इस प्रकार देखा जाए तो विगत पांच वर्षों में रञ्ञ्ळ से प्राप्त राजस्व में कुल 42.82 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। श्री किशोर ने कहा कि वर्तमान में माल एवं सेवा कर अधिनियम के अधीन निबंधित कर-दाताओं की कुल संख्या 2,11,498 है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 15500 करोड़ रुपए का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

श्अळ के माध्यम से वाणिज्य कर विभाग ने 6618.51 करोड़ रुपये जुटाए

मंत्री श्री किशोर ने कहा कि श्अळ के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए राजस्व संग्रहण का निर्धारित लक्ष्य 9124 करोड़ रुपये के विरूद्ध कुल 6618.51 करोड़ रुपए का राजस्व संग्रहण किया गया है जो वार्षिक लक्ष्य का 72.54 है। वर्तमान में मूल्यवर्द्धित कर अधिनियम क अधीन निबंधित व्यवसायियों की कुल संख्या 4149 है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 9310 करोड़ रुपए का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

पेशा कर अधिनियम के तहत वार्षिक लक्ष्य के विरुद्ध 116.36 प्रतिशत राजस्व किया गया प्राप्त

खएऊके अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए राजस्व संगरहण का निर्धारित लक्ष्य 1413 करोड़ रुपए के विरूद्ध कुल 1361.24 करोड़ रुपए का राजस्व संगरहण किया गया है जो वार्षिक लक्ष्य का 96.34 निर्धारित किया गया है। वर्तमान में विद्युत शुल्क के अधीन निबंधित व्यवसायियों की कुल संख्या 267 है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 1600 करोड़ रुपए का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। खढळ के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए राजस्व संगरहण का निर्धारित लक्ष्य 88 करोड़ रुपए के विरूद्ध कुल 102.40 करोड़ रुपए का राजस्व संग्रहण किया गया है जो वार्षिक लक्ष्य का 116.36 है। वर्तमान मे पेशा कर अधिनियम के अधीन निबंधित व्यवसायियों की कुल संख्या 33533 है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 90 करोड रुपए का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## संक्षिप्त खबर

### ठेका श्रमिक महेश सोरेन की मृत्यु पर ईएसएल का पक्ष

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

बोकारो : ईएसएल की ओर से ठेका श्रमिक महेश सोरेन की मृत्यु पर डिप्टी सीईओ रविश शर्मा की ओर से जारी आधिकारिक बयानः ईएसएल यह स्पष्ट करना चाहता है कि ठेका श्रमिक महेश सोरेन की मृत्यु को लेकर प्लांट परिसर में हुई बताकर जो हालिया खबरें प्रकाशित हुई हैं, वे पूरी तरह से गलत और भ्रामक हैं। सियालजोड़ी थाना की रिपोर्ट के अनुसार, दिनांक 22 अप्रैल 2025 को महेश सोरेन ड्यूटी पर नहीं आए अपितु उनका शव भागाबांध आदिवासी टोला के जंगल में पाया गया। ईएसएल में स्थापित फेस रिकग्निशन सिस्टम के अनुसार, महेश सोरेन ने अंतिम बार 20 अप्रैल को ड्यूटी जॉइन की थी, उसके बाद वे प्लांट परिसर में नहीं आए। कंपनी यह भी स्पष्ट करती है कि महेश सोरेन की मृत्यु किसी भी प्रकार से औद्योगिक दुर्घटना नहीं है। ईएसएल दिवंगत महेश सोरेन के परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट करता है और इस दुख की घड़ी में शोकाकुल परिजनों के साथ खड़ा है। कंपनी परिवार को हरसंभव मानवीय सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध है।

### कोयला लोडिंग को लेकर मजदूर और प्रबंधन के बीच चल रहे विवाद का हुआ अंत

**आश्वासन के बाद काम पर लौट आए मजदूर**



नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

जामताड़ा : चितरा कोलियरी में कोयला लोडिंग को लेकर मजदूर और प्रबंधन के बीच एक हफ्ते से चल रहे विवाद का अंत बुधवार को जेएमएम के नेता सह पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शशांक शेखर भोक्ता के प्रयास से मजदूर और महाप्रबंधक एसपी माइंस चितरा कोलियरी के साथ वार्ता के बाद पटाक्षेप हो गया है। बैठक में दिहाड़ी मजदूरों को काम, पेयजल और प्राथमिक उपचार की मांग को महाप्रबंधक एके आनंद ने एक महीने में व्यवस्थित करने का आश्वासन दिया। महाप्रबंधक के साथ साकारात्मक वार्ता के बाद दैनिक मजदूरी ट्रकों में कोयला लोड कर जीवन यापन करने वाले काम पर लौट आए। विवाद के कारण जामताड़ा कोयला साइडिंग में आने वाली डंपर से कोयले की आपूर्ति बंद थी जिससे चित्रा माइंस को काफी नुकसान हो रहा था। वार्ता कर कार्यालय से बाहर निकलने पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शशांक शेखर भोक्ता ने कहा कि प्रबंधन और मजदूरों के बीच कुछ मांगों को लेकर जो विवाद चल रहा था जिसे महाप्रबंधक ने बैठक में एक महीने में करने पर हामी भर दी। सभी मजदूर पूर्व की भांति कोयला लोडिंग करने के लिए लौट आए। इसी प्रकार साकारात्मक रवैया प्रबंधन का रहा और रोड सेल ऑफर (ट्रकों से) निर्वाचन रुप से चलता रहा तो फिर चितरा कोलियरी करोड़ों रुपए का मुनाफा चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में करेगा। मौके पर युवा नेता प्रशांत शेखर सहित संतलाल रजक, प्रकाश यादव, पिंटू पाल, काजल अड्डी, जूगनू यादव, महावीर दास, गोरन दास, बलराम भंडारी, कबीर दास, सुशील दास, मनोज दास, जगरनाथ यादव, रवी सिंह, मदन सिंह, राम मोहन चौधरी, युगल राय, भागीरथ यादव, प्रीतम चौधरी, राजेश राय, राम किशोर मंडल आदि मौजूद थे।

### झामुमो नेता के पुत्रवधू को आशीर्वाद देने पहुंचे विधानसभा के अध्यक्ष

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

विन्दापाथर : झारखंड मुक्ति मोर्चा के अल्पसंख्यक युवा नेता सफीक अंसारी की पुत्रवधू को आशीर्वाद देने पहुंचे झारखंड विधान सभा अध्यक्ष रवीन्द्रनाथ महतो, झारखंड मुक्ति मोर्चा नाला प्रखण्ड के उपाध्यक्ष नदियानन्द सिंह एवं साथ में पूर्व विधायक डॉ. बिसेश्वर खां की पुत्रवधू कुंडहित ब्लॉक जिला परिषद सदस्य बंदना खां, भागवत झा आजाद कॉलेज के प्रोफेसर गौतम खां ,फतेहपुर ब्लॉक अध्यक्ष अशोक महतो, बमभोला सिंह ,पारितोस यादव, सब्बीर अंसारी, असगर अली आदि मौजूद रहे। मालूम हो कि सफीक अंसारी के बेटे मो.शोएब अख्तर की शादी 20 अप्रैल को पश्चिम बंगाल में हुई। जिसका रिसेप्शन 21 अप्रैल को सफीक अंसारी के निजी पैतृक आवास खैरा में आयोजित था।

### प्रत्येक दिन अपने लिए दो घंटे का समय निकालें और योग करें :स्वामी कौशल देव




नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

गिरिडीह : बुधवार को पतंजलि योगपीठ गिरिडीह द्वारा आयोजित पांच दिवसीय युवा योग महोत्सव शिविर के दूसरे दिन सुबह 5:15 बजे अतिथियों के हाथों दीप प्रज्वलित कर प्रारंभ हुई।शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में पतंजलि गिरिडीह के मुख्य संरक्षक डॉक्टर गुणवंत सिंह मोंगिया और उनकी धर्मपत्नी त्रिलोचन सिंह मोंगिया पहुंचे।स्वामी रामदेव बाबा के दो शिष्य उनके प्रतिनिधि के रूप में जो हरिद्वार से गिरिडीह आए हैं, स्वामी कौशल देव और स्वामी विश्व देव के द्वारा दूसरे दिन योगाभ्यास कराया गया। यौगिक जॉगिंग सूर्य नमस्कार, सूक्ष्म व्यायाम आठ प्राणायाम हास्यासन तालिवादन आदि का योगाभ्यास कराया।साथ ही योग आयुर्वेद स्वदेशी के साथ-साथ भारतीय शिक्षा बोर्ड के बारे में जानकारियां दी गई। उन्होंने कहा कि अगर जीवित रहना है स्वस्थ होकर तो प्रत्येक दिन कम से कम अपने लिए दो घंटा का समय निकालें और योग करें उसके बाद दिनभर अपने दिनचर्या में व्यस्त रहें तंदुरुस्ती के साथ। यही स्वस्थ्य जीवन का मूल मंत्र है। थाइराइड ग्रंथि को ठीक करने के लिए उज्जाई प्राणायाम, सिंह आसान के साथ-साथ रात में धनियां भिगोकर सुबह उसके पानी का सेवन करने के लिए कहा गया। जिनके जोड़ों में दर्द है वह अगर सुबह-सुबह लहसुन की दो कली गर्म पानी के साथ खाएगें तो जोड़ों के दर्द में राहत मिलेगी। एक चम्मच घी थोड़ा सेंधा नमक के साथ खाकर गर्म जल ऊपर से पिएं जिससे ऊर्जा बनी रहेगी और लीवर भी ठीक रहेगा। एलोवेरा,हल्दी ,मेथी की सब्जी बनाकर सेवन करने से घुटने के दर्द कमर दर्द में आराम मिलता है। यह शिविर संचालित युवा प्रभारी रणधीर कुमार गुप्ता और भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी नवीन कांत सिंह के द्वारा। जबकि सहयोग राज्य कार्यकारिणी सदस्य चंद्रहास कुमार ,पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी परमेंद्र कुमार, सोशल मीडिया के जिला प्रभारी पुष्पा शक्ति ,एक्टिव कार्यकर्ता देवेंद्र सिंह के द्वारा किया जा रहा है। इस मौके पर ब्रजकिशोर गुप्ता प्रदीप, बरनवाल, सुनीता बरनवाल, प्रेमलता अग्रवाल, ललिता बरनवाल, भूपेंद्र सिंह, मनजीत सिंह,सुरेश खत्री, पप्पू सिंह,सुमन केडिया, ममता सरोज वर्मा, बेबी देवी, पूनम देवी, मनजीत कौर, सिकंदर गोप, उत्कर्ष गुप्ता, प्रभात खेतान, पिंकी खेतान ,प्रमोद अग्रवाल ,प्रभाकर कुशवाहा ,आदि सैकड़ो की संख्या में योग साधकगण मौजूद थे।

# अवैध खनन पर हर हाल में लगाएं रोक : उपायुक्त

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

जामताड़ा : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी कुमुद सहाय की अध्यक्षता में अवैध खनन एवं अवैध खनिज परिवहन तथा व्यापार की रोकथाम हेतु जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। जिसमें उपायुक्त द्वारा अवैध कोयला खनन एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार जांच अभियान चलाने, नियमानुसार धारित खनन पट्टों का उपयोग, नियमानुसार क्रशर संचालन, अवैध खनन में संलिप्त व्यक्तियो के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने आदि बिंदुओं पर समीक्षा की गई। इसके अलावा विगत बैठक में दिए निर्देश के अनुपालन की समीक्षा कर अपेक्षित कार्रवाई हेतु संबंधित को आवश्यक एवं उचित दिशा निर्देश दिया। उपायुक्त ने आगे कहा कि किसी भी सूरत में खनन क्षेत्र से बाहर खनन नहीं होनी चाहिए। इसे सुनिश्चित करें। लगातार कार्रवाई करें। कहा कि मानक का पालन करके ही खनन पट्टा दें। उन्होंने कहा कि धारित पत्थर खनन पट्टा क्षेत्र के बाहर खनन नहीं होने चाहिए इसका सतत निगरानी करते



रहें। अनियमितता पाए जाने पर नियमसंगत कार्रवाई करें। वहीं उन्होंने समीक्षा के दौरान चालू वित्तीय वर्ष में अवैध खनन, खनिज परिवहन, व्यापार की रोकथाम, बालू खनिज, पत्थर खनिज, स्टोन चिप्स आदि के मामलों में हुई कार्रवाई की जानकारी लेते हुए इसमें तेजी लाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया।इसके अलावा जिला अंतर्गत कैटेगरी 1 के 25 चिन्हित बालू घाटों (जो ग्राम पंचायत के द्वारा संचालित है) के संचालन के अद्यतन स्थिति के संबंध में जानकारी लेते हुए प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि जिले में कहीं भी बालू का अवैध उठाव, परिवहन एवं भंडारण नहीं हो इसके लिए आवश्यक कार्रवाई करें। वहीं नाला थाना क्षेत्र अंतर्गत पांडेश्वर क्षेत्र के द्वारा धारित बंद पड़े खदानों में कोयला के अवैध खनन के फलस्वरूप बने शेष बचे गड्ढों की भराई का निर्देश दिया गया। इसके अलावा उपायुक्त ने जिले में अवैध खनन एवं खनिज परिवहन को लेकर सख्त कार्रवाई को लेकर निर्देश दिया। उन्होंने खनन क्षेत्रों में पर्यावरण दृष्टिकोण से ट्रेंच कटिंग कर पौधारोपण करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसके अलावा अन्य बिंदुओं पर समीक्षा कर आवश्यक एवं उचित दिशा निर्देश दिया गया। इसके अलावा उन्होंने कहा कि सभी खनिज आधारित उद्योग जिन्हें झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद द्वारा संचालन सहमति दी गई है। उन इकाइयों के निरीक्षण व अन्य मामलों में प्रदूषण की रोकथाम हेतु कार्रवाई की समीक्षा कर कहा कि कहीं नियम संगत कार्रवाई करें एवं इसके उल्लंघन करने वालों पर शिकायतवाद/प्राथमिकी दर्ज करते हुए पर्यावरणीय क्षति की गणना करते हुए एनवायरनमेंटल कंपनसेशन की वसूली भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

बैठक के दौरान बताया गया कि इस वित्तीय वर्ष में 2024- 2025 तक अवैध खनिज परिवहन रोकथाम आदि के कुल 83 मामलों में से बालू खनिज के 45 मामला में 53 वाहनों की जब्ती एवं 4 मामलों में प्राथमिकी दर्ज साथ ही कुल दंड राशि 10,15,000 की वसूली की गई है। वहीं पत्थर खनिज के 25 मामला में 28 वाहनों की जब्ती तथा 13,92,000 दंड राशि की वसूली की गई। इसके अलावा फायर क्ले खनिज के 01 मामला, में 01 वाहन जब्ती तथा 40,000 रुपए दंड राशि की वसूली की गई। इसके अतिरिक्त जिलांतर्गत कुल 56,500 सीएफटी अवैध रूप से भंडारित बालू को जप्त करते हुए 02 प्राथमिकी दर्ज की गई है। वृहत खनिज कोयला खनिज के 17 मामलों में 20 वाहनों की जब्ती के साथ 17 मामलों में प्राथमिकी दर्ज की गई है। इसके अलावा एसपी माइंस चितरा के द्वारा की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई। निर्देश दिया गया कि कोयला परिवहन में लगे वाहनों में खनिज को तिरपाल से ढक के ही परिवहन हो,ओवरलोडिंग किसी भी हालत में ना हो। साथ ही नंबर प्लेट डिस्प्ले हो संबंधित पदाधिकारी सुनिश्चित करेंगे। वहीं अवैध खनन को लेकर समुचित कार्रवाई हेतु पुलिस लाइन में 1-4 पुलिस बल को सुरक्षित रखने का निर्देश दिया गया।

### सड़क सुरक्षा के नियमों की अनदेखी करने वालों पर सख्ती से निपटें : उपायुक्त

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

जामताड़ा : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की आयोजित समीक्षात्मक बैठक में पूर्व में दिए गए निर्देश के आलोक में की गई कार्रवाई की समीक्षा के अलावा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने, ओवर स्पीडिंग रोकने, ट्रिपल राइडिंग रोकने, मोडिफाइड व्हीकल, सीट बेल्ट एवं हेलमेट, रोड साइनेज लगाने, नो हेलमेट नो पेट्रोल का अनुपालन, गुड सेमेरिटन का प्रचार प्रसार, हिट एंड रन के लंबित मामले का निष्पादन, अनफिट वाहनों का चालान करने सहित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। उन्होंने जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु जिले में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अधिकतर सड़क दुर्घटना वाहन चालकों की लापरवाही एवं सुरक्षा नियमों की अनदेखी से होती है। ऐसे में जागरूकता फैलाने के साथ साथ सख्ती की भी जरूरत है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इसके लिए एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई करने के अलावा नियमित वाहन जांच अभियान, पेट्रोल पंपों पर नो हेलमेट नो पेट्रोल का कड़ाई से अनुपालन सहित अन्य बिंदुओं पर समीक्षा कर संबंधित को आवश्यक एवं उचित दिशा निर्देश दिया।

## कारा सुरक्षा के निमित्त औचक निरीक्षण एवं सुरक्षा ऑडिट को लेकर उपायुक्त द्वारा दिया गया निर्देश

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

जामताड़ा : बुधवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी कुमुद सहाय की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में कारा सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने विगत बैठक में दिए गए निर्देश के अनुपालन की समीक्षा के अलावा मंडल कारा के नए जेल निर्माण स्थल हेतु पाथरचपड़ा हेतु जलापूर्ति के निमित्त प्राक्कलन, कारा की सुरक्षा, कारा में संसीमित बंदियों हेतु मूलभूत सुविधाएं, मुलाकाती, स्वास्थ्य सुविधाएं, प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा की क्रियाशीलता, ड्रैगन लाइट, जैमर, टेलीफोन बूथ, वाकी टॉकी, सायरन, जालीनुमा बैरिकेडिंग, इलेक्ट्रिक फेंसिंग, रिक्त पदों पर कक्षपालों का पदस्थापन सहित अन्य बिंदुओं पर समीक्षा किया गया उन्होंने बताया कि नए जेल निर्माण स्थल पाथरचपड़ा में जलापूर्ति हेतु



पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल से सुधारोपरांत प्राक्कलन उपलब्ध कराया गया है। किंतु उक्त डीपीआर में तकनीकी प्रतिवेदन की स्वीकृति नहीं रहने से वो अपूर्ण है। उक्त के संदर्भ में उन्होंने कार्यपालक अभियंता पीएचईडी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसके अलावा मंडल कारा में संसीमित बीमार बंदियों को सदर अस्पताल जामताड़ा में इलाज कराने को लेकर सुरक्षा के दृष्टिकोण से सदर अस्पताल जामताड़ा में कैदी वार्ड में सिविल कार्य प्रगति की समीक्षा किया बताया गया कि कार्य पूर्ण हो गया है। इसके अलावा उन्होंने मंडल कारा परिसर में साफ सफाई के निमित्त डंप पड़े कचरे के उठाव को लेकर जानकारी ली एवं संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त ने सुरक्षा के दृष्टिगत कारा में नियमित औचक छापेमारी कराने के साथ साथ मंडल कारा में सुरक्षा ऑडिट को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। वहीं बैठक की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने निर्देश देते हुए कहा कि कारा की सुरक्षा में किसी प्रकार की चूक नहीं होनी चाहिए। कारा सुरक्षा के दृष्टिगत सभी यंत्रों के अलावा पर्याप्त प्रकाश आदि बिंदुओं पर जानकारी लेते हुए उचित दिशा निर्देश दिया। वहीं कारा में आने जाने वालों की सघन तलाशी करने, मुलाकाती के बाद परिजनों के द्वारा बंदियों को भेजे जाने वाले सामग्री का पूरे जांच के बाद ही कारा में प्रवेश सुनिश्चित करने सहित विभिन्न सुरक्षात्मक बिंदुओं पर कड़ी निगरानी के साथ कार्य करने का निर्देश दिया।मौके पर पुलिस अधीक्षक , वन प्रमंडल पदाधिकारी, परियोजना निदेशक आईटीडीए , अनुमंडल पदाधिकारी , सिविल सर्जन डॉ आनंद मोहन सोरेन, प्रभारी कारा अधीक्षक विजय कुमार, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी , कार्यपालक अभियंता पीएचईडी, प्रभारी कारापाल सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

## बढ़ती धूप और गर्मी से छोटे छोटे स्कूली बच्चे प्रभावित हो रहे



**अभिभावक समय का बदलाव चाहते हैं : बैकुंठ सिंह**

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

विन्दापाथर : वैसे तो जिले के हर जगह पर तेज धूप और गर्मी का असर पड़ रहा है। लेकिन विद्यालयों पठन-पाठन करने वाले छोटे-छोटे बच्चों पर इसका प्रतिकुल प्रभाव पड़ रहा है।तेज धूप मे 1 बजे अपराह्न में छुट्टी होने के बाद घर वापस जाने में कठिन लगता है।इस लिए बच्चे भी बीमार पड़ रहे हैं।यह बातें कालाझरिया गांव के समाजसेवी सह वरिष्ठ नागरिक बैकुंठ सिंह ने कही है। समाजसेवी बैकुंठ सिंह ने अपने गांव कालाझरिया के मध्य विद्यालय को लेकर कही है। जो नाला प्रखण्ड अंतर्गत शिक्षा अंचल गैड़िया के अधीन आता है। उन्होंने जामताड़ा उपायुक्त एवं जिला शिक्षा अधीक्षक से स्कूली बच्चों के लिए समय में बदलाव की मांग की है। उनके साथ साथ बच्चों के अभिभावकों ने भी कड़ी धूप और गर्मी को देखते हुए मांग की है कि विद्यालय का समय प्रातः 6 बजे से 11 बजे तक समय की मांग की है।

## आर्ट ऑफ लिविंग परिवार द्वारा श्रीश्री रविशंकर जी के जन्मदिन की तैयारियों पर की गई चर्चा

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

जामताड़ाः आर्ट ऑफ लिविंग परिवार ने मंगलवार संध्या 7 बजे कायस्थपाडा स्थित सरस्वती मंदिर में रीता घोष की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी 13 मई को विश्व आध्यात्मिक गुरु परम पूज्य श्री श्री रविशंकर जी के जन्मदिन की तैयारियों पर विचार-विमर्श किया गया।आर्ट ऑफ लिविंग के जिला मीडिया प्रभारी विजय भगत ने बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से 13 मई को आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की।तय किए गए कार्यक्रमों के अनुसार, गुरुदेव के जन्मदिन के पावन अवसर पर प्रातः 6 बजे आर्ट ऑफ लिविंग के प्रशिक्षक राजेंद्र गोराई के नेतृत्व में




योग, प्राणायाम एवं लॉन्ग सुदर्शन क्रिया कराया जाएगा। इसके पश्चात, सुबह 9 बजे लगभग सौ बच्चों को एकत्रित कर प्रशिक्षक राजेंद्र गोराई द्वारा योग, प्राणायाम एवं ध्यान कराया जाएगा।

इस अवसर पर बच्चों को ₹घर घर ध्यान₹ के महत्व से भी अवगत कराया जाएगा और कार्यक्रम के अंत में बच्चों के बीच अल्पाहार वितरित किया जाएगा।दिन के समापन पर, संध्या 5:45 बजे सरस्वती मंदिर में ही स्वामीजी के सानिध्य में गुरुपूजा, सत्संग, केक कटिंग एवं सामूहिक प्रसाद ग्रहण किया जाएगा। इस बैठक में राजेंद्र गोराई, रीता घोष, रीना द्विवेदी, श्रीकांत प्रसाद, इंदु प्रभा, पूर्णिमा गोराई, अनीता दास, छवि घोष, विजय भगत सहित आर्ट ऑफ लिविंग परिवार के कई सदस्य उपस्थित थे।

## सभी प्रखंडों में आधार शिविर का हुआ आयोजन

**काफी संख्या में आमजनों ने कराया आधार का निबंधन और आधार को अपडेट**

**उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर शिविर का किया जा रहा आयोजन, आगामी 01 मई 2025 तक होगा आयोजन**

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

बोकारो : उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर जिले के विभिन्न बैंकों, पोस्ट ऑफिस, प्रखंड विकास पदाधिकारी कार्यालय में संचालित आधार पंजीकरण, सुधार केंद्रों में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उक्त विशेष शिविर आगामी 01 मई 2025 तक सतत जारी रहेगा।

आयोजित विशेष शिविर में लोगों की काफी भीड़ जुट रही है। आमजन नया आधार पंजीकरण



कराने के साथ ही आधार को अपडेट (संशोधन) करा रहे हैं।

आधार को लेकर आयोजित विशेष शिविर का सभी बीडीओझ्रसीओ ने अपनेझ्रअपने प्रखंडों में निगरानी किया। वहीं, यूआइडी के डीपीओ ने भी विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण कर विशेष अभियान को सफल बनाने को लेकर निर्देश दिया। उल्लेखनीय हो कि, सरकार के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ लेने हेतु आधार कार्ड लाभुकों के पास होना अनिवार्य है। बिना आधार कार्ड के सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का समुचित लाभ नहीं मिल पाता है, इसलिए आमजनों से अपील है कि वह शिविर में शामिल होकर अपना आधार कार्ड बनाएं एवं अपडेट करें।

# आंतरिक संसाधनों से हॉट स्ट्रिप मिल के क्रेन संख्या 17 का नवीनीकरण

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

बोकारो : बीएसएल के हॉट स्ट्रिप मिल के नवीनीकृत क्रेन संख्या 17 का उद्घाटन मंगलवार को अधिशासी निदेशक (संकार्य) सी आर महापात्रा द्वारा किया गया। उद्घाटन के मौके पर मुख्य महाप्रबंधक (मैकेनिकल) प्रकाश कुमार तिवारी एवं हॉट स्ट्रिप मिल के मुख्य महा प्रबंधक विपिन कुमार सिंह के साथ वरीय अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

मुख्य महाप्रबंधक (हॉट स्ट्रिप मिल) विपिन कुमार सिंह के नेतृत्व यांत्रिकी अनुभाग के महाप्रबंधक (प्रभारी) एस एन भगत के दिशा निर्देशन में क्रेन 17 के 110 टन क्षमता वाले पुराने एवं



क्षतिग्रस्त टोंग का जीणोर्धार किया गया। क्रेन 17 के क्षतिग्रस्त टोंग की मरम्मत एवं नवीनीकरण की जिम्मेदारी एस सी मोहापात्रा के नेतृत्व में सहायक महाप्रबंधक एस के रॉय, वरीय प्रबंधक एस एस यादव और क्रेन अनुभाग के कर्मियों ने उठाई जिसे उन्होंने रिकॉर्ड समय में पूरा किया।

इस चुनौतीपूर्ण कार्य को पूर्ण करने में हॉट स्ट्रिप मिल के महाप्रबंधक एस के सेन ने न केवल कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाया, बल्कि तकनीकी सलाह भी प्रदान की। सामान्य अनुरक्षण विभाग के एन के बेहरा, महाप्रबंधक तथा राजेश यादव की टीम के द्वारा मात्र 16 घंटे में इसे स्थापित कर एक नया कीर्तिमान बनाया गया है।

अधिशासी निदेशक (संकार्य) सी आर महापात्रा ने इस कार्य से सम्बंधित सभी विभागों तथा कार्मिकों के प्रयास की सराहना की और भविष्य में भी इस प्रकार के अभिनव पहल करने की अपील की।

## कुछ लोग नहीं चाहते जमुआ का आपूर्ति सिस्टम बेहतर हो

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

गिरिडीह :बीते कई सालों से गिरिडीह जिला अंतर्गत जमुआ प्रखंड खाद्य आपूर्ति वितरण में चर्चा का केंद्र बना है और सिर्फ चर्चा नहीं इसके लिए कई प्रकार के आंदोलन, धरना, प्रदर्शन से लेकर सदन तक आवाज उठी लेकिन स्थिति जस की तस बनी रही। खाद्य आपूर्ति जमुआ में कई घोटाले, लापरवाही सामने आए और हमेशा यह देखा गया कि लाभुकों को राशन समय पर नहीं मिलना आम बात है। लेकिन लाभुकों से अंगूठा लगाने में जमुआ के वितरण प्रणाली अव्वल नंबर पर रहे। बैकलॉग की समस्या होती रही। बैकलॉग 24945 क्विंटल तक जा पहुंचा फिर जिला उपयुक्त के अध्यक्षता में दिशा की मीटिंग होती है और मीटिंग में एक निर्णय लिया जाता है कि बैकलॉग की समस्या को साइड करते हुए वर्तमान कर दिया जाए। नई उम्मीद फिर से कार्डधारीयो को दी जाती है। लेकिन कुछ महीने भी नहीं हुए और अभी वर्तमान में फिर से खाद्य आपूर्ति जमुआ को तबाह करने का प्रयास कुछ तथाकथित बुद्धिजीवी के द्वारा शुरू किया जा चुका है। कई डीलरो का डीएसडी हुआ नहीं है लेकिन उन्होंने अंगूठा लेना शुरू कर दिया है और अंगूठा लेने के 60 से 70 प्रतिशत की वितरण भी ऑनलाइन आहार पोर्टल पर देखी जा सकती है। आखिर नियम के विरुद्ध इस प्रकार के कारनामे के आदेश किसके कहने पर किया जा रहा है। आखिर पर्दे के पीछे कौन है। क्या ऊपर के महकमें को इन सब चीजों की जानकारी नहीं है। जब दिशा की मीटिंग में निर्णय ले लिया गया कि अब वितरण करेंट कर दी गई है तो फिर एडवांस में अंगूठा लेने का सिस्टम कैसे स्टार्ट हो रहा है। क्या फिर से बैकलॉग की समस्या उत्पन्न की जा रही है। या भ्रष्टाचार खाद्य आपूर्ति विभाग में बनी रहे इसके लिए प्रयास किया जा रहा है। सवाल बहुत सारे हैं पड़ताल जारी रहेगी।

## संपादकीय

### बिजली का खेल

सही मायनों में हमें हर किसी मुफ्त चीज की बड़ी कीमत चुकानी पड़ती है। यही सिद्धांत किसी देश व राज्य की अर्थव्यवस्था पर भी लागू होता है। लोकलुभावन राजनीति के चलते वोट जुटाने के लिये जिन मुफ्त की योजनाओं को पंजाब में लागू किया गया, उसने राज्य की तरक्की की गति को कुंद ही बना दिया है। वैसे भी देखा जाए तो किसानों को लुभाने के लिये पंजाब में जो मुफ्त बिजली का खेल खेला गया था, वह कृषि के विकास में सहायक साबित नहीं हो रहा है। सही मायनों में यह लोकलुभावन दांव जड़ता का प्रतीक बनकर रह गया है। वर्ष 1997 में छोटे किसानों के लिये लिए शुरू किया गया बिजली सब्सिडी खेल, महज वोट बटोरने का साधन बनकर रह गया है। सच बात तो यह है कि कोई भी राजनीतिक दल ऐसी मुफ्त की सुविधाओं को, वोट कटने की आशंका के चलते बंद करने का जोखिम भी नहीं उठाता। यह विडंबना ही है कि जिस धन को कृषि की तरक्की, ऊर्जा के बेहतर उपयोग तथा सार्वजनिक जवाबदेही से जुड़े संरचनात्मक विकास के लिये खर्च किया जाना चाहिए था, उसे सब्सिडी के रूप में व्यय किया जा रहा है। चिंता की बात यह है कि यह सब्सिडी राज्य की वित्तीय सेहत के लिये घातक साबित हो रही है। विडंबना यह है कि इस वित्तीय वर्ष में बिजली सब्सिडी पर होने वाला व्यय करीब साढ़े बीस हजार करोड़ रुपये से अधिक होने वाला है। चिंता की बात यह भी है कि यह धनराशि पंजाब के पूरे बजट का दस फीसदी के करीब बैठती है। इस सब्सिडी की राशि में से दस हजार करोड़ रुपये कृषि क्षेत्र के लिये और सात हजार छह सौ करोड़ रुपये घरेलू उपयोगकताओं के लिये निर्धारित हैं। आश्चर्य की बात यह है कि लोगों को लुभाने के लिये दी जा रही सब्सिडी की यह राशि अब राज्य के राजस्व घाटे के बराबर हो गई है। इसके बावजूद यह स्थिति यदि राज्य के नीति-नियंताओं को विचलित नहीं करती है, तो इसे दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जाएगा। विडंबना यह है कि राज्य में मुफ्त की रेवड़ियां बांटने का काम सभी राजनीतिक दलों की सरकारों ने पार्टी लाइन से हटकर हर दौर में किया। घाटे की अर्थव्यवस्था को प्रश्रय देने वाली इस नीति को न केवल जारी रखा, बल्कि इसे प्रोत्साहित भी किया । वे मुखर कृषि लॉबी के दबाव में लगातार झुकते रहे। राजनेता दूरगामी व समग्र सुधार के बजाय मुफ्त में पैसे बांटकर चुनावी लाभ हासिल करने की होड़ में जुटे रहे। वहीं आप सरकार द्वारा घरेलू उपभोक्ताओं के लिये तीन सौ यूनिट तक की बिजली मुफ्त करने से सब्सिडी का संकट और गहरा ही हुआ है। करीब नब्बे प्रतिशत तक परिवारों का बिजली बिल शून्य है। ऐसे में बिजली बचत या उपयोग की गई बिजली का भुगतान करने को प्रोत्साहन लगभग समाप्त हो गया है। अब तो पंजाब राज्य विद्युत निगम लिमिटेड यानी पीएसपीसीएल कर्मचारियों के रिक्त पदों को भरने की स्थिति में भी नहीं है। इतना ही नहीं पीएसपीसीएल दो हजार करोड़ रुपये की वार्षिक बिजली चोरी की चुनौती से भी जूझ रहा है। सरकार द्वारा दिए गए करीब चार हजार करोड़ रुपये के बेलआउट के बावजूद पीएसपीसीएल भारी घाटे में चल रहा है। राज्य के विकास में सहायक संस्थानों को मजबूत करने या स्थायी सिंचाई योजनाओं में निवेश के करने के बजाय, राज्य सरकारें वोटों के लालच में मुफ्त की रेवाड़ियां बांटने का उपक्रम करती रही हैं, जिसका खर्चा वहन करना उनके बूते की बात नहीं है। यह एक निर्विवाद सत्य है कि मुफ्त का चंदन बांटने का यह उपक्रम जितने लंबे समय तक चलेगा, उतने ही समय तक पंजाब की अर्थव्यवस्था में प्राणवायु का संचार करना, नये निवेश को आकर्षित करना तथा नये नौकरियों का सृजन करना और ज्यादा कठिन होता चला जाएगा। इसमें दो राय नहीं कि राज्य नेतृत्व को रियायतें देने के बजाय राज्य में विकास के बुनियादी ढांचे के निर्माण की ओर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। पंजाब को तय करना होगा कि वह बिजली पर सब्सिडी जारी रखेगा या अपने भविष्य को सशक्त बनाने को प्राथमिकता देगा।

## (चिंतन-मनन)

### अपनेपन का प्रेम असली प्रेम

जब प्रेम बहुत गहरा होता है, तब तुम किसी भी गलतफहमी के लिए पूरी जिम्मेवारी लेते हो। पल भर के लिए ऊपरी तौर से नाराजगी व्यक्त कर सकते हो, परन्तु जब इस नाराजगी को दिल से महसूस नहीं करते, तब तुम एक-दूसरे को अच्छी तरह समझ पाते हो। तब तुम उस अवस्था में हो जहां सभी समस्याएं और मत-भेद मिट जाते हैं और केवल प्रेम झलकता है। प्रायः हम मतभेदों में उलझे रहते हैं क्योंकि अपने वास्तविक स्वभाव से दूर हो गए हैं। प्रेम के नाम पर हम दूसरों को इच्छानुसार चलाना चाहते हैं। यह स्वाभाविक है कि जब हम किसी से प्रेम करते हैं तो हम चाहते हैं कि वे त्रुटिहीन हो। तुम पहाड़ी के ऊपर से जमीन के गड्ढों को नहीं देख सकते। इसी प्रकार, उन्नत चेतना की अवस्था से दूसरों की त्रुटियां नजर नहीं आती। परन्तु जमीन आकर गड्ढों को (दोषों को) देख सकते हो। और गड्ढों को भरना चाहते हो तो उन्हें देखना ही होगा। हवा में रहकर तुम घर नहीं बना सकते। गड्ढों को देखे बिना, उनको भरे बिना, कंकड़-पत्थर हटाए बिना, जमीन को नहीं जोत सकते। इसीलिए जब तुम किसी से प्रेम करते हो और उनमें दोष ही दोष देखते हो तो उनके साथ रहो और गड्ढे भरने में उनकी मदद करो। यही ज्ञान है। तुम किसी को प्यार क्यों करते हो?

# अभी तो मेंहदी सूखी भी न थी: पहलगाँव की घाटी में इंसानियत की हत्या

**-डॉ. सत्यवान सौरभ-**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाँव में हुए आतंकी हमले में जहाँ एक नवविवाहित हिंदू पर्यटक को उसका नाम पूछकर सिर में गोली मार दी गई। ये हमला सिर्फ एक हत्या नहीं, बल्कि धार्मिक पहचान के आधार पर की गई घृणा और आतंक का प्रतीक है। मृतक की पत्नी की स्तब्ध तस्वीर को राष्ट्र की आत्मा का जख्मी चेहरा माना गया है। यह भारत की एकता, नागरिक सुरक्षा, और धार्मिक सहिष्णुता पर चोट बताकर चेतावनी देता है कि यदि अब भी ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो अगला शिकार कोई और होगा। यह केवल शोक प्रकट करने के बजाय जवाबदेही, निर्णायक कार्रवाई और सामाजिक चेतना की मांग करता है, ताकि आतंक के आगे इंसानियत बार-बार न मरे...

22 अप्रैल 2025, सुबह के कुछ शांत लम्हे। जम्मू-कश्मीर के पहलगाँव में बर्फीली वादियाँ पर्यटकों का स्वागत कर रही थीं। नवविवाहित जोड़े, बच्चे, बुजुर्ग-सबको उम्मीद थी कि कश्मीर की हवा में सुकून मिलेगा, तनाव से कुछ राहत मिलेगी। लेकिन तभी आतंक की आहट हुई। बंदूकें गरजीं। और उस वादी में जहाँ बर्फ गिरती है, अब खून बहा।

राजस्थान से आया एक नवविवाहित दंपत्ति भी उन्हीं पर्यटकों में था। दोनों ने अभी पांच दिन पहले ही शादी की थी। वो अपने हनीमून के लिए कश्मीर आए थे। लेकिन शायद किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। आतंकियों ने गाड़ी रोकी, नाम पूछा, पहचान की और फिर गोली मार दी। युवक हिन्दू था। बस यही उसके मरने की वजह बन गई। सिर में गोली लगी। मौके पर ही दम तोड़ दिया। उसकी पत्नी, जिसके हाथों की मेंहदी अभी भी गीली थी, स्तब्ध खड़ी थी। शोक से ज्यादा वो एक अनकहे डर में जमी हुई थी-जैसे समय वहीं थम गया हो।

**ये हत्या नहीं, धार्मिक घृणा है**

यह सिर्फ एक आतंकी हमला नहीं था। यह योजनाबद्ध हत्या थी-एक सोच के तहत, एक धर्म के आधार पर। आज आतंकवाद महज क्षेत्रीय या वैचारिक लड़ाई नहीं रह गया है। यह अब धार्मिक पहचान को मिटाने का एक उपकरण बन चुका है। यह हत्या बताती है कि कुछ तत्व अब यह तय कर चुके हैं कि कौन जिएगा, कौन मरेगा-और यह फैसला नाम पूछकर किया जाएगा। क्या यही इंसानियत है? क्या यही ह्यकश्मीरियतह्न है, जिसके नाम पर हम वर्षों से शांति की दुहाई दे रहे हैं?

**जब शहीद की पत्नी की चीखें खामोश हो गईं**

सोशल मीडिया पर उस पत्नी की तस्वीर वायरल हुई, जो अपने पति के शव को निहार रही थी। न चीख, न रोना, न प्रतिरोध। बस एक स्थिर मौन-जो पूरी व्यवस्था पर सबसे कठोर आरोप बन गया। उस मौन में एक सवाल छुपा है: ह्महमने क्या गलत किया?ह्व क्या एक जोड़े का कश्मीर आना, उसकी सुंदरता देखना, उसकी वादियों से प्यार करना अब गुनाह बन चुका है? हमें समझना होगा कि इस तस्वीर में केवल एक महिला नहीं थी, बल्कि उस पूरे राष्ट्र की आत्मा थी-जख़्मी, असहाय और शर्मसार।

**सुरक्षा की विफलता और प्रशासन की संवेदनहीनता**

हर हमले के बाद सरकार की ओर से एक तैयार स्क्रिप्ट आती है-निंदा, मुआवजा, जाँच। लेकिन जवाबदेही कहीं नहीं होती। क्या यह सवाल नहीं पूछा जाना चाहिए कि घाटी में आतंकियों को खुलेआम चलने-फिरने की छूट कैसे मिलती है? वे नाम पूछकर कैसे किसी को गोली मार सकते हैं और फिर बच निकलते हैं? क्या पर्यटन सीजन में अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती नहीं होनी चाहिए? क्या जम्मू-कश्मीर प्रशासन को यह नहीं पता कि ऐसे हमले पर्यटन, अर्थव्यवस्था और भारत की एकता-तीनों पर हमला करते हैं?

**मानवाधिकार या आतंक के अधिकार?**

जब भी भारत आतंक के खिलाफ सख़्ती दिखाता है, तो मानवाधिकार की दुकानें खुल जाती हैं। दिल्ली, लंदन, न्यूयॉर्क-हर जगह के तथाकथित बुद्धिजीवी अचानक संवेदना से भर जाते हैं। लेकिन जब किसी हिंदू नागरिक को सिर्फ उसके नाम के कारण सिर में गोली मारी जाती है, तब यही आवाजें खामोश हो जाती हैं। क्यों? क्या एक विशेष समुदाय के पीड़ितों के लिए ही संवेदना है? क्या हिन्दू होना अब मानवाधिकार के चश्मे से अदृश्य हो जाना है?

**यह हमला पूरे भारत पर है**

पहलगाँव हमला केवल एक व्यक्ति की हत्या नहीं है-यह भारत की आत्मा पर हमला है। यह संदेश देने की कोशिश है कि ह्लयहाँ तुम्हारी जगह नहीं हैह्व। यह भारत की एकता, समरसता और धर्मनिरपेक्षता को चुनौती है। और यदि हमने इस चुनौती को केवल ट्वीट और मोमबत्तियों से उत्तर दिया, तो अगला निशाना कोई और शहर, कोई और नाम, कोई और नवविवाहित होगा।

**पाकिस्तान का रोल और वैश्विक चुप्पी**

हमेशा की तरह, इस हमले के पीछे जिस आतंकी संगठन का नाम आया-ह्यद रेजिस्टेंस फ्रंटह्न-वह लश्कर-ए-तैयबा का ही नया अवतार है। और इसकी जड़ें पाकिस्तान में हैं। लेकिन अंतरराष्ट्रीय मंच पर पाकिस्तान अभी भी ह्यआतंकवाद का शिकार देश बना बैठा है। संयुक्त राष्ट्र, अमेरिका, यूरोप-सभी को यह साफ-साफ कहना चाहिए कि धार्मिक आधार पर नागरिकों की हत्या केवल एक देश का नहीं, बल्कि वैश्विक मानवता का संकट है।

**अब निर्णय का समय है**

भारत को अब दो टूक निर्णय लेने की जरूरत है। कश्मीर में आतंक का सामना केवल पुलिस नहीं कर सकती, इसके लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति चाहिए। अलगाववाद की नर्म परतों को उखाड़ फेंकना होगा। धार्मिक पहचान के नाम पर फैलाई जा रही नफरत को सामाजिक स्तर पर भी चुनौती देनी होगी। इसके साथ-साथ, हमें यह तय करना होगा कि कश्मीर में पर्यटन केवल ह्लस्वर्गह्व दिखाने का सौदा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता का सेतु है-और इस सेतु की रक्षा हम सबकी जिम्मेदारी है।

**अंतिम पंक्तियाँ: एक और शहीद, एक और सुहाग उजड़ा**

हर आतंकी हमले के बाद हम कुछ दिन दुखी होते हैं, फिर भूल जाते हैं। लेकिन उस स्त्री के लिए, जिसने अपने पति को खोया, जो लहूलुहान सपनों के साथ अकेली रह गई, यह घटना एक जीवन भर का घाव है। उसके लिए यह कोई न्यूज नहीं, यह उसका टूटता संसार है। हमारी संवेदना केवल सोशल मीडिया पोस्ट तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। हमें पूछना चाहिए-₹कब तक?₹ कब तक हम अपने नागरिकों की रक्षा नहीं कर पाएँगे? कब तक हम आतंकी हमलों पर केवल मोमबत्तियाँ जलाते रहेंगे?

शब्द नहीं, कार्रवाई चाहिए। शोक नहीं, उत्तरदायित्व चाहिए। क्योंकि इस बार सवाल सिर्फ नाम का नहीं है, यह इंसानियत का प्रश्न है।

# बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले महत्वपूर्ण राजनीतिक मंथन

**-कल्याणी शंकर-**

राजद, कांग्रेस और कुछ छोटी पार्टियों से मिलकर बना महागठबंधन कड़ा चुनौती दे रहा है। गठबंधन पर चर्चा के लिए पिछले हफ्ते दिल्ली में राजद और कांग्रेस के शीर्ष नेताओं की बैठक हुई थी। 2020 के बाद से राजनीतिक पुनर्संयोजन-वीआईपी का महागठबंधन में शामिल होना, एलजेपी का एनडीए के साथ गठबंधन और राष्ट्रीय लोक समता पार्टी का जेडी(यू) में विलय-चुनावी तस्वीर को जटिल बनाते हैं।

इस साल के अंत में बिहार में होने वाले चुनाव काफी अप्रत्याशित हैं। अभी तक, भाजपा, राजद, कांग्रेस या जद (यू) के लिए कोई आसान रास्ता नहीं है। बिहार की राजनीति में मंथन चुपचाप हो रहा है। सत्ता की गत्यात्मकता में संभावित बदलाव हो सकता है। पिछले दो दशकों से जनता दल (यूनाइटेड) के बाद दूसरे स्थान पर रहने वाली भाजपा प्रमुख भूमिका निभाने की उम्मीद कर रही है। राजद सरकार का मुखिया बनना चाहता है।

दो महत्वपूर्ण शक्ति समूह लड़ाई में हैं। एक तरफ एनडीए और दूसरी तरफ महागठबंधन, जिसमें राजद, कांग्रेस और वामपंथी दल शामिल हैं। पार्टी के भीतर और भीतरी गतिशीलता पूरे जोश में है। एनडीए और महागठबंधन एक बड़े राजनीतिक मुकाबले के लिए सोची-समझी चाल चल रहे हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतने के बाद, लगातार उन राज्यों में जीत से उत्साहित भाजपा ने अब बिहार पर नजरें गड़ा दी हैं।

बिहार की जातिगत राजनीति दिलचस्प है। पिछड़े वर्ग की आबादी 63.13प्रतिशत है, जबकि सवर्ण जातियां केवल 15.52प्रतिशत हैं। पिछड़े वर्ग की श्रेणी में अन्य पिछड़ा वर्ग 27.12 है, जबकि अत्यंत पिछड़ा वर्ग की आबादी 36प्रतिशत है। दलितों की संख्या लगभग 19.65 है और यादवों की संख्या 14.26प्रतिशत है। नीतीश कुमार की कुर्मी जाति, कुर्मी, जिसे ओबीसी के रूप में भी वर्गीकृत किया गया है, की आबादी 2.87प्रतिशत है। पिछले विधानसभा चुनावों में, लगभग 15प्रतिशत आबादी वाली उच्च जातियों ने कई पार्टियों में टिकट वितरण पर अपना दबदबा बनाया था। भाजपा ने अपने 47.3प्रतिशत टिकट उच्च जाति के उम्मीदवारों को दिये थे, जबकि कांग्रेस ने अपनी 40प्रतिशत सीटें उच्च जातियों को दी थीं।

2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में, महागठबंधन 243 सदस्यीय विधानसभा में साधारण बहुमत हासिल नहीं कर सका, केवल 12 सीटों से चूक गया। राजद सदन में सबसे बड़ी पार्टी थी, लेकिन सरकार नहीं बना सकी।

2025 के चुनावों के लिए, जेडी(यू) ने नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद का चेहरा बनाने की पुष्टि की है। जाने-माने चुनाव विशेषज्ञ प्रशांत किशोर ने भविष्यवाणी की थी कि नीतीश कुमार अपना राजनीतिक करियर खत्म कर देंगे। राजद ने अपने नेता तेजस्वी यादव को चुना है। कांग्रेस ने अभी तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं। इस महीने से शुरू हुई कांग्रेस और राजद के बीच बैठकों का सिलसिला जारी है।

जनता दल (यूनाइटेड) पार्टी और भाजपा गठबंधन वर्तमान में बिहार पर शासन कर रहे हैं। नीतीश कुमार की बिगड़ती सेहत, जातिगत संतुलन और गठबंधन के कामकाज ने बिहार को एनडीए के लिए राजनीतिक रूप से अप्रत्याशित बना दिया है। अगर भाजपा नीतीश को चुनती भी है, तो उनके स्वास्थ्य संबंधी मुद्दे चुनाव परिणाम को काफी प्रभावित कर सकते हैं। जेडीयू भाजपा के साथ ज्यादा सीटों के लिए मोलभाव करना चाहती है। 2020 में जेडी(यू)ने 115 सीटों पर चुनाव लड़ा, लेकिन सिर्फ 43 सीटें ही जीत पायी थी। इसके विपरीत, भाजपा ने 110 सीटों पर चुनाव लड़ा और 74 सीटें जीतीं।

राजद, कांग्रेस और कुछ छोटी पार्टियों से मिलकर बना महागठबंधन कड़ा चुनौती दे रहा है। गठबंधन पर चर्चा के लिए पिछले हफ्ते दिल्ली में राजद और कांग्रेस के शीर्ष नेताओं की बैठक हुई थी। 2020 के बाद से राजनीतिक पुनर्संयोजन-वीआईपी का महागठबंधन में शामिल होना, एलजेपी का एनडीए के साथ गठबंधन और राष्ट्रीय लोक समता पार्टी का जेडी(यू) में विलय-चुनावी तस्वीर को जटिल बनाते हैं। 2020 के बाद से एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम एनडीए के भीतर सत्ता समीकरण में बदलाव रहा है, जिसमें भाजपा मजबूत होकर उभरी है। भाजपा ने रणनीतिक रूप से गैर-प्रमुख अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और गैर-प्रमुख दलित समुदायों को अपने पक्ष में किया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दो दिनों के लिए बिहार गये। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द ही बिहार का दौरा करेंगे।

राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने एक चौंकाने वाली घोषणा करते हुए कहा कि वह अपने समाजवादी सहयोगी नीतीश कुमार के साथ सुलह करने के लिए तैयार हैं। इस बयान के जवाब में नीतीश ने कहा कि उन्होंने अनजाने में राजद के साथ गठबंधन कर लिया था। हालांकि, तेजस्वी यादव ने जोर देकर कहा कि महागठबंधन में नीतीश के लिए कोई जगह नहीं है। कई लोगों का मानना है कि अपने यू-टर्न के लिए मशहूर नीतीश पाला बदल सकते हैं। भारत के विपक्षी इंडिया ब्लॉक ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को आगामी बिहार विधानसभा चुनावों के लिए अपनी समन्वय समिति का प्रमुख नियुक्त किया है। यह निर्णय 17 अप्रैल को पटना में छह गठबंधन सहयोगियों की बैठक के दौरान लिया गया। महागठबंधन में कांग्रेस और वामपंथी दलों को चिंता है कि राजद सीट बंटवारे के समझौते को अंतिम रूप देने के लिए आखिरी समय तक इंतजार करेगा।




**सौंदर्य तो अस्थाई है लेकिन मन आपका जीवन भर साथ देता है।**

**- एलिशिया मेकेडो**

**विचारों को मूर्त रूप देने की क्षमता ही सफलता का रहस्य है।**

**- हेनरी वार्ड बीचर**

# ...चिनगारी का खेल बुरा होता है!

**-सुनील कुमार महला-**

हाल ही में पहलगाम आतंकी हमले में विदेशी नागरिकों समेत 26 की मौत हो गई, और मरने वालों में अधिकांश पुरुष हैं। वास्तव में यह बहुत ही दुखद व अति निंदनीय घटना है। यह हमला ऐसे समय हुआ है, जब करीब सवा दो महीने बाद अमरनाथ यात्रा होनी है। कहना गलत नहीं होगा कि इससे आतंक का घिनौना चेहरा दुनिया के सामने आया है। यह 2019 के पुलवामा हमले के बाद घाटी में सबसे घातक व बड़ा हमला है। हमले के बाद क्षेत्र में ऑपरेशन तेजी से चलाया जा रहा है और पर्यटकों को कश्मीर से जल्द से जल्द निकालने की कोशिश की जा रही है। सहायता के लिए इमरजेंसी नंबर भी जारी किए गए हैं। कितनी बड़ी बात है कि आर्तंकियों ने टूरिस्ट्स को निशाना बनाया और गोलीबारी की। आतंकी घटना के बाद गृहमंत्री अमित शाह श्रीनगर पहुंचे, और सऊदी दौरा बीच में ही छोड़कर स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी दिल्ली पहुंच चुके हैं और दिल्ली पहुंचते ही उन्होंने एयरपोर्ट पर ही पहलगाम टेरर अटैक पर बैठक की है। बताया जा रहा है कि कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्यो रिटी की बैठक भी बुलाई गई है। इससे पहले गृहमंत्री अमित शाह ने आईबी चीफ, जम्मू-कश्मीईर के डीजी और सेना व सीआरपीएफ के आला अधिकारियों के साथ एक हाई-लेवल मीटिंग भी की और पीएम मोदी इस मीटिंग में वीडियो कॉन्फ्रें सिंग से उपलब्धी रहे। जम्मी-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्लाक भी इस घटना को लेकर काफी गंभीर हैं। बताया जा रहा है कि कुल चार आर्तंकियों ने इस आतंकी वारदात को अंजाम दिया, जिसमें से तीन पाकिस्ताानी और एक लोकल कश्मी री हैं। मीडिया में आई रिपोर्ट्स के मुताबिक जब दोपहर को यह वारदात हुई तब सैलानी वहां घुड़सवारी कर रहे थे। तभी आतंकी वहां पहुंचे और उन्होंकने पंजाबी में टूरिस्ट से उनका मजहब पूछा और पहचान स्था पित होने के बाद लोगों को मौत के घाट उतारा गया।

दरअसल, आतंकी हमले के बाद सामने आए वीडियो में इस बात की पुष्टि हुई है कि हथियारबंद हमलावरों ने नाम पूछकर गोली मारी। जानकारी के अनुसार इस दौरान आतंकियों द्वारा करीब 50 राउड फायरिंग की गई। गौरतलब है कि आतंकी सेना और पुलिस जैसी वर्दी में थे और सभी के पास एके-47 और दूसरे हथियार थे। बहरहाल, यहां यह कहना गलत नहीं होगा कि इसे कश्मीर घाटी में 'जिहादी आतंक' का अत्यंत घिनौना बर्बर चेहरा ही कहा जा सकता है। वास्तव में, आतंकियों ने पहलगाम में निर्दोष-निहत्थे पर्यटकों की जिस तरह पहचान पता करके(नाम व मजहब पूछकर) गोलियां बरसाईं, उससे तो यही पता चलता है कि वे केवल कश्मीर घाटी में खौफ ही नहीं पैदा करना चाहते थे, बल्कि बड़ी संख्या में लोगों का खून बहाकर दुनिया का ध्यान भी खींचना चाहते थे। आतंकी धर्म पूछकर गोली मार रहे हैं और यह बात कही जाती है कि आतंकवाद और आतंकियों का कोई धर्म नहीं होता? आतंकियों ने ऐसे समय में पर्यटकों को निशाना बनाया, जब अमेरिकी उपराष्ट्रपति भारत में हैं और भारतीय प्रधानमंत्री सऊदी अरब में। वास्तव में यह हमला मानव हीनता की पराकाष्ठा ही कहा जा सकता है, क्यों कि आतंकियों ने उन पर्यटकों को निशाना बनाया, जो कश्मीरियों को पर्यटन के रूप में किसी न किसी रूप में सहारा देने कश्मीर गये थे। निश्चित ही इस आतंकी हमले का असर वहां के पर्यटन व दैनिक जीवन पर पड़ेगा, क्यों कि हमले के बाद घाटी में डर व खौफ का माहौल पैदा हो गया है। कहना गलत नहीं होगा कि हमले के बाद पूरे देश में आक्रोश की बड़ी लहर है। वास्तव में, अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद पहली बार कश्मीर में इतना बड़ा आतंकी हमला हुआ है। कहना गलत नहीं होगा कि आतंकवाद और आतंकियों को करारा जवाब दिया जाना आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य हो गया है। जिन आतंकियों ने हमले को अंजाम दिया है, उनमें से तीन पाकिस्तानी बताये जा रहे हैं, ऐसे में आज जरूरत इस बात की है कि भारत पाकिस्तान को इस हमले का मुंहतोड़ व करारा जवाब दे। आज पाकिस्तान आर्थिक रूप से बदहाली झेल रहा है और उस पर बहुत पहले से आतंकवाद और आतंकियों का ठप्पा लग चुका है। पाकिस्तान की यह आदत रही है कि वह भारत के खिलाफ छद्म युद्ध का खेल खेलता रहता है। एक तरफ तो वह भारत से शांति, सौहार्द और भाईचारे की बात करता नजर आता है तो दूसरी तरफ आतंकवाद का घिनौना खेल खेलता रहता है। यहां पाठकों को बताता चलूं कि कुछ समय पहले ही पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में ओवरसीज पाकिस्तानियों के पहले सालाना सम्मेलन में पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल असीम मुनीर ने भारत, हिंदू धर्म, दो-राष्ट्र सिद्धांत, कश्मीर और गाजा जैसे मामलों पर बयान दिए थे और मुनीर के ये बयान न केवल विवादित थे, बल्कि विभाजनकारी और नफरत फैलाने वाले भी थे। गौरतलब है कि पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने कुछ समय पहले ही कश्मीर मुद्दे को हवा देते हुए इसे अपने देश की 'गले की नस' बताया था और यह बात कही थी कि इस्लामाबाद 'इसे नहीं भूलेगा।

उल्लेखनीय है कि पिछले साल यानी कि फरवरी 2024 में भी जनरल मुनीर ने सेना की एक बैठक को संबोधित करते हुए यह कहा था कि 'भारत द्वारा अंतरराष्ट्रीय कानूनों का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है और उसका असली चेहरा दुनिया के सामने आना चाहिए।ह्लपाठकों को यहां यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि मई 2024 में भी भारत को अपना 'कट्टर-प्रतिद्वंद्वी' बताते हुए, पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल सैयद असीम मुनीर ने कश्मीर को इस्लामाबाद के 'नैतिक, राजनीतिक और कूटनीतिक समर्थन' जारी रखने का वादा किया था। कहना गलत नहीं होगा कि कट्टरपंथियों को जनरल मुनीर की बातों से कहीं न कहीं ताकत मिली होगी। सच तो यह है कि जनरल मुनीर के बयानों से आतंकियों का दुस्साहस निश्चित रूप से बढ़ा है, और इसका जीता-जागता प्रमाण कश्मीर में हुआ आतंकी हमला है। यहां यह भी कहना चाहूंगा कि बांग्लादेश में तख्तापलट और वहां भारत विरोधी भावनाओं के उभार के बाद पाकिस्तान के मंसूबे और अधिक बढ़ गये हैं कि वह भारत में आतंकवाद फैलाए और आतंकियों और आतंकवाद के जरिए अपना उल्लू सीधा करे। पाकिस्तान को यह उम्मीद है कि अब उसे बांग्लादेश का साथ भी मिल जाएगा। गौरतलब है कि अमेरिका, पाकिस्तान से नाराज है और इसका पता हमें इस बात से चलता है कि कुछ समय पहले ही अमेरिका ने आतंकी खतरों के कारण अपने नागरिकों को पाकिस्तान की यात्रा न करने के लिए एक एडवायजरी जारी की थी। दरअसल, यह चेतावनी/एडवायजरी अमेरिकी विदेश विभाग द्वारा जारी की गई थी, जिसमें बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा जैसे क्षेत्रों में सुरक्षा चिंताओं को उजागर किया गया था, जहां चरमपंथी समूह सक्रिय हैं और लगातार हमलों को अंजाम दे रहे हैं। अब चीन के साथ संबंध मजबूत करके पाकिस्तान अमरीका की कमी को पूरी करने में लगा हुआ है। दरअसल, पाकिस्तान के मंसूबे ठीक नहीं है और वह कश्मीर घाटी में आतंकवाद फैलाकर कश्मीर हथियाने का सपना देखता रहा है, लेकिन पाकिस्तान का यह सपना कभी भी पूरा नहीं होने वाला है। पाकिस्तान वर्ष 1971 का बदला भी भारत से लेना चाहता है और वह भारत में रह-रहकर अशांति फैलाने की नए सिरे से कोशिश करता रहता है। अब पहलगाम हमले के बाद यह पूरी तरह से साफ हो गया है कि पाकिस्तान, भारत में आतंकी हमलों के साथ धार्मिक अलगाव की भावना भी पैदा करना चाहता है। भारत को यह चाहिए कि वह पाकिस्तान की नापाक व कुटिल हरकतों को समझे और अमन-चैन को प्राथमिकता दें। देश के आम नागरिकों को भी ऐसे समय में शांति, संयम से काम लेना होगा और इस बात के प्रयास करने होंगे कि समाज और देश का माहौल न बिगड़ने पाए। निश्चित रूप से सरकार आतंकवाद और आतंकियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करेगी, इसमें कोई दोराय नहीं है क्यों कि आतंकवाद और आतंकियों के खिलाफ हमारे देश की नीति 'जीरो टोलरेंस'(शून्य सहनशीलता) की रही है। आज हमारे देश की विभिन्न सुरक्षा एजेंसियां चौकस व सजग हैं और आतंकियों/आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हाल फिलहाल, हमारे देश के गृहमंत्री अमित शाह पूरी स्थिति पर निगाह रखे हुए है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी फुल एक्शन पर हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने यह संकल्प जताया है कि हमले के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। वास्तव में, इस संवेदनशील मौके पर सभी राजनीतिक दलों को एकजुटता दिखाने की जरूरत है। हमें यह चाहिए कि हम पाकिस्तान के मंसूबों को विफल करने और उसे कड़ा जवाब देने की रणनीति की दिशा में एकजुटता से काम करें।



# जिराफ की तरह होती हैं गेरेनक की गर्दन

'हॉर्न ऑफ अफ्रीका' के देशों व अफ्रीकन ग्रेट लेक्स में पाया जाने वाला गेरेनक एक ऐसा हिरन है, जो अपनी पतली और लंबी गरदन और छरहरे शरीर के कारण 'जिराफ हिरन' के नाम से जाना जाता है। जब यह किसी पेड़ से सटकर पिछले दो पैरों पर खड़ा होकर उसकी पत्तियां खाता है, तो जिराफ की याद आ जाती है। इसकी लंबाई105 सेंटीमीटर और वजन 52 किलोग्राम तक हो सकती है।

**बच्चो, पहले मुर्गी हुई या अंडा की पहेली तो आप लोग बाद में कभी हल करना, लेकिन आज हम आप को बांग देने वाला पक्षी मुर्गा के बारे में बता रहे हैं। सुबह-सुबह अपने कूंकूडू कूं से सबको जगाने वाला मुर्गा एक ऐसा पक्षी है, जो हमारी संस्कृति में रचा-बसा हुआ है। कहा जाता है कि मुर्गे की उत्पत्ति भारत भूमि पर हुई और यहां से ही पूरी दुनिया में मुर्गे को इंसान ले गया।**




# बांग देने वाला पक्षी मुर्गा

आज मुर्गे की जितनी भी नस्लें सारे संसार में हैं, वे सब लाल जंगली मुर्गे गैलस की वंशज हैं। यह अलग बात है कि आज लाल जंगली मुर्गा विलुप्त होने के कगार पर है। वैज्ञानिक रिसर्च के अनुसार मुर्गे और मानव जीवन में काफी समानताएं हैं। मानव और मुर्गे के जीनोम में से 50 फीसदी जीन आपस में मिलते हैं। मुर्गे को पालतू बनाने के कारणों में से प्रमुख है इनकी दिलचस्प लड़ाई। ऐसा माना जाता है कि मुर्गा काफी साहसी होता है। इस साहसी गुण के कारण ही इसको पालतू बनाया गया। इंसान में बहादुरी के कोई 20 लक्षणों की यदि लिस्ट बनाई जाए तो उसमें से चार गुण मुर्गे से जरूर मिल जाएंगे।

जब मुर्गे को पालतू बनाया गया तो इसके बारे में काफी कुछ लिखा गया। एक ऐसा पक्षी जिसके माथे पर चटक लाल रंग की कलगी और शरीर खूबसूरत लाल-काले, हरे, किंतु चमकदार पंखों से ढंका हुआ होता है। जब वह मिस्र के राज दरबार में पहली दफा पहुंचा तो उसे देखने वालों की खासी भीड़ जुटी। ऐसा माना जाता है कि लाल जंगली मुर्गे को सबसे पहले मोहनजोदड़ो और हड़प्पा में 2500-2100 ईसा पूर्व पालतू बनाया। इस दौर के बनाए चित्रों में मुर्गा दिखाई देता है। यहां अनेक मिट्टी के खिलौनों में भी नर और मादा मुर्गे को दिखाया गया है।

# बिना सांस लिए भी जिंदा रहता है यह जीव

सांस लिए बिना कोई भी जीव-जंतु या इंसान की जिंदा रहना बेहद ही मुश्किल है। इस बात को हम सभी जानते हैं कि सांस के माध्यम से बिना ऑक्सीजन गैस लिए कोई जिंदा नहीं रह सकता है। लेकिन हाल ही में वैज्ञानिकों को एक ऐसा रहस्यमयी जीव (परजीवी) मिला है, जो बिना सांस लिए भी धरती पर जिंदा है। यह दुनिया का पहला ऐसा जीव है, जिसके अंदर ये अनोखी विशेषता है। बता दें कि जेलीफिश की तरह दिखने वाले इस बहुकोशिकीय परजीवी में माइट्रोकॉन्ड्रियल जीनोम नहीं है। किसी भी जीव को सांस लेने के लिए माइट्रोकॉन्ड्रियल जीनोम बेहद ही जरूरी होता है। इन्हीं वजहों से इस परजीवी को जिंदा रहने के लिए ऑक्सीजन की जरूरत नहीं पड़ती। इजरायल की तेल-अवीव यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं की टीम ने इस अद्भुत और रहस्यमय परजीवी की खोज की है। शोधकर्ताओं के मुताबिक, यह परजीवी मछलियों से ऊर्जा प्राप्त करता है। लेकिन इस दौरान वो उन्हें किसी तरह का कोई नुकसान नहीं पहुंचाता। खास बात ये है कि मछलियां भी इस परजीवी को नुकसान नहीं पहुंचाती हैं। ये परजीवी साल्मन फिश में पाए जाते हैं और ये तब तक जिंदा रहते हैं, जब तक कि मछली जिंदा रहती है। इस जीव का वैज्ञानिक नाम हेन्नीगुया साल्मिनीकोला है। शोध के प्रमुख डयाना याहलोमी ने बताया कि यह जीव इंसानों या दूसरे जीवों के लिए बिल्कुल भी नुकसानदायक नहीं है। हालांकि, यह अब तक रहस्य ही बना हुआ है कि आखिर इस तरह का जीव पृथ्वी पर विकसित कैसे हुआ, जो बिना ऑक्सीजन के भी जिंदा रह सकता है। शोध के दौरान वैज्ञानिकों ने इस परजीवी को फ्लोरेसेंस माइक्रोस्कोप से देखा, जिसमें उन्हें माइटोकॉन्ड्रिंयल डीएनए नहीं दिखा। इसके बाद यह स्थिति साफ हो गई कि यह दुनिया का पहला ऐसा जीव है, जिसे जीने के लिए सांस लेना जरूरी नहीं है। हालांकि, साल 2010 में भी इटली के शोधकर्ताओं को इसी तरह का एक जीव मिला था, जिसमें साफतौर पर माइटोकॉन्ड्रिंयल डीएनए नहीं दिखा था। उसकी ऊर्जा का स्रोत हाइड्रोजन सल्फाइड था। लेकिन नए मिले इस जीव को तो हाइड्रोजन सल्फाइड की भी जरूरत नहीं है।





# समंदर में डूब रहे हैं दुनिया के ये बड़े शहर

**क्लाइमेट सेंट्रल नाम के प्रोजेक्ट ने ग्लोबल वॉर्मिंग की वजह से बढ़ते खतरों पर एक रिपोर्ट तैयार की है। इस रिपोर्ट में हैरान कर देने वाली बात कही गयी है। रिपोर्ट के मुताबिक समुद्री जलस्तर और बाढ़ की वजह से अगले 9 सालों में दुनिया के ये शहर डूब सकते हैं। सिर्फ यही नहीं इस सूची में भारत के कोलकाता शहर का भी नाम शामिल है। चलिए जानते है कि इस रिपोर्ट में किन शहरों के डूबने का खतरा बताया जा रहा है.**

जलवायु परिवर्तन की वजह से पूरी दुनिया में समुद्र का जल स्तर बढ़ रहा है.यही वजह है कि अब समुद्र के बढ़ते जलस्तर की वजह से कई शहरों के अस्तित्व पर ही खतरा मंडराने लगा है.कुछ ऐसे शहर हैं जो अब डूबने की कगार पर पहुंच गए हैं.समुद्र तटीय शहरों में बसे लोगों को इस खतरे का सबसे ज्यादा सामना करना पड़ रहा है. जलवायु परिवर्तन पर प्रकाशित किए गए अध्ययन में इसका दावा किया गया है. अध्ययन में कहा गया है कि ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन की वजह से पृथ्वी पर मौजूद बर्फ तेजी से पिघल रही है जिससे पूरी दुनिया में समुद्र का स्तर बढ़ता जा रहा है.यही वजह है कि समुद्र के पानी का विस्तार हो रहा है. परिणाम स्वरूप न्यू ऑरलियन्स और जकार्ता जैसे शहरों में समुद्र के स्तर में बहुत तेजी से वृद्धि हो रही है.पानी के बढ़ने के साथ ही इन तटीय शहरों की जमीन डूब रही है.

शोधकर्ताओं की एक अंतरराष्ट्रीय टीम ने अपने अध्ययन में पाया कि समुद्र के बढ़ते स्तर की वजह से डूबती हुई भूमि ने दुनिया भर के तटीय निवासियों को असुरक्षित बना दिया है.इन तटीय शहरों में वैश्विक स्तर के मुकाबले समुद्र तट के जल स्तर में वृद्धि तीन से चार गुणा ज्यादा है.

यूनिवर्सिटी ऑफ ईस्ट एंग्लिया के टिंडाल सेंटर फॉर क्लाइमेट चेंज के अध्ययन के नेतृत्वकर्ता और स्टटी के लेखक रॉबर्ट निकोल्स ने कहा कि हम कोई पूर्वानुमान नहीं बता रहे हैं बल्कि हम जो हो रहा है उसके बारे में बात कर रहे हैं.यह बेहद महत्वपूर्ण और चिंताजनक विषय है.शोध में सिल्वर लाइनिंग का जिक्र करते हुए बताया गया कि जिस तरह मानव गतिविधि की वजह से धरती के एक बड़े हिस्से से भूजल गायब होता जा रहा.तटीय इलाकों में मानवीय गतिविधि की वजह से समुद्र से सटे इलाकों के डूबने का खतरा पैदा हो गया है.

रिसर्च में कहा गया है कि तटीय भूमि के लगातार कम होने के कुछ कारक मानव नियंत्रण से परे हैं.पृथ्वी के कुछ हिस्सों में अभी भी ग्लेशियरों के लुप्त होने से होने वाली समस्या को प्रकृति अपने तरीके से समायोजित कर रही है. लेकिन उन प्राकृतिक प्रक्रियाओं के अलावा, भूजल निकासी, तेल और गैस निकासी, रेत खनन, और नदियों के आसपास बाढ़ अवरोधों के निर्माण (बांध) सहित मानव गतिविधियां जमीन डूबने का कारण बन सकती हैं. उन स्थानों पर जहां लोग केंद्रित हैं, ये गतिविधियां, विशेष रूप से भूजल को खत्म करने, भूमि को और अधिक तेजी से कम करने का कारण बनती है, जो अकेले भूवैज्ञानिक प्रक्रियाओं के माध्यम से होती है.20 वीं शताब्दी में, जकार्ता, न्यू ऑरलियन्स, शंघाई और बैंकाक के तटीय जमीन छह से 10 फीट तक पानी में डूब गए.सैटेलाइट के जरिए इन इलाकों की पैमाइश के अध्ययन से निष्कर्ष निकला कि समुद्री स्तर में वृद्धि प्रति वर्ष लगभग 33 मिलीमीटर (एक इंच के लगभग आठवें हिस्से) हो रही है. शोधकर्ता निकोलस और उनके सहयोगियों ने पाया कि औसतन, पृथ्वी की तटरेखाओं ने वास्तव में 1993 से 2015 के बीच लगभग 26 मिलीमीटर प्रति वर्ष (0.1 इंच) की तुलना में थोड़े कम सापेक्ष लिफ्ट का अनुभव किया है, क्योंकि ग्लेशियल रिबाउंड के कारण भूमि अभी भी बढ़ रही है.लेकिन ऐसा वहां नहीं हो रहा जहां अधिकांश लोग रहते हैं.इसी अवधि में, पृथ्वी के तटीय निवासियों ने समुद्र जल स्तर में औसतन 78 से 9 मिलीमीटर सालाना (लगभग आधा इंच) की वृद्धि देखी है. शोध के मुताबिक यह इस तथ्य को दर्शाता है कि तटीय निवासी तेजी से डूबने वाले क्षेत्रों पर आश्रित हैं जिसमें डूबते हुए डेल्टा और डूबते हुए शहर शामिल हैं.समस्या विशेष रूप से दक्षिण पूर्व एशिया में है, जहां 2015 में, 185 मिलियन लोग तटीय बाढ़ के मैदानों में रहते थे.तटीय इलाकों में रहने वाली लोगों की वैश्विक संख्या के 75 फीसदी लोग इन इलाकों में रहते हैं.ऐसे लोग नदी की बाढ़ और समुद्र के स्तर में वृद्धि दोनों के खतरों का सामना कर रहे हैं.



## कुछ सालों में डूब जाएंगे दुनिया के ये बड़े शहर!

### न्यू ओरलिंस, अमेरिका




अमेरिका के न्यू ओरलिंस शहर में नहरों और जलीय शाखाओं का जाल बिछा हुआ है। ये जाल न्यू ओरलिंस शहर को बाढ़ से बचाता है। अगर ये सुरक्षा जाल नहीं होता तो इस शहर में भारी तबाही मच जाती। वहीं अब कहा जा रहा है कि अगर समुद्र का जलस्तर तेजी से बढ़ता है तो इस शहर के लिए खतरा है और ये शहर डूब जाएगा।

### एम्स्टर्डम, द नीदरलैंड्स




द नीदरलैंड्स में एम्स्टर्डम, रॉटरडम और हॉग जैसे शहर कम ऊंचाई पर स्थित हैं और ये नॉर्थ सी के बेहद नजदीक हैं। लेकिन रिपोर्ट में कहा गया है कि जिस हिसाब से समुद्र का जलस्तर बढ़ रहा है, उसे देखकर लगता है कि ये शहर भी डूब जाएंगे। इतना ही नहीं कोई भी डैम, बैरियर, फ्लडगेट इन शहरों को नहीं बचा पाएंगे।

### बसरा, इराक



इराक ये शहर शत अल-अरब नाम की बड़ी नदी के किनारे बसा है। ये नदी पारस की खाड़ी से मिलती है। वहीं कई सारी नहरों और बैक वॉटर चैनल के जरिए ये शहर खाड़ी से जुड़ा है। इसकी वजह से इस शहर के आसपास काफी दलदली इलाका भी है। अगर समुद्री जलस्तर बढ़ता है तो इस शहर को खतरा है। बाढ़ आई तो इस शहर में काफी ज्यादा नुकसान हो सकता है। सिर्फ यही नहीं ये नक्शे से खत्म भी हो सकता है।

### वेनिस, इटली



इटली का वेनिस शहर पानी के बीच में बसा हुआ है। यहां पर हर साल बाढ़ आती है। सबसे बड़ी बात ये है कि इस शहर में दो तरह का खतरा है। पहला समुद्र का जलस्तर बढ़ना और दूसरा ये शहर अपने आप डूब रहा है। हर साल 2 मिलिमीटर नीचे धंस रहा है। अगर समुद्र का जलस्तर तेजी से बढ़ा तो 2030 तक ये शहर पानी के अंदर डूब जाएगा।

### हो ची मिन्ह सिटी, वियतनाम



वियतनाम के पूर्वी इलाके में बसे इस शहर की ऊंचाई समुद्र तल से ज्यादा नहीं है। इस शहर को सबसे बड़ा खतरा मेकॉन्ग डेल्टा से है। इस डेल्टा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। वैज्ञानिकों को आशंका है कि हो ची मिन्ह सिटी साल 2030 तक पानी के अंदर डूब जाएगा।



# ये है दुनिया की सबसे खतरनाक चीटियां

**चीटियों को आप किस वजह से पहचानते हैं। उनकी मेहनत की वजह से, चीटियां अपने धुन की पक्की होती है और चीटियां जब तक अपने काम को पूरा नहीं कर लेती वह रुकती नहीं है। इसके अलावा चीटियों की तारीफ इस वजह से भी की जाती है कि चीटियां इतनी छोटी होने के बावजूद भी अपने से कई गुना वजन को उठा लेती हैं। चीटियों का ये सामाजिक ताना-बाना बड़ा ही कमाल का है। लेकिन चीटियों से जुड़ी हुई एक ऐसी खबर आई है। जिसे जानने के बाद आप हैरान रह जाएंगे।**

दरअसल कुछ ऐसी चीटियों के बारे में जानकारी प्राप्त हुई है। जोकि फिदायीन हमलावर की तरह अपने अंदर धमाका कर लेती हैं। बिल्कुल सही सुना आपने, दरअसल न्यूयॉर्क टाइम्स ने जनरल जूकीज में छपी स्टडी के मुताबिक ब्रूनेई के बेलालॉन्ग फील्ड स्टडीज सेंटर के सामने पेड़ों के करीब चीटियों के ऐसे कई घर मौजूद हैं। यह चीटियां अपने घर पर हमला होने की सूरत में अपनी जान तक दे देती हैं।

इन चींटियों के अंदर धमाका करने की एक खास प्रवृति मौजूद है। और इसी वजह से इन्हें कोलोबोपसिस एक्सप्लोडेंस कहा जाता है। जब इन चीटियों के घोसले पर हमला या फिर अतिक्रमण कर दिया जाए तो यह चीटियां अपने पेट में धमाका कर लेती हैं। जिसके बाद इन चीटियों के पेट से चिपचिपा, चमकीला, पीला फ्लूइड बाहर निकल आता है। जो कि बहुत ज्यादा जहरीला होता है। ये बिल्कुल उसी तरह है जैसे कि मधुमक्खी डंक मारने के बाद अपने प्राण त्याग देती है उसी तरह यह चीटियां भी अपने घर को बचाने के लिए अपनी जान देने में पीछे नहीं रहती है। इन चींटियों के द्वारा पेट में किया जाने वाला ये धमाका इनके घरों को जरूर बचा लेता है।

धमाका करने वाली चींटियों को एक्सप्लोडेंस नाम से जाना जाता है। जब इनके घर पर हमला होता है तो यह खुद के पेट मे धमाका कर लेती है। इसके पश्चात इनके पेट से जहरीला पिला चमकीला फ्लूइड बाहर निकलने लगता है। जिस प्रकार मधुमक्खी डंक लगाने के बाद मार जाती है ठीक उसी प्रकार ये चींटियां भी अपना घर बचने के लिए खुद को इस धमाके में नष्ट कर लेती है।

दरअसल वैज्ञानिक अपने अंदर धमाका करने वाली इन चीटियों के बारे में पिछले 200 साल से भी ज्यादा वक्त से जानते हैं। और आपको बतादें की साल 1916 में पहली बार इन चींटियों के बारे में बताया गया था। लेकिन साल 1935 से इस समूह की चींटियों को कोई भी आधिकारिक नाम नहीं मिला था।



# हाथी और चूहा

एक बहुत घना जंगल था। इतना कि उसमें सूर्य की किरणें भी नहीं पहुंच पाती थीं। इस जंगल में तरह-तरह के भयानक जानवर थे। सभी सुख-चैन से रह रहे थे। एक दिन उस घने और भयानक जंगल में एक हाथी आ पहुंचा। देखने में पहाड़ जैसा ऊंचा और शक्तिवान। जब वह चलता, तो सारे जानवर उसे छिपकर देखते थे। उसके चिंघाड़ने से जंगल में भगदड़ मच जाती थी। बड़े जानवर छिप जाते और छोटे जानवर अपनी मांदों में दुबक जाते। जंगल के जानवरों का सुख-चैन छिन गया।


यह देख, हाथी बहुत परेशान रहने लगा। उसकी समझ में कुछ नहीं आ रहा था। वह तो उन्हें दोस्त बनाने के लिए प्यार से आवाज लगाता था, पर होता उलटा ही था। उसकी समझ में नहीं आ रहा था कि आखिर उसमें कौन सी बुरी आदत है? वह रात-दिन यही सोचने लगा।

एक दिन हाथी उदास मन से धीरे-धीरे घूम रहा था। जब वह जंगल के एक पुराने बरगद के नीचे पहुंचा, तो उसे एक चीख सुनाई पड़ी। कोई चिल्ला रहा था, बचाओ-बचाओ! हाथी ने सिर उठाकर देखा, एक नन्हा सा चूहा पेड़ की टहनियों में उलझा चिल्ला रहा था। हाथी बोला, घबराओ नहीं, मैं अभी तुम्हें बचाता हूं। हाथी को देखकर पहले तो चूहा कुछ डरा। लेकिन मरता क्या न करता! चूहा डर भूल गया और हाथी को डबडबाई आंखों से देखने लगा। हाथी ने अपनी सूंड ऊपर उठा दी और चूहा उस पर बैठकर नीचे उतर आया।

नीचे आते ही चूहा तेजी से भाग गया। उसने पीछे मुड़कर भी नहीं देखा। बेचारे हाथी ने तो सोचा था कि चूहा ही उसका दोस्त बनेगा, पर वह भी भाग गया। अब हाथी को विश्वास हो गया कि उसका कोई भी दोस्त नहीं बन सकता। यह सोचकर वह रोने लगा।

लेकिन थोड़ी ही देर में चिड़ियों का मधुर गाना उसे सुनाई पड़ने लगा। ऐसा गाना उसने इस जंगल में पहले कभी नहीं सुना था। देखते ही देखते जंगल के सारे जानवर हाथी के चारों तरफ एक घेरा बनाकर नाचने-गाने लगे। कोई सीटी बजा रहा था, तो बंदर ढोल पीट रहा था। शेर सुरीली आवाज में गा रहा था। हाथी को यह सब एक सपने की तरह लग रहा था। हाथी ने हैरानी से देखा, झुंड में वही चूहा सबसे आगे था, जिसे हाथी ने बचाया था।

उस छोटे चूहे ने कहा, आज तुमने मुझे बचाया है। तुम बहुत ही अच्छे हो। शरीर से चाहे कितने ही बड़े हो, परंतु तुम्हारा दिल दया और प्रेम से भरा हुआ है। आज से तुम हम सबके दोस्त हो और हम सब तुम्हारे। हाथी ने उन्हें बताया कि असल में उसका जोर से बोलने का मतलब जानवरों को डराना और नुकसान पहुंचाना नहीं था, बल्कि दोस्त बनाना था। अब हाथी भी उस नाच-गाने में शामिल हो गया। सारे जानवर और भी झूम-झूमकर नाचने लगे। हाथी फिर कभी इतने जोर से नहीं चिल्लाया।



## संक्षिप्त खबरें

# डीपीआईआईटी ने चार राज्यों में 14,096 करोड़ रुपये की मेगा बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की समीक्षा की




नई दिल्ली, (एजेंसी) : उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और उत्तराखंड राज्यों में स्थित मेगा बुनियादी ढांचा संबंधी परियोजनाओं की समीक्षा की। इन आधारभूत ढांचा संबंधी वृहत परियोजनाओं की कुल लागत 14,096 करोड़ रुपये से अधिक है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में बताया कि डीपीआईआईटी के सचिव अमरदीप भाटिया ने उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और उत्तराखंड राज्यों में आधारभूत ढांचा संबंधी वृहत परियोजनाओं की समीक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। परियोजना निगरानी समूह के तत्वावधान में आयोजित इस समीक्षा बैठक में केंद्रीय मंत्रालयों, राज्य सरकारों और परियोजना प्रस्तावकों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

मंत्रालय के अनुसार बैठक के दौरान 17 महत्वपूर्ण परियोजनाओं में 19 मुद्दों की समीक्षा की गई। इन परियोजनाओं की कुल लागत 14,096 करोड़ रुपये से अधिक है। इस बैठक के दौरान अंतर-मंत्रालयी और अंतर-राज्य समन्वय को बढ़ाकर कार्यान्वयन चुनौतियों के त्वरित समाधान पर अधिक ध्यान दिया गया। बैठक में जिन प्रमुख परियोजनाओं की समीक्षा की गई उनमें जौनपुर-अकबरपुर सड़क परियोजना को चार लेन का बनाना शामिल है, जिसकी लागत 3,164.72 करोड़ रुपये है। इस परियोजना में दो कार्य पैकेजों में दो प्रमुख मुद्दे शामिल हैं, और यह क्षेत्रीय संपर्क और सड़क बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए महत्वपूर्ण है।

अमरदीप भाटिया ने परियोजना निगरानी के लिए संस्थागत ढांचे को मजबूत करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई और सभी हितधारकों से मुद्दे के समाधान के लिए सक्रिय दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने निजी क्षेत्र के प्रतिभागियों को सरकार और अन्य प्रमुख संस्थाओं के साथ बेहतर समन्वय का लाभ उठाकर परियोजना कार्यान्वयन में तेजी लाने के लिए पीएमजी प्लेटफॉर्म के साथ सक्रिय रूप से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

# अब 10 लाख रुपये से अधिक कीमत वाले लक्जरी सामान पर एक फीसदी लगेगा टीसीएस

नई दिल्ली, (एजेंसी) : हैंडबैग, कलाई घड़ी, जूते और खेलकूद के कपड़े जैसे 10 लाख रुपये से अधिक कीमत वाले लक्जरी सामानों पर अब एक फीसदी स्रोत पर कर संग्रह (टीसीएस) लगेगा। आयकर विभाग ने बुधवार को 22 अप्रैल से विलासितापूर्ण वस्तुओं की बिक्री पर 1 फीसदी की दर से टीसीएस लगाने से जुड़ी अधिसूचना जारी की है।

आयकर विभाग के मुताबिक केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने अधिसूचना जारी की है, जिसमें उन विलासिता वस्तुओं की सूची निर्दिष्ट की गई है, जिन पर स्रोत पर कर संग्रह (टीसीएस) लगाया जाएगा। विभाग ने 22 अप्रैल, 2025 को जारी अधिसूचना में कहा है कि नए नियम प्रकाशन की तिथि से प्रभावी होंगे। इसलिए, 22 अप्रैल, 2025 से उल्लिखित विलासिता वस्तुओं से कर वसूला जाएगा।

सीबीडीटी ने इस संबंध में दो अधिसूचनाएं जारी की हैं। पहली अधिसूचना लग्जरी वस्तुओं की प्रकृति से संबंधित है, जबकि दूसरी अधिसूचना टैक्स की दर और खरीद की सीमा से संबंधित है, जिसके ऊपर कर लगाया जाएगा। आयकर विभाग के मुताबिक यह अधिसूचना कर आधार का विस्तार करने तथा अधिक वित्तीय पारदर्शिता को बढ़ावा देने के व्यापक नीतिगत उद्देश्य को दशार्ती है। विभाग के मुताबिक 22 अप्रैल से 10 लाख रुपये से अधिक की विशिष्ट लक्जरी वस्तुओं की बिक्री पर एक फीसदी की दर से टीसीएस की प्रयोज्यता को अधिसूचित किया गया है।

अधिसूचना के मुताबिक टीसीएस एकत्र करने का दायित्व विक्रेता पर होगा, जो अधिसूचित वस्तुओं जैसे कलाई घड़ी, कला वस्तुएं जैसे पेंटिंग, मूर्तियां और प्राचीन वस्तुएं, संग्रहणीय वस्तुएं जैसे सिक्के और टिकट, नौकाएं, हेलीकॉप्टर, लक्जरी हैंडबैग, धूप के चश्मे, जूते, उच्च श्रेणी के खेल परिधान और उपकरण, होम थिएटर सिस्टम और रेसिंग या पोलो के लिए घोड़े आदि के संबंध में होगा। उदाहरण के तौर पर बिक्री राशि के 1 फीसदी की दर से टैक्स वसूला जाएगा। इसका मतलब यह है कि अगर आप कोई खास लग्जरी गुड्स खरीदते हैं, जिसकी कीमत मान लीजिए, 30 लाख रुपये है तो विक्रेता खरीदार से बिक्री पर 30 हजार रुपये कर वसूलेगा।

# विश्व बैंक ने 2025-26 के लिए भारत के जीडीपी अनुमान को घटाकर 6.3 फीसदी किया




नई दिल्ली, (एजेंसी) : विश्व बैंक ने बुधवार को चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत के विकास दर अनुमान को 0.40 फीसदी घटाकर 6.3 फीसदी कर दिया। विश्व बैंक ने पिछले पूर्वानुमान में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.7 फीसदी रहने का अनुमान जताया था।

विश्व बैंक ने ने अपने द्विवार्षिक क्षेत्रीय दृष्टिकोण में कहा कि भारत में वित्त वर्ष 2024-25 में वृद्धि निराशाजनक रही, क्योंकि निजी निवेश में धीमी वृद्धि हुई तथा सार्वजनिक पूंजीगत व्यय सरकारी लक्ष्यों को पूरा नहीं कर सके। विश्व बैंक के मुताबिक वैश्विक आर्थिक कमजोरी और नीतिगत अनिश्चितता के बीच देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) को घटाने का यह फैसला लिया गया है।

टैक्सिंग टाइम्स के दक्षिण एशिया वृद्धि दर अपडेट में कहा गया है, ₹भारत में विकास दर वित्त वर्ष 2024-25 के 6.50 फीसदी से घटकर चालू वित्त वर्ष 2025-26 में 6.3 फीसदी रहने की उम्मीद है। ऐसा मौद्रिक सहजता और विनियामक सरलीकरण से निजी निवेश को होने वाले लाभ के वैश्विक आर्थिक कमजोरी और नीतिगत अनिश्चितता से प्रभावित की आशंका के कारण किया गया है।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने एक दिन पहले मंगलवार को चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए विकास दर के पूर्वानुमान को 6.5 फीसदी से घटाकर 6.2 फीसदी कर दिया था। इसके साथ ही वित्त वर्ष 2026-27 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर के अनुमान को भी 6.5 फीसदी से घटाकर 6.3 फीसदी कर दिया है।

# लगातार 7वें दिन मजबूती के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स और निफ्टी की शानदार रिकवरी

नई दिल्ली, (एजेंसी) : घरेलू शेयर बाजार बुधवार को लगातार 7वें कारोबारी दिन मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। आज के कारोबार की शुरूआत भी मजबूती के साथ हुई थी। इस मजबूती के कारण सेंसेक्स आज 18 दिसंबर, 2024 के बाद पहली बार 80 हजार अंक के स्तर को पार करने में सफल रहा। हालांकि, बाजार खुलने के बाद मुनाफा वसूली के चक्कर में हुई बिकवाली के कारण शेयर बाजार कुछ देर के लिए लाल निशान में भी गया, लेकिन दोपहर 11 बजे के बाद बाजार में लगातार लिवाली का जोर बना रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.65 प्रतिशत और निफ्टी 0.67 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

आज दिन भर के कारोबार के दौरान ऑटोमोबाइल, आईटी और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही। इसी तरह फार्मास्यूटिकल, मेटल, कैपिटल गुड्स, एफएमसीजी, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, ऑयल एंड गैस और टेक इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। बैंकिंग और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज आमतौर पर खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.94 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.26 प्रतिशत की बढ़त के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आज शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 3 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 430.27 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 427.37 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 2.90 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।



आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,106 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,089 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,866 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 151 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,567 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,305 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,262 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 24 शेयर बढ़त के साथ और 6 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 39 शेयर हरे निशान में और 11 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स आज 546.50 अंक की मजबूती के साथ 80,142.09 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही खरीदारी के सपोर्ट से यह सूचकांक 658.96 अंक उछल कर 80,254.55 अंक के स्तर तक पहुंच गया। हालांकि थोड़ी देर बाद ही बिकवाली का दबाव बन गया, जिसके कारण यह सूचकांक ऊपरी स्तर से करीब 750 अंक टूट कर 88.69 अंक की कमजोरी के साथ 79,506.90 अंक के स्तर तक गिर गया। बाजार में आई इस गिरावट के बाद खरीदारों ने एक बार फिर मोर्चा संभाला और आक्रामक अंदाज में खरीदारी शुरू कर दी, जिससे इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स निचले स्तर से 600 अंक से अधिक की रिकवरी करके 520.90 अंक की बढ़त के साथ 80,116.49 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 190.35 अंक की उछाल के साथ 24,357.60 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही बाजार में उतार-चढ़ाव की स्थिति बन गई। खरीदारी के सपोर्ट से यह सूचकांक 192.05 अंक की बढ़त के साथ 24,359.30 अंक के स्तर तक पहुंचा। वहीं बिकवाली का दबाव बनने पर ये ऊपरी स्तर से करीब 240 अंक का गोता लगा कर 47.30 अंक की कमजोरी के साथ 24,119.95 अंक के स्तर तक गिर गया। हालांकि इस गिरावट के बाद एक बार फिर खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिसके कारण निफ्टी निचले स्तर से 200 अंक से अधिक की रिकवरी करके 161.70 अंक की तेजी के साथ 24,328.95 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

पूरे दिन के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से एचसीएल टेक्नोलॉजी 7.71 प्रतिशत, टाटा मोटर्स 4.60 प्रतिशत, टेक महिंद्रा 4.58 प्रतिशत, विप्रो 4.04 प्रतिशत और इंफोसिस 3.66 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर, ग्रासिम इंडस्ट्रीज 2.32 प्रतिशत, एचडीएफसी बैंक 1.93 प्रतिशत, कोटक महिंद्रा 1.84 प्रतिशत, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया 1.09 प्रतिशत और एक्सिस बैंक 0.81 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

# भारत सबसे तेजी से विकास करने वाला देश बना रहेगा: वित्त मंत्रालय

नई दिल्ली, (एजेंसी) : भारत एक बार फिर वैश्विक अर्थव्यवस्था का नेतृत्व करने के लिए तैयार है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के वित्त वर्ष 2025-26 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के अनुमान को घटाकर 6.2-6.7 फीसदी किए जाने के बावजूद भारत सबसे तेजी से विकास करने वाला देश बना रहेगा।

वित्त मंत्रालय ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं और अन्य बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के लिए विकास पूर्वानुमानों में गिरावट के बावजूद भारत वैश्विक आर्थिक वृद्धि में अपना नेतृत्व बनाए रखने के लिए तैयार है। मंत्रालय ने कहा, ₹बुनियादी ढांचे, नवाचार और वित्तीय समावेशन में सुधारों के साथ भारत ने वैश्विक आर्थिक गतिविधि के प्रमुख चालक के रूप में अपनी भूमिका को बढ़ाना जारी रखा है।

मंत्रालय ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि मौजूदा टैरिफ युद्ध और अमेरिकी व्यापार नीति पर अनिश्चितता के बीच अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत के विकास दर के अनुमानों में 0.5 फीसदी तक की कटौती की है। हालांकि, देश सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। मंत्रालय ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के अनुमान का हवाला देते हुए कहा कि अगले दो वित्त वर्षों में भारत सबसे तीव्र गति से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बनी रहेगी।




आईएमएफ के वर्ल्ड इकॉनोमिक आउटलुक के अप्रैल 2025 संस्करण के अनुसार भारत की अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2025-26 में 6.2 फीसदी और 2026-27 में 6.3 फीसदी की दर बढ़ने की उम्मीद है, जो वैश्विक और क्षेत्रीय स्तर पर मिलती-जुलती अर्थव्यवस्था वाले देशों पर ठोस बढ़त बनाए रखेगा। आईएमएफ ने वैश्विक आर्थिक वृद्धि दर को बहुत कम 2025 में 2.8 फीसदी और 2026 में 3.0 फीसदी रहने का अनुमान जताया है, जो भारत के असाधारण बेहतर प्रदर्शन को दशार्ता है।इसके अलावा आईएमएफ ने अन्य प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं के लिए अपने विकास दर के अनुमान को भी संशोधित किया है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने 2025 के लिए चीन के जीडीपी विकास पूर्वानुमान को घटाकर 4.0 फीसदी कर दिया गया है, जो विश्व आर्थिक परिदृश्य के जनवरी 2025 संस्करण में 4.6 फीसदी से कम है। इसी तरह संयुक्त राज्य अमेरिका में भी मंदी की आशंका है, आईएमएफ ने इसकी वृद्धि को घटाकर 1.8 फीसदी कर दिया है।वित्त मंत्रालय ने कहा कि इन संशोधनों के बावजूद भारत की मजबूत विकास गति इसे वैश्विक मंच पर अलग पहचान दिलाती है। अमेरिकी अर्थव्यवस्था के मंदी की ओर जाने, चीन की वृद्धि दर में भारी गिरावट आने तथा वैश्विक स्तर पर देशों में आर्थिक गतिविधियों में मंदी आने की संभावना के बावजूद भारत की चालू वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि दर 6.2-6.7 फीसदी के दायरे में रहने की उम्मीद है। मंत्रालय ने कहा है कि मजबूत बुनियादी ढांचे और रणनीतिक सरकारी पहलों के समर्थन से देश आगे आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए अच्छी स्थिति में है।

उल्लेखनीय है कि विश्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत के विकास दर अनुमान को 6.30 फीसदी कर दिया है, जबकि वित्त वर्ष 2026-27 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 6.3 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। इसी तरह फिच रेटिंग्स ने 6.4 फीसदी की वृद्धि का अनुमान लगाया है, जबकि एसएंडपी ने 6.5 फीसदी का अनुमान जताया है। मूडीज एनालिटिक्स ने कैलेंडर वर्ष 2025 के लिए 6.1 फीसदी की वृद्धि दर का अनुमान लगाया है। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था में 6.5 फीसदी की वृद्धि होने का अनुमान है। हालांकि, भारतीय रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष 2025-25 में देश की अर्थव्यवस्था इसी दर से बढ़ने का अनुमान जताया है।

# एग्रीनोवेट इंडिया लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 1.42 करोड़ रुपये का लाभांश भुगतान किया



नई दिल्ली, (एजेंसी) : एग्रीनोवेट इंडिया लिमिटेड (एजीआईएन) ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 1 करोड़ 42 लाख 23 हजार 513 रुपये का लाभांश घोषित किया है। एजीआईएन ने अपनी स्थापना के बाद से पहली बार लाभांश भुगतान किया है। एग्रीनोवेट इंडिया लिमिटेड कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डीएआरई), कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के तहत भारत सरकार का उद्यम है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में लाभांश को औपचारिक रूप से प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के सचिव डॉ. देवेश चतुर्वेदी व भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ. एमएल जाट उपस्थित थे। 2011 में स्थापित एग्रीनोवेट इंडिया लिमिटेड आईसीएआर की वाणिज्यिक शाखा के रूप में कार्य करता है, जो कृषि अनुसंधान और व्यावहारिक कार्यान्वयन को जोड़ता है। एजीआईएन किसानों और उद्यमियों को लाभ पहुंचाने के लिए पूरे भारत में कृषि-प्रौद्योगिकियों को हस्तांतरित करने, उनका मूल्यांकन करने और उन्हें बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# एथर एनर्जी का आईपीओ 28 को लॉन्च होगा, 6 मई को बीएसई और एनएसई पर होगी लिस्टिंग

नई दिल्ली,(एजेंसी) : देश की प्रमुख इलेक्ट्रिक टू व्हीलर बनाने वाली कंपनियों में से एक एथर एनर्जी 28 अप्रैल को अपना आईपीओ लॉन्च करने वाली है। यह आईपीओ 28 अप्रैल से लेकर 30 अप्रैल तक सब्सक्रिप्शन के लिए खुला रहेगा, जबकि एंकर इन्वेस्टर्स के लिए इसकी ओपनिंग 25 अप्रैल को होगी। आईपीओ के तहत 304 से 321 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है। आईपीओ क्लोज होने के बाद 2 मई को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा और 6 मई को बीएसई और एनएसई पर इसकी लिस्टिंग होगी। मौजूदा वित्त वर्ष में एथर एनर्जी के आईपीओ के रूप में मेनबोर्ड सेगमेंट में पहले आईपीओ की लॉन्चिंग होने वाली है। एथर एनर्जी अपने आईपीओ के जरिए बाजार से पहले 3,100 करोड़ रुपये इकट्ठा करना चाहती थी। इसके लिए मार्केट रेगुलेटर सेबी से भी कंपनी को हरी झंडी मिल गई थी।

# ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने काठमांडू में नेपाल के प्रधानमंत्री ओली से की शिष्टाचार मुलाकात

काठमांडू, 23 अप्रैल (हि.स.)। दो दिवसीय दौरे पर आए भारत के ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने बुधवार को प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली से शिष्टाचार भेंट की। दोनों नेताओं ने नेपाल और भारत के बीच घनिष्ठ और मैत्रीपूर्ण संबंधों की सराहना करते हुए जल विद्युत क्षेत्र में भारत-नेपाल सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की।

काठमांडू में भारतीय दूतावास की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक इस मुलाकात के दौरान नेपाल के प्रधानमंत्री ने भारत के पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर अपनी संवेदना प्रकट करते हुए भारत सरकार के आतंक के खिलाफ संघर्ष में हर तरह से समर्थन देने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है। नेपाल के प्रधानमंत्री ने दोनों देशों के बीच ऊर्जा क्षेत्र में हो रहे अभूतपूर्व सहयोग के लिए भारत सकता के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नेपाल के जलविद्युत विकास में भारत के सहयोग का योगदान सराहनीय है।

मनोहर लाल अपने समकक्ष ऊर्जा, जल संसाधन और सिंचाई मंत्री दीपक खडका के निमंत्रण पर मंगलवार को काठमांडू पहुंचे। दोनों मंत्रियों ने मंगलवार को नेपाल-भारत बिजली क्षेत्र के सहयोग पर केंद्रित द्विपक्षीय बैठक की सह-अध्यक्षता की। दोनों मंत्रियों की उपस्थिति में नेपाल विद्युत प्राधिकरण (एनईए) और पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने मंगलवार को भारत और नेपाल में दो संयुक्त उद्यम कंपनियों के गठन के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत उच्च क्षमता वाली 400 केवी डबल सर्किट ट्रांसमिशन लाइनों इनारुवा-न्यू पूर्णिया और डोडोधरा-बरेली का निर्माण किया जाना है। उन्होंने खडका के साथ मिलकर एसजेवीएन लिमिटेड ऑफ इंडिया द्वारा विकसित की जा रही 900 मेगावाट अरुण-3 पनबिजली परियोजना का भी दौरा किया।

# बीजिंग में दुनिया की पहली अनूठी हाफ मैराथन, लोगों के साथ दौड़े रोबोट

बीजिंग, (एजेंसी) : चीन के रोबोट भले ही इंसानें की तरह तेज न दौड़ पाएं पर वह संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ एक व्यापक दौड़ में भी हैं।

पिछले सप्ताहांत शनिवार को चीन की राजधानी बीजिंग ने दुनिया की पहली हाफ मैराथन की मेजबानी की। इसमें दो पैरों वाले रोबोट भी लोगों के साथ दौड़े। चीन की तकनीकी प्रगति का यह अनूठा प्रदर्शन है।

एनबीसी न्यूज की खबर के अनुसार, इस हाफ मैराथन में चीन निर्मित कुल 21 मानव रोबोट लगभग 12,000 लोगों के साथ शामिल हुए। विभिन्न आकार में निर्मित यह रोबोट मानव प्रशिक्षकों के साथ थे। उन्हें अलग ट्रैक पर दौड़ते समय कुछ दूर से नियंत्रित किया गया। चीन ने इसे ऐतिहासिक क्षण बताया है। बीजिंग ने कहा कि यह दौड़ कृत्रिम बुद्धिमत्ता में दुनिया की दो सबसे बड़ी शक्तियों, अमेरिका और चीन के बीच बढ़ती तकनीकी प्रतिद्वंद्विता के बीच हुई।

बीजिंग ने कहा कि हालांकि चीन अभी भी दूसरे स्थान पर है, लेकिन एआई और पेटेंट के मामले में वह दुनिया में सबसे आगे है और एआई मॉडलों की गुणवत्ता के मामले में अंतर को कम कर रहा है। इस साल की शुरूआत में चीन के स्टार्ट-अप डीपसीक ने चैटजीपीटी जैसा मॉडल बहुत कम लागत पर विकसित किया है। इलेक्ट्रिक वाहनों की तरह ही चीन सरकार ह्यूमनॉइड रोबोट को आर्थिक विकास के संभावित इंजन के रूप में बढ़ावा दे रही है। यह तब है जब ट्रंप प्रशासन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस चिप्स पर अमेरिकी निर्यात नियंत्रण को कड़ा कर रहा है

बीजिंग ने कहा कि रोबोट-मानव दौड़ 2027 तक ह्यूमनॉइड रोबोट में विश्व नेता बनने के चीन के लक्ष्य की दिशा में एक और कदम है। इस हाफ मैराथन में बीजिंग इनोवेशन सेंटर ऑफ ह्यूमनॉइड रोबोटिक्स के विजेता रोबोट तियांगोंग अल्ट्रा के टीम लीडर गुओ यिजी ने कहा कि इसमें 20 से अधिक रोबोट कंपनियों ने हिस्सा लिया। इनमें सबसे लंबा रोबोट 5 फीट 10 इंच और सबसे छोटा लिटिल जायंट 2.5 फीट से कम था। जब वह आगे बढ़ा और उत्साह से हाथ हिलाया तो भीड़ ने तालियां बजाईं। कुछ रोबोट बिलकुल इंसानों की तरह आसानी से दौड़े। कुछ अन्य की चाल अधिक सख्त और अधिक यांत्रिक रही।बीजिंग इनोवेशन सेंटर ऑफ ह्यूमनॉइड रोबोटिक्स में ब्रांड और जनसंपर्क प्रमुख वेई जियाक्सिंग ने कहा कि हमारा लक्ष्य ह्यूमनॉइड रोबोट को विभिन्न उद्योगों और घरों में एकीकृत करना है। वे उत्पादकता बढ़ा सकते हैं। दक्षता में सुधार कर सकते हैं और श्रम की कमी को दूर करने में मदद कर सकते हैं। 21 रोबोट में से छह फिनिश लाइन तक पहुंच पाए। विजेता रोबोट तियांगोंग अल्ट्रा ने तीन बार बैटरी बदलने और एक बार गिरने के बाद दो घंटे और 40 मिनट में दौड़ पूरी की। इसकी तुलना पुरुषों की दौड़ के मानव विजेता के लिए 1 घंटे और 2 मिनट के समय से की जा सकती है।

वाशिंगटन स्थित थिंक टैंक कानेर्गी एंडोमेंट फॉर इंटरनेशनल पीस के अनुसार, आज की लिथियम आयन बैटरी के लिए मूल्य श्रृंखला के हर चरण में वैश्विक बाजार में 70 फीसदी से 90 फीसदी की हिस्सेदारी रखते हुए चीन बैटरी उद्योग पर हावी है।

## संक्षिप्त खबरें

### विराट कोहली और सचिन तेंदुलकर ने पहलगाम आतंकी हमले पर जताया दुख




नई दिल्ली, (एजेंसी) :भारतीय क्रिकेट टीम के वरिष्ठ खिलाड़ी विराट कोहली एवं पूर्व खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

विराट कोहली ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम प्रोफाइल पर एक स्टोरी शेयर की। इसमें उन्होंने लिखा- पहलगाम में निर्दोष लोगों पर हुए जघन्य हमले से बहुत दुखी हूं। पीड़ित परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना। मैं उन सभी लोगों के परिवारों के लिए शांति और शक्ति की प्रार्थना करता हूं, जिन्होंने इस हमले में अपनी जान गंवाई है। इस क्रूर कृत्य के लिए न्याय जरूर मिलना चाहिए।

सचिन ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा-पहलगाम में निर्दोष लोगों पर हुए हमले से स्तब्ध और बहुत दुखी हूं। प्रभावित परिवार अकल्पनीय पीड़ा से गुजर रहे होंगे। भारत और दुनिया इस अंधकारमय घड़ी में उनके साथ खड़ी है। हम जानमाल के नुकसान पर शोक व्यक्त करते हैं और न्याय के लिए प्रार्थना करते हैं।

भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने एक्स पर लिखा, पहलगाम में कायरतापूर्ण हमले की खबर सुनकर स्तब्ध हूं। आइए हम आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हों और पीड़ित परिवारों के लिए शक्ति और न्याय की प्रार्थना करें।

### ला लीगा 2024-25: ओल्मो के गोल से बार्सिलोना ने मल्लोर्का को हराया



बार्सिलोना, (एजेंसी) :बार्सिलोना ने ला लीगा खिताब की ओर एक और मजबूत कदम बढ़ाते हुए मंगलवार देर रात मल्लोर्का को 1-0 से हराया। इस जीत के साथ ही शीर्ष पर काबिज बार्सिलोना ने दूसरे स्थान पर मौजूद रियल मैड्रिड पर अपनी बढ़त सात अंकों की कर ली है।

ओल्मो ने दिलाई अहम जीत, रियल पर दबाव

स्पेन के इंटरनेशनल डानी ओल्मो के गोल ने बार्सिलोना को जीत दिलाई और मौजूदा चैंपियन रियल मैड्रिड पर दबाव बढ़ा दिया। रियल का अगला मुकाबला बुधवार को गेटाफे के खिलाफ है। हांसी फ्लिक की टीम अब संभावित ह्यक्वाड्रपलह्ण (चार खिताब) की ओर देख रही है।

कई स्टार प्लेयर्स को मिला आराम, फाती को मिला पहला स्टार्ट

शनिवार को होने वाले कोपा डेल रे फाइनल से पहले कोच फ्लिक ने कई प्रमुख खिलाड़ियों को आराम दिया। अक्टूबर के बाद पहली बार अंसु फाती को शुरूआत करने का मौका मिला। वहीं हेक्तर फोर्ट को डिफेंस के बाएं ओर और फेरान टोरेस को चोटिल लेवांडोव्स्की की जगह आक्रमण में उतारा गया।

बार्सिलोना ने पहले हाफ में एक के बाद एक मौके बनाए, लेकिन गोल नहीं हो सका। गावी का शॉट पोस्ट से टकराया, वहीं टोरेस और फाती ने आसान मौके गंवाए। युवा खिलाड़ी लामिन यामाल और फोर्ट के प्रयासों को भी मल्लोर्का के गोलकीपर लियो रोमान ने शानदार तरीके से रोका।

दूसरे हाफ की शुरूआत में बार्सिलोना ने पासिंग मूव से खेलते हुए ओल्मो के जरिए बढ़त हासिल की। इसके बाद फाती और यामाल ने बढ़त दोगुनी करने की कोशिश की, लेकिन रोमान की जबरदस्त गोलकीपिंग के आगे बार्सिलोना को एक और गोल नहीं मिल सका।

यह 2025 में मल्लोर्का के लिए रोमान का पहला लीग मैच था और उन्होंने 10 शानदार सेव किए। उन्होंने यामाल, एरिक गार्सिया और लोपेज के प्रयासों को रोका। स्टॉपेज टाइम में अब्दोन प्रात्स पर गार्सिया की टक्कर पर मल्लोर्का ने पेनल्टी की मांग की, लेकिन रेफरी ने खारिज कर दिया।

# त्रिकोणीय वनडे सीरीज के लिए श्रीलंकाई महिला क्रिकेट टीम घोषित, तीन नए चेहरों को मौका



कोलंबो, (एजेंसी) : भारत और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 27 अप्रैल से शुरू हो रही महिला वनडे त्रिकोणीय सीरीज के लिए श्रीलंका ने अपनी 17 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। इस टीम की कमान अनुभवी बल्लेबाज चमारी अटापट्टू को सौंपी गई है। श्रीलंका सीरीज की शुरूआत 27 अप्रैल को भारत के खिलाफ कोलंबो में करेगी।

टीम में तीन नई खिलाड़ी – माल्की मडारा, देवमी विहांगा और पिउमी बडालगे को शामिल किया गया है, जिन्होंने अभी तक श्रीलंका के लिए वनडे नहीं खेला है। इन तीनों के अलावा टीम में कुल छह बदलाव किए गए हैं जो इस साल की शुरूआत में न्यूजीलैंड दौरे पर गई टीम का हिस्सा नहीं थे।टीम में अनुभवी स्पिनर इनोका राणावीरा, हसीनी परेरा और हंसिमा करुणारत्ने की भी वापसी हुई है। वहीं, इमेशा दुलानी, सचिनी निसांसला, कौशिनी नुथ्यांगना, चेथना विमुक्ति और घायल उदेशिका प्रभोदनी को टीम से बाहर कर दिया गया है।

24 वर्षीय स्पिनर माल्की मडारा ने पिछले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में अपने पहले ही मैच में तीन विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया था। 19 वर्षीय देवमी विहांगा, जो एक स्पिन ऑलराउंडर हैं, को भी पहली बार वनडे टीम में जगह मिली है। वहीं, 29 वर्षीय पिउमी बडालगे, जो पनादुरा क्रिकेट क्लब की कप्तान हैं, को पहली बार राष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया है।

18 वर्षीय बल्लेबाजी ऑलराउंडर रश्मिका सेव्वंदी, जो हाल ही में अंडर-19 विश्व कप में श्रीलंका की ओर से खेलीं थीं, टीम में शामिल की गई हैं और वह तेज गेंदबाजी विभाग में आचिनी कुलसूरिया के साथ होंगी। टीम का बल्लेबाजी विभाग अपेक्षाकृत स्थिर है जिसमें कप्तान अटापट्टू के साथ हरशिता समरविक्रमा, विश्मी गुणरत्ने, कविशा दिलहारी, अनुष्का संजीवनी और निलाक्षिका सिल्वा शामिल हैं।

श्रीलंका टीम इस प्रकार हैः

चमारी अटापट्टू (कप्तान), हरशिता समरविक्रमा, विश्मी गुणरत्ने, निलाक्षिका सिल्वा, कविशा दिलहारी, अनुष्का संजीवनी (विकेटकीपर), मनुड़ी ननायक्कारा, हसीनी परेरा, आचिनी कुलसूरिया, पिउमी बडालगे, देवमी विहांगा, हंसिमा करुणारत्ने, माल्की मडारा, इनोशी प्रियदर्शिनी, सुगंधिका कुमारी, रश्मिका सेव्वंदी, इनोका राणावीरा।

### अस्मिता लीग से उभरीं भारत की हॉकी स्टार्स, मिजोरम की पांच बेटियों का राष्ट्रीय सेलेक्शन केंद्रों में चयन



नई दिल्ली, (एजेंसी) : भारतीय महिला हॉकी के भविष्य की पहचान अब मिजोरम से भी होने लगी है। अस्मिता सब-जूनियर हॉकी लीग के समापन के बाद स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) ने 16 साल से कम उम्र की 15 प्रतिभाशाली लड़कियों को विभिन्न नेशनल सेंटर्स ऑफ एक्सीलेंस में प्रशिक्षण के लिए चुना है। इनमें से सबसे ज्यादा पांच खिलाड़ी मिजोरम से हैं।

चयनित खिलाड़ियों में हरियाणा से तीन, झारखंड और ओडिशा से दो-दो, जबकि आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश से एक-एक खिलाड़ी हैं। यह चयन 2024-25 के अस्मिता लीग के प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। साई के हाई परफॉर्मेंस डायरेक्टर पियूष दुबे ने बताया कि ये खिलाड़ी 2026 और 2032 ओलंपिक को ध्यान में रखते हुए चुनी गई हैं। उन्होंने कहा, अस्मिता लीग ने बीते तीन-चार वर्षों में महिला हॉकी को एक नई दिशा दी है। सुनेलीता टोप्पो, सुजाता कुजूर और साक्षी राणा जैसी कई खिलाड़ी इसी लीग से निकलकर अब भारत का प्रतिनिधित्व कर रही हैं।

अस्मिता लीग के अंतिम चरण में 6 टीमों के 120 खिलाड़ी शामिल हुए और कुल 17 मुकाबले खेले गए। 15.5 लाख रुपये इनामी इस प्रतियोगिता का खिताब साई शक्ति ने लगातार तीसरी बार जीतते हुए मध्यप्रदेश हॉकी अकादमी को 2-1 से हराया। ओडिशा की नवल टाटा हाई परफॉर्मेंस सेंटर तीसरे और प्रीतम सिवाच हॉकी अकादमी चौथे स्थान पर रही। मिजोरम अब तक फुटबॉल और बॉक्सिंग के लिए जाना जाता रहा है, लेकिन पहली बार सीनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीत चुका है। कोच लालरोथुआमी खुद जूनियर भारतीय खिलाड़ी रह चुकी हैं, अब थेनजॉल स्थित रअकसेंटर में कोचिंग दे रही हैं। उन्होंने बताया कि मिजोरम में अब करीब 40 लड़कियां नियमित रूप से हॉकी की ट्रेनिंग ले रही हैं। टोक्यो ओलंपियन और भारतीय टीम की खिलाड़ी ललरेम्सियामी की तस्वीरें और प्रोफाइल का उपयोग कर गांवों में ट्रायल के लिए लड़कियों को आकर्षित किया जा रहा है। इनमें दो खिलाड़ी ललथांतलुआंगी और लालरिनपुई अस्मिता लीग से निकलकर अब जूनियर इंडिया टीम में हैं।

# पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ओपनर कीथ स्टैकपोल का 84 वर्ष की उम्र में निधन



मेलबर्न, (एजेंसी) :पूर्व ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट ओपनर कीथ स्टैकपोल का मंगलवार को 84 वर्ष की उम्र में हार्ट अटैक से निधन हो गया है। उन्होंने अपने करियर में 43 टेस्ट मैच खेले और 7 शतक लगाए थे। स्टैकपोल ने ना सिर्फ बल्ले से बल्कि गेंद से भी टीम के लिए योगदान दिया और बाद में एक लोकप्रिय टीवी व रेडियो कमेंटेटर भी बने।

स्टैकपोल ने 1966 में इंग्लैंड के खिलाफ मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज और लेग स्पिन गेंदबाज के रूप में टेस्ट डेब्यू किया था। लेकिन 1969 की शुरूआत में उन्हें ओपनिंग की जिम्मेदारी दी गई, जहां उन्होंने बिल लॉरी के साथ मजबूत जोड़ी बनाई।

कीथ स्टैकपोल ने अपना पहला टेस्ट शतक साउथ अफ्रीका के खिलाफ केपटाउन में लगाया था, जबकि उनका सर्वोच्च स्कोर 207 रन इंग्लैंड के खिलाफ 1970 में गाबा (ब्रिस्बेन) में आया। इंग्लैंड के खिलाफ उनका प्रदर्शन बेहद शानदार रहा–उन्होंने 55.21 की औसत से रन बनाए और तीन शतक जमाए। 1972 की एशेज सीरीज में वे इयान चैपल के उपकप्तान थे और सबसे ज्यादा 485 रन बनाए थे। इसके चलते उन्हें 1973 में विज्डन क्रिकेटर ऑफ द ईयर भी चुना गया। 1974 में न्यूजीलैंड के खिलाफ ऑकलैंड में उन्होंने अपने करियर का आखिरी टेस्ट खेला, जिसमें वे दोनों पारियों में खाता भी नहीं खोल पाए। पहली ही गेंद पर फुल टॉस पर आउट होकर उन्होंने लिखा था–मैंने गेंद को सिर के पास एक गज की दूरी पर देखा और पीछे हट गया, लेकिन बैट के किनारे से लगकर गेंद स्लिप में चली गई। शायद टेस्ट क्रिकेट का पहला मौका था जब कोई बिना गेंद जमीन पर गिरे आउट हो गया!

स्टैकपोल ने 1971 में खेले गए पहले-ि५ि१ वनडे मैच में भी हिस्सा लिया था, जहां उन्होंने एमसीजी में 3 विकेट लेकर 40 रन दिए थे। स्टैकपोल ने फर्स्ट-क्लास क्रिकेट में 10,100 रन बनाए और 148 विकेट लिए। संन्यास के बाद वे टीवी और रेडियो कमेंट्री की दुनिया में एक जाना-माना नाम बन गए।

### डीपी वर्ल्ड इंडिया चैम्पियनशिपः भारत में गोल्फ का नया स्वर्णिम अध्याय

नई दिल्ली, (एजेंसी) : डीपी वर्ल्ड और डीपी वर्ल्ड टूर ने मिलकर भारत में गोल्फ के इतिहास को नया आयाम देते हुए डीपी वर्ल्ड इंडिया चैम्पियनशिप की घोषणा की है। इस भव्य टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि 04 मिलियन डॉलर (लगभग 33 करोड़ रुपये) होगी, जो अब तक भारत में किसी भी गोल्फ टूर्नामेंट की सबसे बड़ी पुरस्कार राशि है। यह चैम्पियनशिप बैक 9 चरण की आठवीं प्रतियोगिता होगी, जिसके बाद दुबई में डीपी वर्ल्ड टूर चैम्पियनशिप के साथ सत्र का समापन होगा। यह ऐतिहासिक आयोजन 16 से 19 अक्टूबर के बीच प्रतिष्ठित दिल्ली गोल्फ क्लब में आयोजित किया जाएगा, जहां डीपी वर्ल्ड टूर की वापसी 2016 के बाद पहली बार हो रही है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, बोकारो।**

**शुद्धि – पत्र**

ई–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– **RDD/SD/BOKARO/03/2025-26** जिसकी पी० आर० संख्या– **350199 Rural Development (25-26).D** है, के क्रमांक 01 में अंकित योजना को अपरिहार्य कारणवष रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल
बोकारो।

PR 350888 Rural Development(25-26)D


# प्रीमियर लीगः इंजरी टाइम में नून्स के गोल से मैनचेस्टर सिटी ने एस्टन विला को 2-1 से हराया



मैनचेस्टर, (एजेंसी) : इंग्लिश प्रीमियर लीग में मंगलवार देर रात खेले गए रोमांचक मुकाबले में मैनचेस्टर सिटी ने मातेउस नून्स के इंजरी टाइम में किए गए गोल की बदौलत एस्टन विला को 2-1 से हराकर चैंपियंस लीग की दौड़ में अपनी उम्मीदों को मजबूती दी।

अंतिम लम्हों में छिना विला का जीत का सपना

मैच ड्रॉ की ओर बढ़ रहा था जब मार्कस रैशफोर्ड के पेनल्टी गोल ने पहले हाफ में बर्नार्डो सिल्वा के शुरूआती गोल को बराबर कर दिया था। लेकिन 94वें मिनट में जेरमी डोकू के शानदार क्रॉस पर नून्स ने गोल दागते हुए सिटी को जीत दिला दी।

अंकतालिका में तीसरे स्थान पर पहुंची सिटी

इस जीत के साथ मैनचेस्टर सिटी ने दो स्थान की छलांग लगाते हुए 61 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल कर लिया है। हालांकि, उनके पीछे की तीन टीमें एक-एक मैच कम खेली हैं। वहीं, एस्टन विला 57 अंकों के साथ सातवें स्थान पर कायम है और उसकी एतिहाद स्टेडियम में हार की यह लगातार 15वीं शिकस्त है।

बर्नार्डो सिल्वा ने दिलाई शुरूआती बढ़त

मैच के 7वें मिनट में उमर मर्मूश ने विला के राइट बैक मैटी कैश को छकाकर गेंद बर्नार्डो सिल्वा को दी, जिन्होंने गोलकीपर एमिली मार्टिनेज के हाथों को चीरते हुए गेंद को नेट में पहुंचा दिया।

रैशफोर्ड ने पेनल्टी से दिलाई बराबरी

विला की वापसी 18वें मिनट में हुई जब वीएआर जांच के बाद सिटी के डिफेंडर रूबेन डायस को जैकब रैम्से को पीछे से टक्कर मारने का दोषी पाया गया। इस पर मिली पेनल्टी को मार्कस रैशफोर्ड ने बड़ी सहजता से गोल में बदलते हुए स्कोर 1-1 कर दिया।

### पहलगाम आतंकी हमले पर पूरा देश शोक में डूबा,बीसीसीआई और पूर्व क्रिकेटरों ने जताया दुख




नई दिल्ली,(एजेंसी) : कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए भीषण आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इस हमले में बड़ी संख्या में निर्दोष पर्यटकों की जान गई, जिसके बाद देशभर से संवेदनाओं का सैलाब उमड़ पड़ा है। खेल जगत भी इस दुखद घटना से अछूता नहीं रहा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से लेकर देश के दिग्गज क्रिकेटरों ने इस बर्बर हमले की कड़ी निंदा की है और पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है।

बीसीसीआई ने एक्स पोस्ट में लिखाझ्र पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों के साथ एकजुटता में खड़े हैं। इस क्रूर हमले में अपने प्रियजनों को खोने वाले परिवारों के लिए प्रार्थना।

पूर्व भारतीय कप्तान और कोच अनिल कुंबले ने इस घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए लिखा, पहलगाम में हुए दुखद हमले के बारे में सुनकर दिल टूट गया है। निर्दोष लोगों की जान गई, यह बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। पीड़ित परिवारों के लिए शांति और ताकत की प्रार्थना करता हूं।

वहीं पूर्व बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण ने कहा, पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर हुए जानलेवा हमले से बेहद दुखी हूं। जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी संवेदना। मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल जल्द से जल्द ठीक हों और हमलावरों को सजा मिले।

सुरेश रैना ने अपनी पोस्ट में लिखा, कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले से दिल टूट गया है। मैं इस कायराना हमले की कड़ी निंदा करता हूं। भारत अपनी सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और अर्धसैनिक बलों के साथ एकजुट है। आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई जारी रहेगी और न्याय जरूर होगा।


**जिला विधिक सेवा प्राधिकार, धनबाद।**

**''राष्ट्रीय लोक अदालत''**
**दिनांक 10.05.2025 (शनिवार)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार, धनबाद द्वारा सिविल कोर्ट परिसर में दिनांक **10.05.2025 (शनिवार)** को सुबह 10:30 बजे से 3:00 बजे तक राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रॉची के तत्वावधान में किया जा रहा है। राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह समझौते के आधार पर निम्न वादों का निशपादन किया जायेगा।

राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलहनीय फौजदारी/दीवानी/राजस्व वाद/वाहन दुर्घटना दावा, वैवाहिक वाद, श्रम विवाद, चेक बांउन्स वाद, न्युनतम मजदूरी वाद, विद्युत वाद, बैंक ऋण वसूली वाद, उपभोक्ता वाद, माप–तौल वाद, वन वाद, बीएसएनएल, भूमि अधिग्रहण संबंधित मामले, उत्पाद वाद, रेलवे वाद तथा अन्य सभी सुलहनीय वाद एवं अन्य प्रीलिटिगेशन मामले हैं।

अतः आप सभी संबंधित पक्षकारों से अनुरोध है कि अपने मामलों का सुलह समझौते के आधार पर राष्ट्रीय लोक अदालत एवं प्री राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारण हेतु संबंधित न्यायालय/विभाग में यथाशीघ्र आवेदन दें और राष्ट्रीय लोक अदालत का अधिक से अधिक लाभ उठावें।

एच.पी. जनार्दनन
वरीय पुलिस अधीक्षक
सह
सदस्य, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, धनबाद

माधवी मिश्रा
उपायुक्त
सह
उपाध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, धनबाद

विरेन्द्र कुमार तिवारी
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
सह
अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, धनबाद

**नोटः**–इस संबंध में पूर्व समझौता बैठक दिनांक 10 मार्च, 2025 से ही चल रहा है। अतः आप सभी से अनुरोध है कि आप सम्बंधित न्यायालय में दिनांक 09 मई, 2025 (केवल कार्य दिवस के दिन) तक आवेदन देकर राष्ट्रीय लोक अदालत पूर्व समझौता बैठक के लिए गठित पीठ में अपने मामलों को रखवाकर अपने वादों को निष्पादन करवा सकते हैं। इस सम्बंध में किसी प्रकार की जानकारी के लिए कार्यालय अवधि में न्यायालय परिसर में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय में उपस्थित होकर प्राप्त कर सकते हैं।

**निवेदक**
मयंक तुषार टोपनो
सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, धनबाद

PR 350907 (Law) 25-26 (D)



**कार्यालय, नगर परिषद, मिहिजाम**
**Email- nagarpanchayatmihijam@yahoo.in**

पत्रांक............... दिनांक...........

**इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रण सूचना – 01/2025/UHWC**

मिहिजाम नगर परिषद क्षेत्र अतंर्गत 15वें वित्त आयोग (स्वास्थ्य) के तहत् संचालित किये जाने वाले अर्बन हेल्थ एवं वेलनेश सेन्टर के क्रियान्वन हेतु चिकित्सक का चयन किया जाना है। इच्छुक निजी चिकित्सकों से निम्नांकित शर्तों के अधीन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं :–

| क्रमांक | विवरणी | आवश्यक शर्तें |
|---|---|---|
| 01. | पदनाम | **General Duty Medical Officer** |
| 02. | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मेडिकल कॉउन्सिल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से **M.B.B.S.** की डिग्री। |
| 03. | उम्र सीमा | अधिकतम 67 वर्ष (सिविल सर्जन के माध्यम से निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र के आधार पर 70 वर्ष तक के चिकित्सकों की सेवा प्राप्त की जा सकती है। मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र की वैधता एक वर्ष के लिए मान्य होगा) |
| 04. | मानेदय | रू0 63000.00 (तिरसठ हजार मात्र) |
| 05. | कुल रिक्तियां | 01 (एक पद) |

उपरोक्त पद का साक्षात्कार मिहिजाम नगर परिषद एवं स्वास्थ्य विभाग, जामताड़ा के सहयोग से किया जाना है। इच्छुक उम्मीदवार दिनांक 13.05.2025 को अपराह्न 03.00 बजे तक अपना बायोडाटा मिहिजाम नगर परिषद कार्यालय, हासीपाड़ी, मिहिजाम में समर्पित करना सुनिश्चित करें।

नोट :– *

- सूचीबद्ध किए गए चिकित्सक के द्वारा भविष्य के लिए नियमितिकरण हेतु किसी प्रकार का दावा मान्य नही होगा।
- Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नही होगा।
- इच्छुक उम्मीदवार Walk in Interview के लिए अपना बायोडाटा का एक प्रति एवं सभी मूल प्रमाण–पत्र तथा संबंधित छायाप्रति के साथ कार्यालय मिहिजाम नगर परिषद, हासीपाड़ी, मिहिजाम में दिनांक 15.05.2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे तक उपस्थित होना सुनिश्चित करेगें।

**कार्यपालक पदाधिकारी**
**नगर परिषद, मिहिजाम**

**PR 350849 Urban Development and Housing(25-26)#D**

## संक्षिप्त खबरें

### कटरा से नई दिल्ली के लिए आज रात्रि में रवाना होगी विशेष ट्रेन



नई दिल्ली, (एजेंसी): उत्तर रेलवे ने जम्मू-कश्मीर में फंसे हुए यात्रियों की सहायता और अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कटरा से नई दिल्ली तक एक विशेष ट्रेन सेवा शुरू की है। टिकटें कटरा, उधमपुर और जम्मू स्टेशनों से काउंटर पर उपलब्ध होंगी।

उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बुधवार को नई दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि जम्मू-कश्मीर से लौट रहे पर्यटकों और यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा देने के लिए उत्तर रेलवे द्वारा विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इस श्रृंखला में पहली ट्रेन रेलगाड़ी संख्या 04612 श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा स्टेशन से आज रात 9.20 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन रात 11 बजे जम्मू स्टेशन पर पहुंचेगी और अगले दिन सुबह 9 बजे नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचेगी।

उन्होंने कहा कि इस ट्रेन में सात सामान्य कोच, आठ शयनयान और तीन वातानुकूलित श्रेणी के कोच हैं। यह ट्रेन रास्ते में शहीद कैप्टन तुषार महाजन उधमपुर रेलवे स्टेशन, जम्मू तवी, पठानकोट छावनी, जालंधर छावनी, ढंडारी कलां, अम्बाला छावनी, कुरुक्षेत्र जंक्शन और पानीपत जंक्शन पर रुकेगी। उन्होंने कहा कि उत्तर रेलवे के पास रैक उपलब्ध हैं और आवश्यकता पड़ने पर और अतिरिक्त स्पेशल ट्रेन चलाई जाएंगी।

### दुःखद घड़ी में शुभम के परिवार के साथ खड़ी है यूपी सरकार : मुख्यमंत्री



लखनऊ, (एजेंसी): मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में कायरतापूर्ण आतंकी हमले में कानपुर जिले के मृत शुभम द्विवेदी के निधन को अत्यंत दुःखद बताया। उन्होंने शुभम को श्रद्धांजलि अर्पित की है।

मुख्यमंत्री ने दूरभाष से दिवंगत शुभम के पिता संजय द्विवेदी से बात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने कहा कि दुःख की इस घड़ी में उत्तर प्रदेश सरकार पूरी प्रतिबद्धता से परिवार के साथ खड़ी है। उन्होंने हर संभव सहायता का आश्वासन भी दिया। सीएम ने प्रदेश के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शुभम द्विवेदी के पार्थिव शरीर को पूरे सम्मान के साथ उनके गृह जनपद कानपुर के पैतृक आवास तक पहुंचाया जाए। उन्होंने प्रभु श्री राम से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिवार को इस अपूरणीय क्षति को सहने की शक्ति प्रदान करें।

उल्लेखनीय है कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम हिंसा में आतंकवादियों की गोली का शिकार हुए शुभम द्विवेदी के घर शोक का माहौल है। अभी दो महीने पहले ही 12 फरवरी को उनकी शादी हुई थी। मंगलवार को पहलगाम में आतंकियों ने शुभम को उनकी पत्नी के सामने ही गोली मार दी। शुभम के पिता संजय द्विवेदी सीमेंट के कारोबारी हैं।

### आंध्र प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र और तेलंगाना में एमएसपी पर 3.92 लाख मीट्रिक टन तुअर की खरीद



नई दिल्ली, (एजेंसी): आंध्र प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र और तेलंगाना में नैफेड और एनसीसीएफ के माध्यम से एमएसपी पर 22 अप्रैल तक कुल 3.92 लाख मीट्रिक टन तुअर (अरहर) की खरीद की गई है। इससे इन राज्यों के 2,56,517 किसान लाभान्वित हुए हैं। यह जानकारी आज केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने दी। मंत्रालय ने बताया कि दालों के घरेलू उत्पादन को बढ़ाने में योगदान देने वाले किसानों को प्रोत्साहित करने और आयात पर निर्भरता कम करने के लिए सरकार ने खरीद वर्ष 2024-25 के लिए राज्य के उत्पादन के 100% के बराबर मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के तहत तुअर, उड़द और मसूर की खरीद को मंजूरी दी है।

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने खरीफ 2024-25 सीजन के दौरान मूल्य समर्थन योजना के अंतर्गत आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश राज्यों में कुल 13.22 लाख मीट्रिक टन तुअर (अरहर) की खरीद को मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्री ने किसानों के हित में आंध्र प्रदेश में खरीद अवधि को 90 दिनों से आगे 30 दिन बढ़ाकर 22 मई 2025 तक करने को भी मंजूरी दी है।

सरकार ने बजट 2025 में यह भी घोषणा की है कि देश में दालों में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए केंद्रीय नोडल एजेंसियों अर्थात नैफेड और एनसीसीएफ के माध्यम से 2028-29 तक अगले चार वर्षों के लिए राज्य के उत्पादन का शत-प्रतिशत तुअर (अरहर), उड़द और मसूर की खरीद की जाएगी।

### भारत के विरुद्ध पाकिस्तान के जिहादी युद्ध का कठोरतम जवाब जरूरी: विहिप नेता डॉ. सुरेंद्र जैन

नई दिल्ली, (एजेंसी): विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के केंद्रीय संयुक्त महामंत्री डॉ सुरेंद्र जैन ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की है। उन्होंने कहा है कि अब समय आ गया है कि इस्लामिक जिहादी पाकिस्तान और उसके कश्मीरी स्लीपर सेल के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित कर घाटी में पुनः सिर उठाने का दुस्साहस करने वाले मजहबी आतंकवाद का समूल नाश किया जाए।

उन्होंने कहा कि कश्मीर घाटी के पहलगाम में जिस प्रकार यात्रियों के कपड़े उतारकर, कलमा पूछ कर और आईडी चेक कर, जब यह सुनिश्चित हो गया कि वे मुस्लिम नहीं है, उनका नरसंहार किया गया, घोर निंदनीय है। इस अमानवीय घटना पर संपूर्ण देश स्तब्ध व आक्रोशित है। डॉ. जैन ने कहा कि 1990 के आतंकवाद के दिनों की वापसी का दुस्साहस हो रहा है।

# सराय काले खां स्टेशन पर पूरा हुआ एफओबी का सिविल निर्माण कार्य, बैरिकेडिंग हटी

गाजियाबाद, (एजेंसी): सराय काले खां नमो भारत स्टेशन को भारतीय रेलवे के हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से जोड़ने वाले फुट ओवरब्रिज (एफओबी) का सिविल निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। 280 मीटर लंबे इस फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) पर एनसीआरटीसी ने छह ट्रैवेलेटर लगाए गए हैं, जिनके इंस्टॉलेशन का कार्य भी पूरा कर लिया गया है। यह एफओबी इन दोनों परिवहन साधनों के बीच यात्रियों की सुगम और सहज आवाजाही को सक्षम बनाएगा।



एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि इस एफओबी के निर्माण के पूरा होने के साथ ही एनसीआरटीसी ने रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाली सड़क से बैरिकेडिंग हटाकर पूरी सड़क को जनता के लिए खोल दिया गया है। इसके अलावा, लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एनसीआरटीसी ने इस सड़क पर तारकोल का ब्लैक टॉप लगाकर सड़क को अपग्रेड भी किया है। सराय काले खां का यह इलाका बेहद भीड़भाड़ वाला है और इस सड़क पर यातायात का आवागमन बहुत ज्यादा रहता है। एनसीआरटीसी की इस पहल से इस सड़क की लाइफ साइकिल बढ़ जाएगी।

सराय काले खां नमो भारत स्टेशन और हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन के बीच की दूरी करीब 300 मीटर है। इस दूरी को देखते हुए पैदल यात्रियों के लिए एक फुट ओवरब्रिज की आवश्यकता महसूस की गई ताकि यात्री इन दोनों परिवहन साधनों के बीच सुगमता से यात्रा कर सकें। इसके अलावा, यह भी महसूस किया गया कि हजरत निजामुद्दीन स्टेशन से आने-जाने वाले महिलाओं, बुजुर्गों, बच्चों और विशेष रूप से दिव्यांगों सहित उन यात्रियों के लिए इस तरह की सुविधा बेहद फायदेमंद होगी, जो भारी सामान के साथ यात्रा कर रहे हों। अक्सर देखा जाता है कि सार्वजनिक साधनों के बीच उचित कनेक्टिविटी की कमी के कारण लोगों को एक माध्यम से दूसरे माध्यम आने-जाने के लिए भारी ट्रैफिक वाली सड़कें पार करनी पड़ती हैं। व्यस्त यातायात के बीच जब गाड़ियां तेज गति से आ-जा रही हों, उनका यह कदम जान को जोखिम में डालने वाला होता है। यह यातायात में भी बाधा उत्पन्न करता है और इसके कारण अक्सर जाम जैसी स्थिति उत्पन्न हो जाती है। सराय काले खां पर मौजूद सार्वजनिक परिवहन के कई साधनों से लाखों लोग रोजाना यात्रा करते हैं जहाँ यात्रियों को अत्यधिक भीड़, अव्यवस्थित यातायात से जूझने तथा लंबी दूरी तक पैदल चलने के बाद ही एक साधन से दूसरे के अंदर प्रवेश मिल पाता है। यह एफओबी इस समस्या को संबोधित कर इसका दीर्घकालिक समाधान प्रस्तुत करने का एक प्रयास है।

दिल्ली-गाज़ियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के सबसे बड़े स्टेशनों में से एक, सराय काले खां स्टेशन परिवहन का एक प्रमुख केंद्र बनने की दिशा में अग्रसर है क्योंकि जल्द ही यह डीएमआरसी की पिंक लाइन, हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन और वीर हकीकत राय आईएसबीटी के साथ निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करेगा।

इस स्टेशन का निर्माण कार्य भी तेजी से हो रहा है। वर्तमान में स्टेशन की छत सहित फसाड का निर्माण किया जा रहा है। स्टेशन में कॉनकोर्स से प्लेटफॉर्म लेवल तक जाने के लिए 12 एस्केलेटर और 4 लिफ्ट का प्रावधान है और इन सभी को इंस्टॉल कर ऑपरेशन के लिए तैयार कर दिया गया है। इसके अलावा, प्लेटफॉर्म पर प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर भी इंस्टॉल कर दिए गए हैं। साथ ही, स्टेशन के पांच प्रवेश-निकास संरचनाओं के लिए फिनिशिंग का कार्य किया जा रहा है। इसके लिए एस्केलेटर और लिफ्ट भी लगा दिए गए हैं और परिचालन के लिए तैयार हैं।

### एनआईए न्यायालय ने नक्सलियों तक विस्फोटक पहुंचाने वाले तीन आरोपितों को सात-सात वर्ष की सुनाई सजा



जगदलपुर, (एजेंसी): बस्तर जिला मुख्यालय के एनआईए न्यायालय में नक्सलियों से जुड़े तीन अर्बन नक्सल सहयोगियों शेमल दीपक, नारा भास्कर और तेलम मुत्ता को न्यायालय ने मंगलवार देर शाम को सात-सात वर्ष की सजा सुनाई। इन तीनों पर विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत अपराध सिद्ध पाया गया जबकि इसी मामले में एक अन्य आरोपित को दोषमुक्त कर दिया गया।

एनआईए के अधिवक्ता दिनेश पाणिग्राही ने बुधवार को बताया कि मार्च 2023 को कोंटा के बेलपुच्चा गांव में विस्फोटक के साथ तीन आरोपितों शेमल दीपक, नारा भास्कर और तेलम मुत्ता को पुलिस ने नक्सलियों तक विस्फोटक पहुंचाने के आरोप में गिरफ्तार कर विवेचना के बाद इन्हें एनआईए न्यायालय के समक्ष पेश किया था। दो वर्ष तक चली सुनवाई में 22 लोगों की गवाही हुई थी। आरोप साबित होने पर उक्त तीनों अर्बन नक्सल सहयोगियों को विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की अलग-अलग धाराओ के तहत सात-सात वर्ष की सजा सुनाई गई है।

### पश्चिम बंगाल सरकार ने माना मुर्शिदाबाद दंगे में 109 मकान क्षतिग्रस्त

कोलकाता, (एजेंसी): पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में हाल ही में हुए सांप्रदायिक दंगों में कुल 109 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। यह जानकारी बुधवार को राज्य सरकार द्वारा कराए गए सर्वेक्षण के आधार पर दी गई। यह रिपोर्ट राज्य सचिवालय नवान्न में मुख्य सचिव मनोज पंत को सौंपी गई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मुर्शिदाबाद ज़िला प्रशासन ने धूलियन, शमशेरगंज और सूती क्षेत्रों में हुए दंगों के बाद सर्वेक्षण किया, जिसमें यह सामने आया कि कुल 109 मकानों को नुकसान पहुंचा है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पहले ही घोषणा कर चुकी हैं कि हिंसा प्रभावित सभी मकानों का पुनर्निर्माण राज्य सरकार की ह्यबांग्लार बाड़ीह्ल योजना के तहत किया जाएगा। दंगों में दुकानों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों को हुए नुकसान के संबंध में पूछे जाने पर अधिकारी ने बताया कि पंचायत विभाग के प्रधान सचिव और ज़िला प्रशासन को संयुक्त आकलन करने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही मुर्शिदाबाद के अपर ज़िलाधिकारी को विस्थापित परिवारों के पुनर्वास और उनके घरों के पुनर्निर्माण की निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। 8 अप्रैल से 12 अप्रैल के बीच वक्फ अधिनियम के विरोध में हुए प्रदर्शनों के दौरान भड़की हिंसा में कम से कम तीन लोगों की मौत हुई थी, जिनमें एक व्यक्ति और उसका बेटा भी शामिल थे। हिंसा के संबंध में अब तक 274 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

### एअर इंडिया व इंडिगो ने श्रीनगर मार्ग की टिकटों के रद्दीकरण व पुनर्निर्धारण शुल्क किया माफ

नई दिल्ली/श्रीनगर, (एजेंसी):पहलगाम आतंकी हमले के बाद जम्मू-कश्मीर में मौजूदा स्थिति के मद्देनजर नागरिक उड्डयन विमान

किरायों पर नजर रख रहा है। मंत्रालय ने बैठक कर एयरलाइन कंपनियों को सख्त निर्देश दिए हैं। इसके बाद विमानन कंपनियां एअर इंडिया और इंडिगो एयरलाइंस ने श्रीनगर से दिल्ली और मुंबई के लिए विशेष उड़ानें संचालित की हैं। इसके साथ ही एयरलाइनों ने टिकट पुनर्निर्धारण और रद्दीकरण शुल्क भी माफ कर दिया है।

एअर इंडिया और इंडिगो ने बुधवार को एक्स पर एक पोस्ट के जरिए बताया कि आज श्रीनगर से दिल्ली और मुंबई के लिए दो अतिरिक्त उड़ानें संचालित की जा रही हैं। इस तरह एअर इंडिया और इंडिगो एयरलाइंस श्रीनगर से दिल्ली और मुंबई के लिए कुल चार अतिरिक्त उड़ानें संचालित करेंगी। एअर इंडिया की ये फ्लाइट्स श्रीनगर से दिल्ली के लिए सुबह 11.30 बजे तथा श्रीनगर से मुंबई के लिए दोपहर 12.00 बजे उड़ानें संचालित की हैं। इसके साथ ही एयरलाइन इन क्षेत्रों पर 30 अप्रैल तक कन्फर्म बुकिंग वाले अपने यात्रियों को निःशुल्क पुनर्निर्धारण और रद्दीकरण पर पूरा रुपया वापस करने की पेशकश की है। इंडिगो एयरलाइन ने भी एक बयान जारी कर कहा कि श्रीनगर में उत्पन्न स्थिति को देखते हुए उसने यात्रा के लिए पुनर्निर्धारण या रद्दीकरण की छूट 30 अप्रैल तक बढ़ा दी है, जो 22 अप्रैल यानी उससे पहले की गई बुकिंग पर लागू थी। एयरलाइन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, इसके अतिरिक्त हम आज श्रीनगर से और श्रीनगर के लिए दो अतिरिक्त उड़ानें संचालित कर रहे हैं, जिनमें से एक दिल्ली और एक मुंबई से है।

## रॉबर्ट वाड्रा देशविरोधी ताकतों के इशारों पर बोल रहे हैं? चुघ

नई दिल्ली, (एजेंसी): भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ ने रॉबर्ट वाड्रा के बयान को देशविरोधी ताकतों की भाषा बताते हुए कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने पूछा, ह्लक्या रॉबर्ट वाड्रा देशविरोधी ताकतों के इशारों पर बोल रहे हैं?ह्व चुघ ने कहा कि जब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे स्वयं पहलगाम हमले को भारत की संप्रभुता पर सीधा हमला बता रहे हैं, उस समय वाड्रा – जो गांधी परिवार में केवल दामाद के रूप में जाने जाते हैं और प्रवर्तन निदेशालय की कई जांचों का सामना कर रहे हैं, वे मोदी सरकार पर ही निशाना साधते हैं। यह स्पष्ट संकेत है कि गांधी परिवार की सोच किस ओर झुकी हुई है।



बुधवार को चुघ ने मीडिया से बातचीत में कहा, ह्लरॉबर्ट वाड्रा का देशविरोधी ताकतों द्वारा प्रायोजित नरसंहार पर केंद्र सरकार को दोषी ठहराना केवल राजनीतिक नासमझी नहीं, बल्कि यह देश की एकता के खिलाफ सुनियोजित बयानबाजी है। वाड्रा का बयान कांग्रेस अध्यक्ष की बातों के पूरी तरह विपरीत है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि गांधी परिवार के भीतर भी राष्ट्रविरोधी सोच हावी है। उन्होंने प्रियंका गांधी की चुप्पी पर भी सवाल उठाया और सोनिया गांधी से मांग की कि वह वाड्रा के इन देशविरोधी विचारों पर सार्वजनिक रूप से अपना रुख स्पष्ट करें।

इसके साथ ही तरुण चुघ ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले को एक सुनियोजित नरसंहार बताया। उन्होंने कहा कि आतंकियों ने धर्म पूछकर निदोषों की हत्या की – यह मानवता के विरुद्ध अमानवीय और राक्षसी कृत्य है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ह्यजीरो टॉलरेंसह्ल नीति के तहत अब कोई भी आतंकी, कोई भी हत्यारा भारत की धरती पर नहीं बचेगा और इसका जवाब सिर्फ निंदा नहीं, निर्णायक कार्रवाई होगी। उन्होंने देशवासियों से एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ इस निर्णायक लड़ाई में साथ खड़े होने की अपील की।

## अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने परिवार संग किया ताजमहल का दीदार, बताया अद्भुत है यह इमारत

आगरा, 23 अप्रैल(हि.स.)। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, पत्नी उषा और बच्चों के साथ आगरा पहुंचे। ताजमहल का दीदार किया। करीब डेढ़ घंटे तक परिवार के साथ जेडी वेंस ने मोहब्बत की इमारत का दीदार किया। इस दौरान उन्होंने विजिटर बुक में लिखा कि ताजमहल वास्तव में अद्भुत है। ताजमहल परिसर में पहुंचते ही अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के चेहरे पर अलग ही मुस्कान दिखाई दी। मानो वह ताज की खूबसूरती को शब्दों में बयां नहीं कर पा रहे थे। पत्नी और बच्चों के साथ इस दौरान उन्होंने फोटो खिंचाए।



अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस अपनी पत्नी उषा व तीन बच्चों के साथ बुधवार सुबह 10:20 बजे ताजमहल देखने पहुंचे। शिल्पग्राम से बैटरी कार में बैठकर वह ताजमहल पहुंचे। यहां अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। ताजमहल में उन्हें गाइड नितिन सिंह ने स्मारक के इतिहास की जानकारी दी। गर्मी को देखते हुए रॉयल गेट में ही उन्हें ताजमहल के इतिहास और उससे जुड़ी जानकारी दे दी गई। डायना बेंच पर परिवार के साथ उन्होंने फोटो सेशन कराया। मुख्य मकबरे में वेंस और उनके परिवार ने पच्चीकारी और वास्तुकला की जानकारी की। वेंस और उनकी पत्नी उषा पहले बच्चों के साथ मुख्य मकबरे में अंदर गए। दोबारा वह बच्चों को बाहर बैठाकर अंदर गए। उषा इतिहास में स्नातक हैं, उन्होंने काफी सवाल पूछे। वहीं वेंस को सुरक्षा कारणों की वजह से यमुना किनारे की तरफ नहीं जाने दिया गया। सुरक्षा एजेंसियों ने सुरक्षा कारणों की वजह से इससे इंकार कर दिया।

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने गाइड से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की विजिट के बारे में जानकारी की। उन्होंने ट्रम्प को कैसा लगा था ताजमहल के बारे में जानकारी की। गाइड ने उन्हें अच्छा लगने की जानकारी दी। ताजमहल में मुख्य मकबरे पर जाने से पूर्व पर्यटकों को जूता-चप्पल के ऊपर शू-कवर डिस्पेंसर पहनना अनिवार्य है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति को भी शू-कवर पहनने के लिए एएसआइ शू-कवर डिस्पेंसर लगवाया। अमेरिकी उपराष्ट्रपति और उनके परिवार को शिल्पग्राम परिसर से ताजमहल के रॉयल गेट तक बैटरी कार से सफर किया। विंटेज लुक की लाल रंग की फाइव सीटर बैटरी कार समेत अन्य बैटरी कार आरक्षित रहीं। सुबह ताजमहल की सभी टिकट विंडो भी बंद रहीं। अमेरिकी उपराष्ट्रपति के जाने के बाद ही टिकट विंडो और ताजमहल पर्यटकों के लिए खोला गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं हुए

इससे पूर्व बुधवार सुबह खेरिया हवाई अड्डे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फूलों का गुलदस्ता भेंट कर जेडी वेंस का स्वागत किया। यहां से ताजमहल तक उपराष्ट्रपति के रूट पर सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किए गए थे। सांस्कृतिक आयोजनों के लिए मंच भी सजाए गए थे। मगर, जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद शोक में सांस्कृतिक आयोजन नहीं किए गए। उपराष्ट्रपति का काफिला जब एयरपोर्ट से निकला, तो बच्चों ने भारत और अमेरिका के झंडे दिखाकर अभिवादन किया।

### आतंकियों को पहलगाम हमले का ऐसा जवाब दिया जाएगा कि दुनिया देखेगी : राजनाथ

नई दिल्ली, (एजेंसी): पहलगाम हमले के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आतंकियों को सीधे ललकारते हुए कहा कि नापाक साजिश रचने वालों को ऐसा जवाब दिया जाएगा कि दुनिया देखेगी। भारत ऐसे हमलों से कतई नहीं डरेगा और हम पर्दे के पीछे छिपे लोगों को भी मुंहतोड़ जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि आतंक के खिलाफ जीरो टॉलरेंस के चलते भारत इस हमले की साजिश की तह तक जाएगा और हम जोरदार तरीके से जवाब देंगे।

रक्षा मंत्री बुधवार शाम को नई दिल्ली में 'अर्जन सिंह स्मृति व्याख्यान' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कल पहलगाम में धर्म को निशाना बनाते हुए आतंकवादियों के कायरतापूर्ण हमले में हमारे देश ने अनेक निर्दोष नागरिकों को खोया है। इस घोर अमानवीय कृत्य ने हम सभी को गहरे शोक और दर्द में डुबो दिया है। उन सभी परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए उन्होंने इस दुखद समय में दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। भारत के दृढ़ संकल्प को दोहराते हुए उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ हमारी जीरो टॉलरेंस की पॉलिसी है। भारत का एक-एक नागरिक इस कायरतापूर्ण हरकत के खिलाफ एकजुट है।उन्होंने देशवासियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि इस घटना के मद्देनजर भारत सरकार हर वो कदम उठाएगी, जो जरूरी और उपयुक्त होगा। हम सिर्फ उन्हीं लोगों तक नहीं पहुंचेंगे, जिन्होंने इस घटना को अंजाम दिया है। हम उन तक भी पहुंचेंगे, जिन्होंने पर्दे के पीछे बैठकर हिंदुस्तान की सरजमीं पर ऐसी नापाक हरकतों की साजिशें रची हैं। भारत पुरानी सभ्यता वाला इतना बड़ा देश है, जिसे ऐसी किसी भी आतंकी गतिविधियों से डराया नहीं जा सकता। ऐसी हरकतों का जवाब इसके जिम्मेदार लोगों को आने वाले कुछ ही समय में जोरदार तरीके से नजर आएगा कि दुनिया देखेगी।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यह भी कहा कि भारत की वायुसेना देश की सुरक्षा में तत्पर है, उसे देखकर हर भारतवासी निश्चिन्त रहता है। हमें इस बात का संतोष रहता है कि आपकी छाया में देश पूरी तरह सुरक्षित है। भारतीय वायु सेना के मार्शल अर्जन सिंह जी अपने दौर के एक दूरदर्शी सैन्य नेता थे, उनका दृष्टिकोण आज भी प्रासंगिक है। आज भी वह भारतीय वायुसेना के लिए और हमारे युवाओं के लिए किसी प्रेरणा से कम नहीं है। उनकी जीवनी आपके लिए बहुत प्रेरक है, जो आने वाली कई उपलब्धियों को प्रेरित करेगी। इतिहास में ऐसे बहुत कम लोग होते हैं, जो इतिहास का हिस्सा भी होते हैं और इतिहास का निर्माण भी करते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### मैथ्स क्लिनिक द्वारा विजुअल निमानिक्स पर कार्यशाला का आयोजन हुआ



नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

**बलियापुर :** बलियापुर में बुधवार को संत सोक्रेट्स स्कूल में मैथ्स क्लिनिक संस्थान द्वारा विजुअल निमानिक्स पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में क्लास थ्री और फोर्थ के छात्रों ने भाग लिया और विजुअल निमोनिक्स द्वारा गणित के सरल अध्यायों को याद करने के तरीकों के बारे में जाना। संस्थान के संस्थापक और निदेशक शंकर मुर्मू ने बच्चों को विजुअल निमोनिक्स द्वारा गणित के सरल अध्यायों को याद करने के तरीके बताए। इस कार्यशाला को सफल बनाने में विद्यालय परिवार का मुख्य योगदान रहा।कार्यशाला का तकनीकी संरक्षण संस्था के लेखपाल राजू कुमार हेमब्रम ने किया।कार्यशाला में स्कूल के प्रधानाचार्य देवेंद्रनाथ मंडल, सह शिक्षिका अंजली हालदार, प्रियंका कुमारी आदि मौजूद थे।

### सिंदरी में धूमधाम से मनाई गई बाबू कुंवर सिंह जयंती



नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

**सिंदरी :** वीर शिरोमणि बाबू कुंवर सिंह जी की जयंती विजयोत्सव के रूप में उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर वीर कुंवर सिंह चौक पर स्थित उनकी भव्य प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नगरवासियों ने श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम की शुरूआत बाबू कुंवर सिंह समिति सिंदरी की महासचिव कांति सिंह द्वारा माल्यार्पण से हुई। वीर कुंवर सिंह चौक पर स्थित उनकी भव्य प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में नगर के कई प्रमुख सामाजिक, राजनीतिक एवं व्यापारिक प्रतिनिधि उपस्थित थे। पूरा चौक ₹बाबू कुंवर सिंह अमर रहें₹ के नारों से गूंज उठा और माहौल राष्ट्रभक्ति और गौरव से सराबोर हो गया। इस मौके पर बीजेपी के दिनेश सिंह, कुन्दन सिंह, कामेश्वर सिंह, संग्राम समिति के कौशल सिंह, जन-अधिकार मंच के रंजित सिंह, चैम्बर ऑफ कामर्स के दीपक कुमार (दिपू), दिलिप रिटोलिया, कांग्रेस के विदेशी सिंह, विजय सिंह, शैलेश सिंह, रणधीर सिंह , उमाशंकर सिंह, पत्रकार शंकर पाण्डेय, बरमेश्वर, सतीश मिश्रा, दिलिप मिश्रा इत्यादि लोगों ने हर्षोल्लास के साथ अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

### वीर कुंवर सिंह जयंती पर सरस्वती विद्या मंदिर में उत्साह व श्रद्धा का माहौल

नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

सिंदरी : सरस्वती विद्या मंदिर में वीर कुंवर सिंह जयंती के अवसर पर छात्रों ने शहरपुरा स्थित वीर कुंवर सिंह चौक पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वीर कुंवर सिंह समिति सिंदरी की सचिव कांति सिंह ने वीर कुंवर सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए छात्रों से उनके आदर्शों को अपनाने का आग्रह किया। विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार पाठक ने छात्रों को साहसी, बुद्धिमान और उदार बनने की प्रेरणा दी। वीर कुंवर सिंह चौक पर स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कांति सिंह ने छात्रों से वीर कुंवर सिंह के आदर्शों को अपनाने का आग्रह किया। प्राचार्य सुनील कुमार पाठक ने छात्रों को वीर कुंवर सिंह की तरह साहसी और बुद्धिमान बनने की प्रेरणा दी। डॉ. भास्कर झा ने छात्रों को लक्ष्य के प्रति दृढ़ इच्छाशक्ति और त्याग की भावना से ओतप्रोत होने का संदेश दिया।

### भौरा में सड़क सुरक्षा की मांग को लेकर ग्रामीणों ने कंपनी का कार्य कराया बंद

**जहाजटांड़ बस्ती और दामोदर घाट सड़क पर दरार पड़ने से तनाव**

नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

**भौरा :** भौरा जहाजटांड़ बस्ती और दामोदर घाट जाने वाली मुख्य सड़क पर दरार पड़ने और जमीन धंसने की घटना के बाद ग्रामीणों ने एटीदेवप्रभा कंपनी के भौरा फोर ए पैच को बंद करा दिया। यह पैच मंगलवार को ही चालू हुआ था, लेकिन ग्रामीणों के आक्रोश के कारण रात से ही ओबी निकासी, कोल उत्पादन और कोल ट्रांसपोर्टिंग कार्य बंद हो गया।

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क काफी खतरनाक हो चुकी है और कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। प्रबंधन को सड़क को सुरक्षित करना होगा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि कंपनी ने उनके जमीन के एवज में बकाया मुआवजा नहीं दिया है। जब तक यह भुगतान नहीं होता, तब तक आउटसोर्सिंग कार्य नहीं होने दिया जाएगा आउटसोर्सिंग मजदूरों ने कहा कि वे गरीब परिवार से हैं और डेली कमाने खाने वाले हैं। अगर कंपनी बंद रहेगी तो उनके परिवार का पेट कैसे चलेगा। पैच के आसपास तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। भौरा पुलिस विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए पैच के आसपास तैनात है। उक्त पैच के 200 मीटर के परिधि में अगले आदेश तक धारा 163 लगी हुई है, बावजूद इसके ग्रामीण उक्त स्थल पर जमे हुए हैं।

### झरिया में यूथ कांग्रेस ने पहलगाम आतंकी हमले के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

**झरिया :** विधानसभा यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष रवि सिंह के नेतृत्व में बुधवार को झरिया स्थित चिल्ड्रेन पार्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने पहलगाम जम्मू-कश्मीर में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान रवि सिंह ने कहा कि पाकिस्तान इस तरह के कायराना आतंकी हमलों से नहीं बच सकता, क्योंकि पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है। यूथ कांग्रेस अध्यक्ष रवि सिंह ने कहा कि कांग्रेस हर कदम पर सरकार के साथ है और दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। उनका कहना है कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सरकार को सख्त कदम उठाने चाहिए और दोषियों को बख्शा नहीं जाना चाहिए। मौके पर ओबीसी नगर अध्यक्ष दीपक यादव, कुंदन कुमार मोदक,अजित रवानी, सुशांत सिंह, कृष साह, अंकित शर्मा, निशांत साव, राहुल कुमार, इशू वर्मा, कृष रजक, छोटन धर, प्रिंस अहमद, रेहान, हसन शेख, कदीम आदि थे।

# एफसीआईएल सिंदरी में अवैध कब्जा हटाने की कार्यवाई, विस्थापितों ने किया विरोध प्रदर्शन

**कब्जाधारियों ने पुनर्वास की मांग को लेकर किया विरोध, बुलडोजर को पीछे हटाना पड़ा**





नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

सिंदरी : एफसीआईएल सिंदरी के रोहड़ाबांध मौजा स्थित प्लॉट संख्या 987 से अवैध कब्जा हटाने के लिए आज बड़ी कार्रवाई की गई। एफसीआई के संपदा अधिकारी देवदास अधिकारी और यूनिट इंचार्ज विजय चौधरी बुलडोजर, कोर्ट द्वारा नियुक्त मजिस्ट्रेट और भारी सख्या में पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई शुरू होते ही कब्जाधारियों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। उन्होंने वापस जाओ, पहले पुनर्वास करो, फिर



विस्थापन होगा के नारे लगाए। स्थिति को देखते हुए बुलडोजर को पीछे हटाना पड़ा। इसके बाद मजिस्ट्रेट और अधिकारियों के साथ विस्थापितों की बैठक आयोजित की गई। यह कार्रवाई एफसीआईएल प्रबंधन द्वारा की जा रही है, जिसने पहले ही इस संबंध में आदेश जारी किया था। कब्जाधारियों का दावा है कि उन्हें पुनर्वास के बिना विस्थापित नहीं किया जा सकता। बैठक में अधिकारियों ने समझाइश के साथ तय समय सीमा में स्थान खाली करने का निर्देश दिया। विस्थापितों का दावा है कि उन्हें पुनर्वास के बिना विस्थापित नहीं किया जा सकता। मौके पर सीपीएम नेता विकास कुमार ठाकुर, झारखंड मुक्ति मोर्चा के परशुराम सिंह, रामू मंडल, कांग्रेस के विदेशी सिंह, भाजपा के गोवर्धन मंडल, प्रकाश बाउरी, कुमार महतो, माकपा के सूर्य कुमार सिंह, राज नारायण तिवारी, सुबल चंद्र दास, शिबू राय, अनिल शर्मा, रामनाथ शर्मा, सियाराम यादव आदि मौजूद थे।

## झारखंड में फार्मा काउंसिल के रजिस्ट्रार पद पर नियुक्ति का विवाद

**आजसू पार्टी की मांग चयन प्रक्रिया में स्थानीय लोगों को अवसर मिले**



नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

**तोपचांची :** झारखंड स्वास्थ्य विभाग में फार्मा काउंसिल के रजिस्ट्रार पद के लिए चयन प्रक्रिया शुरू की गई है, जिसमें पांच सदस्यीय समिति का भी गठन किया जाएगा। लेकिन स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस विभाग में बाहरी लोगों की नियुक्ति की जा रही है, जबकि झारखंड अलग राज्य बने 24 वर्ष हो चुके हैं।झारखंड स्वास्थ्य विभाग ने राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना शुरू की है, जिसके तहत कर्मियों और उनके आश्रितों को स्वास्थ्य बीमा का लाभ दिया जा रहा है। इस योजना के तहत कर्मियों को तीन श्रेणियों में बांटा गया है और उन्हें पांच लाख रुपये तक का चिकित्सा लाभ दिया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि फार्मा काउंसिल के रजिस्ट्रार पद समेत अन्य पदों पर स्थानीय लोगों को नियुक्त किया जाए। उनका आरोप है कि बाहरी लोगों की नियुक्ति से स्थानीय लोगों के हितों को नुकसान पहुंच रहा है। अब देखना यह है कि सरकार इस मामले में क्या कार्रवाई करती है। आजसू पार्टी के जिला संगठन सचिव सदानंद महतो ने कहा कि झारखंड में आदिवासी-मूलवासी की सरकार होने के बावजूद 24 साल से बाहरी लोगों का कब्जा है। उन्होंने मांग की है कि चयन प्रक्रिया में स्थानीय लोगों को अवसर दिया जाए, अन्यथा पार्टी चरणबद्ध आंदोलन करेगी। महतो का कहना है कि सरकार को स्थानीय लोगों के हितों की रक्षा करनी चाहिए और उन्हें विभाग में नियुक्ति देनी चाहिए। आजसू पार्टी ने मांग की है कि फार्मा काउंसिल में स्थानीय लोगों को नियुक्त किया जाए। अगर मांग नहीं मानी गई तो पार्टी चरणबद्ध आंदोलन करेगी। पार्टी ने सरकार पर आरोप लगाया है कि वह बाहरी लोगों को नियुक्त कर रही है।

# अवैध उत्खनन पर करवाई वन विभाग व प्रबंधन की संयुक्त छापामारी

**दो अवैध मुहाने को प्रबंधन ने कराई भराई**

नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

**झरिया :** वन विभाग, एनटीएसटी जीनागोरा प्रबंधन, अलकडीहा ओपी पुलिस और सीआईएफ ने संयुक्त रूप से अलकडीहा ओपी क्षेत्र के पहाड़ीगोड़ा, सुरूंगा काली मंदिर के समीप छापामारी की। इस दौरान कोयला तस्कर और अवैध उत्खनन में लगे लोग भाग खड़े हुए। छापामारी के दौरान दो अवैध मुहाने पाए गए, जिन्हें प्रबंधन द्वारा भराई करा दी गई है। प्रबंधन ने कहा कि किसी भी हाल में अवैध उत्खनन नहीं चलने दिया जाएगा। अवैध मुहानों की भराई के दौरान वन विभाग की टीम, सीआईएसएफ और अलकडीहा पुलिस दलबल के साथ मौजूद थी। कार्रवाई अवैध उत्खनन और कोयला तस्करी पर रोक लगाने के लिए की गई है। इससे पहले भी इस क्षेत्र में अवैध उत्खनन के खिलाफ कार्रवाई की गई थी।



## पूर्वी झरिया क्षेत्र में दो कोयला लोड हाईवा की रहस्यमय गुमशुदगी

नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

**भौंरा :** पूर्वी झरिया क्षेत्र के भौंरा एटी देवप्रभा आउटसोर्सिंग फोर ए पैच से कोयला लोड कर सुदामडीह रेलवे साइडिंग के लिए निकली दो हाईवा रहस्यमय ढंग से गायब हो गई हैं। हैरानी की बात है कि दोनों हाईवा का जीपीएस सिस्टम सुदामडीह रेलवे साइडिंग के पास खड़ी एक अन्य हाईवा से बरामद किया गया है, जिसे पूर्वी झरिया क्षेत्र प्रबंधन ने जब्त कर लिया है। दोनों हाईवा भौंरा एटी देवप्रभा आउटसोर्सिंग फोर ए पैच से कोयला लोड कर सुदामडीह रेलवे साइडिंग के लिए निकली थीं। दो कोयला लोड हाईवा गायब होने की सूचना मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है, और अधिकारियों के साथ-साथ सीआईएसएफ, आंतरिक सुरक्षा बल और कोल डिस्पैच से जुड़े अन्य कर्मियों के बीच भी हड़कंप मच गया है। हाईवा संख्या जे एच 10 सीएस 4474 और हाईवा संख्या जेएच 10 सीएस 5382 भौंरा फोर ए पैच से कोयला लोड कर बीती रात्री करीब 11-12 बजे के आसपास सुदामडीह रेलवे साइडिंग के लिए निकली थीं। क्षेत्र के प्रबंधन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पूरे घटना क्रम की जांच पड़ताल शुरू करवा दी है। मामले को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं, और लोगों के बीच कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं।

# लोदना में बीसीकेयू की हुई बैठक 25 अप्रैल से ठप होगा डिस्पैच और ट्रांसपोर्टिंग



नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

झरिया : लोदना यमुना सहाय स्मृति भवन प्रांगण में बुधवार को बीसीकेयू लोदना क्षत्रिय कमिटी की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता धर्मेंद्र राय ने की। बैठक में केंद्रीय कमिटी के उपाध्यक्ष सुरेश प्रसाद गुप्ता उपस्थित थे। निरसा विधायक सह महामंत्री अरूप चटर्जी की घोषणा के अनुसार, 25 अप्रैल से लोदना एवं बस्ताकोला क्षेत्र का डिस्पैच और ट्रांसपोर्टिंग ठप किया जाएगा। यह निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया, जो क्षेत्र के विकास और समस्याओं के समाधान के लिए महत्वपूर्ण होगा। यह निर्णय क्षेत्र के लोगों के लिए महत्वपूर्ण हो सकता है, और इसके प्रभाव को समझने के लिए आगे की जानकारी की आवश्यकता होगी।केओसिपी में महिला कर्मी सीमा देवी को बीसीसीएल प्रबंधन द्वारा काम से हटाने का मुद्दा उठाया गया। लोदना क्षेत्र में लोगों का विस्थापन करने से पहले स्थायी रूप से पुनर्वास न करने की समस्या पर चर्चा हुई।ठेका मजदूरों को हाई पावर कमिटी के अनुसार वेतन देने की मांग की गई। 9 नंबर और 6 नंबर साइडिंग के मजदूरों का सीएमपीएफ का पैसा जमा करने की मांग की गई। बैठक में शिवकुमार सिंह,सबूर गोराई ,सलाउद्दीन अंसारी, मनोज पासवान,सुरेंद्र पासवान, पशुपतिनाथ देव, रवि कुमार, मजहर अंसारी, कुंदन पासवान, रामवृक्ष धारी, मधुसूदन बैनर्जी आदि शामिल थे।

## जामाडोबा स्थित टाटा डीएवी स्कूल में पृथ्वी दिवस का उत्सव

**छात्रों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विविध कार्यक्रम आयोजित**



नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

**झरिया :** जामाडोबा स्थित टाटा डीएवी स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस बड़े ही उत्साह और जागरूकता पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनका उद्देश्य छात्रों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करना था। कार्यक्रम कि शुरूआत विशेष प्रार्थना सभा से हुई, जिसमें विद्यालय के प्राचार्य ने छात्रों को पृथ्वी संरक्षण का महत्व बताया और सभी को पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने कि प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि पृथ्वी हमारी माता के समान है, जिसकी रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है। इसके बाद विद्यालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर कई पौधे लगाए। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए छात्रों ने एक प्रभावशाली नाटक प्रस्तुत किया। जिसमें उन्होंने धरती पर बढ़ते प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग कि समस्याओं को उजागर किया। छोटे बच्चों ने आकर्षक वेषभूषा पहनकर पृथ्वी दिवस से जुड़े संदेश प्रस्तुत किए। उन्होंने पोस्टर और स्लोगनों के माध्यम से स्वच्छता, हरियाली और जल संरक्षण कि आवश्यकता पर जोर दिया। विद्यालय के इस पहल को अभिभावकों एवं स्थानीय लोगों द्वारा भी सराहा गया। इस अवसर ने न सिर्फ छात्रों को जागरूक किया, बल्कि उन्हें पर्यावरण के प्रति अपनी भूमिका समझने का भी अवसर दिया।

## डीएवी बनियाहीर विद्यालय में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

**प्राचार्य ने सफल प्रतिभागियों को किया सम्मानित**




नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

**झरिया :** डीएवी बनियाहीर विद्यालय मे बुधवार को पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया।इस समारोह विद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं मे सफल प्रतिभागियों को पदक और प्रशिस्त पत्र देकर विद्यालय के प्राचार्य एजाज अहमद के द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने सम्बोधित करते हुए कहा कि, जीवन मे सफल होने के लिए सर्वदा परिश्रम करना होगा, क्योकि मोती उन्हें ही प्राप्त होता है, जो समुद्र के तल गहाराइयों मे जाते है। इसी क्रम मे विद्यालय मे बीते मंगलवार को पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर एक चित्र प्रदर्शनी, भाषण प्रतियोगिता, तथा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।जिसमे छात्र छात्राओं ने बड़े ही उत्साह के साथ भाग लिया।प्रार्थना सभा के दौरान इन्हें भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य ने सहयोगी शिक्षक-शिक्षिकाओं का आभार व्यक्त किया और इस तरह के कार्यक्रमों में अपनी क्रिया-शीलता दिखाने और सहभागिता दर्ज कराने हेतु बच्चों को प्रोत्साहित किया।

## एनीटाइम फिटनेस ने धनबाद में खोला नया जिम क्लब



नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

**धनबाद :** एनीटाइम फिटनेस ने सरायढेला, धनबाद में अपने नए जिम के साथ पूर्वी भारत में अपनी उपस्थिति बढ़ाई है। इस विस्तार के साथ, वे लोगों को स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली अपनाने में मदद करने के अपने मिशन को मजबूत बना रहे हैं। विक्रांत श्रीवास्तव ने बताया कि एनीटाइम फिटनेस ने धनबाद में अपना नया जिम क्लब लॉन्च किया। एक फिटनेस उत्साही और उद्यमी हैं जो क्षेत्र में स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देते रहे हैं। इस नए क्लब के साथ, एनीटाइम फिटनेस लोगों को स्वस्थ और खुशहाल जीवन जीने के लिए आवश्यक टूल्स, समर्थन और लचीलापन प्रदान करने की दिशा में एक और कदम बढ़ा रहा है। जिम 24 घंटे खुला रहता है, जिससे सदस्य अपनी सुविधा अनुसार व्यायाम कर सकते हैं।जिम में आधुनिक स्मार्ट फिटनेस प्रौद्योगिकी और सुरक्षित वर्कआउट उपकरण हैं।

### टाटा स्टील ने पृथ्वी दिवस पर वृक्षारोपण अभियान व औषधीय उद्यान का किया शुभारंभ

नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

झरिया : पृथ्वी दिवस के अवसर पर टाटा स्टील झरिया डिवीजन ने सर दोराबजी टाटा पार्क में वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए, जिनमें फलदार, औषधीय और देशी प्रजातियों के पौधे शामिल थे। पर्यावरणीय सस्टेनेबिलिटी के प्रति टाटा स्टील की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पार्क के खाली स्थानों में एक नवीन औषधीय उद्यान का सृजन किया है। इस उद्यान में एलोवेरा, तुलसी, पुत्रंजीव, हिमालयन रेड और लेमनग्रास जैसी पारंपरिक और देशी औषधीय वनस्पतियों की विविध किस्में लगाई गई हैं। औषधीय पौधे जैव विविधता को बढ़ावा देते हैं और स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र को संतुलित बनाते हैं।

Page 12_Page 3.qxd 4/23/2025 10:25 PM Page 1



## संक्षिप्त खबर

### राकोमसं के सेफ्टी ऑर्गेनाइजेशन की टीम ने किया एएमपी कोलियरी का निरीक्षण

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

बाघमारा : राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ के सेफ्टी ऑगेनाइजेशन की टीम बुधवार को बरोरा एरिया प्रबंधकीय टीम के साथ एएमपी कोलियरी का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया. इस दौरान कई जगहों पर सुरक्षा में कमी को उजागर कर नाराजगी जतायी. पीओ काजल सरकार ने खामियों को शीघ्र ही समाधान कराने की बात कहीं. निरीक्षण में मौके पर मैनेजर बच्चन पांडेय तथा राकोमसं के कार्यकारी अध्यक्ष एल एन भट्टाचार्य , सचिव एमडी इबरारे अंसारी, क्षेत्रीय सचिव संजय कुमार सिंह, मो. मंसूर आलम आदि शामिल थे.

### नीचितपुर एम इंडिया आयुर्वेद दवाखाना में लगा नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

कतरास : नीचितपुर नर्मदेश्वर मंदिर स्थित एम इंडिया आयुर्वेद दवाखाना में बुधवार को आयुवेर्दा किरण शर्मा के तत्वावधान में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में दर्जनों मरीज का इलाज कर उन्हें दवा दी गई. शिविर में पटना के सुप्रसिद्ध फिजियोथैरेपिस्ट डा निखिल कुमार सिंह, प्रकाश कुमार, बबीता देवी, अंजना देबी, दीपक कुमार आदि ने जांच किया.डा निखिल ने कहा कि नि:शुल्क जांच शिविर के माध्यम से गरीब लोगों को काफी राहत मिलती है .आयुर्वेद के तरफ लोगों का झुकाव दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है.

### राष्ट्रीय जनता श्रमिक संघ ने विधान सभा पर्यावरण संरक्षण समिति को सौंपा पत्र

**सेल जीतपुर खदान को बंद करने का निर्णय वापस लेने हेतु दिया ज्ञापन**



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

धनबाद :राष्ट्रीय जनता श्रमिक संघ के महामंत्री अवधेश कुमार एवं संयुक्त महामंत्री उदय शर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल झारखंड विधान सभा पर्यावरण संरक्षण समिति के धनबाद दौरे पर आए सदस्य बड़कागांव विधायक रौशन लाल चौधरी को सेल जीतपुर खदान को बंद करने का निर्णय वापस लेने के लिए ज्ञापन सौंपा.पत्र में लिखा है कि अपने चहेते संवेदक को 800 करोड़ के पेनाल्टी से बचाने के लिए स्थानीय प्रबंधन ,डीजीएमएस और सीएमएफआर का हवाला देकर सुनियोजित साजिश के तहत कोलियरी बंद कर इसे लिपा पोती करना चाहती है. जिससे राष्ट्रीय संपत्ति उच्च कोटि के वाशरी ग्रेड टू का लगभग पचास मिलियन टन कोयले की क्षति होगी. नेताद्धय ने पत्र में पांच विंदुओं पर प्रमुखता से प्रकाश डाला है.साथ ही मामले की उच्च स्तरीय केंद्रीय इन्वेंशन ब्यूरो से जांच की मांग की है.मौके पर जीतपुर शाखा सचिव रंजीत यादव, अध्यक्ष संजय बहादुर फैजान करीम के अलावा दर्जनों लोग मौजूद थे.

# जिले के शत प्रतिशत बच्चों का नामांकन व विद्यालय में उपस्थिति कराना स्कूल रूआर का उद्देश्य : उपायुक्त

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

धनबाद : जिले के 5 से 18 वर्ष के शत प्रतिशत बच्चों को शिक्षित करना, विद्यालयों में उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करना तथा ड्रॉप आउट कम करना स्कूल रूआर 2025 का उद्देश्य है. छात्रों की कम उपस्थिति और 7 वीं, 8 वीं व 9 वीं कक्षा में बच्चियों का ड्रॉप आउट चिंता का विषय है. इसमें जागरूकता लाने के लिए स्कूल प्रबंधन, प्रधानाचार्य, जनप्रतिनिधि तथा अभिभावकों का योगदान तथा भागीदारी महत्वपूर्ण है.

उक्त बातें उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा ने बुधवार को झारखण्ड शिक्षा परियोजना, धनबाद के द्वारा स्कूल रूआर 2025 के अंतर्गत ह्लपढाई






से नाता टूटे नहीं बच्चों का नामांकन छूटे नहींद्द विषय पर आयोजित कार्यक्रम में कहीं.

उपायुक्त ने कहा कि जागरुकता से विद्यालयों में नामांकन की संख्या बढ़ी है. इसके बाद भी कई बच्चे नामांकन से छुटे हुए हैं.वहीं छात्रों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार ने ई-विद्या वाहिनी सहित अन्य तंत्र तैयार किए हैं.

बच्चियों को अच्छी शिक्षा प्रदान करने के लिए राज्य सरकार ने सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना भी शुरू की है. गरीब परिवारों पर आर्थिक बोझ न पड़े उसके लिए मिड डे मील, निशुल्क पोशाक, साइकिल व पुस्तक वितरण सहित अन्य तरह की सुविधाएं छात्रों को दी जाती है.उपायुक्त ने जिले के 5 से 18 वर्ष के शत प्रतिशत बच्चों का विद्यालय में नामांकन, उपस्थित और ड्रॉप आउट कम करने के लिए सभी को पूरी निष्ठा और गंभीरता से अपने कर्तव्य का पालन करने का अनुरोध किया. साथ ही घर-घर तक एवं जन -जन तक यह संदेश पहुंचाने का आग्रह किया.स्कूल रूआर 2025 के तहत आगामी 10 मई तक जागरुकता कार्यक्रम चलाया जाएगा.इससे पूर्व उपायुक्त ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया.वहीं जिला शिक्षा पदाधिकारी ने उपायुक्त को पौधा प्रदान कर स्वागत किया.

कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधीक्षक आयुष कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती अनीता कुजूर, टुंडी विधायक प्रतिनिधि जगदीश प्रसाद चौधरी, जरिए विधायक प्रतिनिधि केडी पांडेय, विभिन्न प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित अन्य लोग मौजूद थे.

## मास्टर सोबरन मांझी स्टेट लाइब्रेरी ने आतंकवादी हमले के विरोध में निकाला कैंडल मार्च



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

धनबाद: बुधवार की संध्या में कश्मीर के प्रमुख पर्यटन स्थल पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर हुए वीभत्स आतंकवादी हमले के विरोध में मास्टर सोबरन मांझी स्टेट लाइब्रेरी, गोल्फ ग्राउंड के विद्यार्थियों ने कैंडल मार्च निकाला. रणधीर वर्मा चौक में पहुंचकर हाथों में तख्तियां लिए विरोध प्रदर्शन किया एवं आतंकवादियों पर कड़ी करवाई करने की मांग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से की. प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों ने कहा कि इस भयावह आतंकवादी हमले में 26 निर्दोष देशवासियों की जान चली गई, जिससे हम सभी मर्माहत हैं. कहा अब वक्त आ गया है आतंकियों और देशद्रोहियों को मुंहतोड़ जवाब देकर सबक सिखाने का. कैंडल मार्च में आकाश मंडल, सीमा कुमारी, रोहित सिंह, सचिन, अमित ,दयाल, उमेश, अभिषेक, मनोज, विवेक समेत सैकड़ो विद्यार्थी थे.

## पहलगाम में आतंकी हमले के विरोध में भाजपा का रंधीर वर्मा चौक पर जोरदार प्रदर्शन

**विरोध में सांसद ढुल्लू महतो व विधायक राज सिन्हा भी शामिल रहे**





**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

धनबादः जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के विरोध में भारतीय जनता पार्टी की ओर से धनबाद के रणधीर वर्मा चौक पर बुधवार को जोरदार विरोध प्रदर्शन किया. इस प्रदर्शन में मुख्य रूप से धनबाद सांसद ढुल्लू महतो और विधायक राज सिन्हा शामिल हुए. उन्होंने आतंकी हमले की कड़ी निंदा की और मांग की कि आतंकवादियों और पाकिस्तान को इसके लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए. प्रदर्शन में भाजपा कार्यकताओं ने पाकिस्तान के खिलाफ नारे लगाए और अपना आक्रोश व्यक्त किया. सांसद और विधायक ने कहा कि आतंकी हमले के खिलाफ पूरे देश में उबाल है और इस हमले का जवाब आतंकी और पाकिस्तान को मिलना चाहिए. उन्होंने कहा कि भारत माता की जय और पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे लगाकर लोगों ने अपना विरोध दर्ज किया. गौरतलब है कि जम्मू कश्मीर में आतंकी हिंसा ने चिंता बढ़ा दी है. प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि आतंकवादियों को तत्काल समाप्त किया जाए और उनके खिलाफ बड़े अभियान चलाए जाएं प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान के खिलाफ नारे लगाए और उसकी निंदा की. विरोध प्रदर्शन में शामिल लोगों ने कहा कि वे आतंकवाद के खिलाफ मजबूती से खड़े हैं और इस कृत्य में शामिल आतंकवादियों को खत्म करने के लिए एक बड़े अभियान की मांग करते हैं.

## उपायुक्त ने दूसरे अंचलों में प्रतिनियुक्त राजस्व कर्मचारियों को मूल अंचल में भेजने का दिया निर्देश

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

धनबाद : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा ने बुधवार को माननीय उच्च न्यायालय, सिविल कोर्ट, एनजीडीआरएस पोर्टल, अंचलों सहित अन्य विभागों में लंबित विभिन्न मामलों की समीक्षा की.

इस क्रम में उपायुक्त ने पाया कि विभिन्न अंचलों में म्यूटेशन के अधिकतर मामले राजस्व कर्मचारी के स्तर पर लंबित है. इस पर कड़ी नाराजगी जताते हुए उपायुक्त ने दूसरे अंचलों में प्रतिनियुक्त राजस्व कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति रद्द कर उनको मूल अंचल में भेजने और वहां से उनका अन्यत्र स्थानांतरण करने का निर्देश दिया.समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने अंचलों में हलका



स्तर पर लंबित मामलों का पूरा ब्यौरा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि इसकी समीक्षा करने के बाद अंचल निरीक्षक एवं राजस्व कर्मचारी पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी.साथ ही उन पर फाइन लगाई जाएगी.

वहीं म्यूटेशन के लंबित मामलों की समीक्षा करने के बाद उपायुक्त ने कहा कि अस्वीकृत एवं लंबित म्यूटेशन के कुछ मामलों में आवेदक और संबंधित अंचल अधिकारी को आमने सामने बैठाया जाएगा. इसके बाद संबंधित अंचल अधिकारी आवेदक को बताएंगे कि उनका म्यूटेशन किस कारण से लंबित है.बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को प्रति सप्ताह अपने कार्यालय की समीक्षा करने, म्यूटेशन, मापी, माननीय न्यायालय में लंबित मामलों, भू-अर्जन, विभिन्न विभागों के लिए भूमि ट्रांसफर, ई-रेवेन्यू कोर्ट, एनजीडीआरएस पोर्टल सहित अन्य कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया.साथ ही माननीय न्यायालय के आदेश का पालन करने, मुकदमों में सरकार का पक्ष मजबूती से रखने, अंचल में प्राप्त पत्रों की लगातार समीक्षा करने सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिए.बैठक में अपर समाहर्ता विनोद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, सरकारी अधिवक्ता अमरेन्द्र सहाय, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश कुमार बाउरी, एलआरडीसी दिलीप कुमार महतो, जिला शिक्षा अधीक्षक श्री आयुष कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा, विभिन्न अंचलों के अंचल अधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे.

## बेकार बांध के समीप सवारी बस ने बाइक सवार को कुचला, एक की मौत व दो घायल






**तीनों धनबाद नगर निगम के सफाई कर्मी है, जो ड्यूटी पर जाने के दौरान घटना घटी**

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

धनबाद : सदर थाना क्षेत्र में बुधवार की सुबह एक सड़क हादसे में नगर निगम में एक कर्मी की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो अन्य कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना सुबह एक बाराती बस से बेकारबांध के समीप हुई. बस ने बाइक सवार नगर निगम के कर्मियों को रौंद दिया. जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गयी. सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत बेकारबांध सिटी सेंटर मार्ग पर हरेक दिन की भांति सुबह में नगर निगम की सफाई कर्मी अपनी ड्यूटी करने बाइक से जा रहे थे, इसी दौरान नीतू नामक बस (जेएच 10 एच-2605) ने ड्यूटी करने बाइक से जा रहे नगर निगम के सफाई कर्मियों को चपेट में ले लिया. जिसमें एक कर्मी की मौत हो गई और दो घायल हो गए. घायलों को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. वहीं आक्रोशित स्थानीय लोगों ने निगम कर्मियों के साथ मार्ग को अवरुद्ध कर दिया. सड़क के बीचो-बीच टायर जलाकर यातायात को बाधित किया. घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने यातायात अवरोध करते हुए बस में तोड़फोड़ किया.सदर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बस को कब्जे में लिया. निगम कर्मियों ने मृतक के परिजनों को मुआवजा की दिलाने की मांग करते हुए घंटों सड़क जाम किया. मृतक सहित दोनों घायल बस्ताकोला का रहने वाला बताया गया.

## न्यायाधीश ने किया धनबाद जेल का निरीक्षण

**महिला बंदी के साथ आए दो छोटे बच्चों को अविलंब दूध व अन्य आवश्यक सामग्री कराया गया उपलब्ध**

**जेल प्रशासन को दिए कई आवश्यक दिशा निर्देश**

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

धनबाद : प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेन्द्र कुमार तिवारी के निर्देश पर बुधवार को अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार मयंक तुषार टोपनो ने एलएडीसीएस डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट , सहायक कांउसिल सुमन पाठक ,नीरज गोयल, कन्हैया लाल ठाकुर के साथ धनबाद मंडल कारा का औचक निरीक्षण किया. न्यायाधीश ने कारागार के प्रत्येक बैरक में पहुंचकर बंदियों से उनके स्वास्थ्य, इलाज, पेयजल, नास्ता, भोजन व मुकदमे में पैरवी के लिए अधिवक्ता होने अथवा न होने की जानकारी ली. न्यायाधीश ने बंदियों के शौचालयों की साफ-सफाई का निर्देश दिया. कारागार अस्पताल में निरुद्ध बीमार बंदियों के बेहतर इलाज के लिए उन्हें उच्च स्वास्थ्य सेंटर भेजे जाने का निर्देश जेल डॉक्टर को दिया. न्यायाधीश ने कारा में बंद महिला बंदी जिससे साथ दो छोटे बच्चे थे उन दोनों बच्चों को दूध, डायपर ,आवश्यक दवा व उसके स्वास्थ्य



संबंधी अन्य सभी चीजें अविलम्ब उपलब्ध कराने का आदेश दिया.न्यायाधीश के आदेश पर तुरंत दोनों बच्चों के लिए आवश्यक सभी सामान जेल प्रशासन के द्वारा उपलब्ध कराया गया.वहीं न्यायाधीश ने जेल के चिकित्सा सुविधाओं, पुस्तकालय, रसोई घर, वहां तैयार हो रहे भोजन ,व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र और ध्यान-सह-योग केंद्र में सुविधाओं का जायजा लिया. उन्होंने बंदियों से भी बातचीत की और उनकी समस्याओं के बारे में पूछा.न्यायाधीश ने जेल प्रशासन को बंदियों को नियमानुसार सुविधाएं मुहैया कराने जेल अधिकारियों को उनके कर्तव्य का समुचित रूप से पालन करने का निर्देश दिया. उन्हें विभिन्न कानून की जानकारी दी गई. जेल मैनुअल के तहत मिलने वाली सारी सुविधाएं बंदियों को उपलब्ध कराने का आदेश जेल प्रशासन को दिया. इस मौके पर डालसा के सहायक अरुण कुमार, सौरभ सरकार, राजेश सिंह, जेल पी एल वी विशाल कुमार सिंह समेत जेल के पदाधिकारी उपस्थित थे.

## सुचारू रूप से करें जिले वासियों को पानी की आपूर्ति : उपायुक्त

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

धनबाद : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा ने बुधवार को समाहरणालय के सभागार में पेयजल आपूर्ति योजनाओं की समीक्षा की. समीक्षा के दौरान उपयुक्त ने कहा कि लोगों के लिए पानी मूलभूत आवश्यकता है. गर्मी के मद्देनजर जिले वासियों को सुचारू रूप से पानी की आपूर्ति करें. उन्होंने कहा कि निर्बाध रूप से पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पहले भी दिशा निर्देश दिए गए हैं, साथ ही रख-रखाव के लिए राशि भी उपलब्ध करा दी गई है. इसके बाद भी यदि किसी क्षेत्र में पानी की कोई समस्या आती है तो संबंधित एजेंसी वहां पहुंचकर समस्या का समाधान करेगी.

उन्होंने संबंधित एजेंसियों को लगातार क्षेत्र का भ्रमण करने, अपने स्तर से समीक्षा करने तथा सारी चीज सुचारू रूप से चलती रहे,



यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया.वहीं बैठक के क्रम में उपायुक्त ने सभी कार्य एजेंसियों को मासिक कार्य योजना, विशेष रूप से मई, जून व जुलाई महीने के लिए, बनाकर देने और उसकी समय-समय पर समीक्षा करने का निर्देश पीएचईडी 1 एवं 2 के कार्यपालक अभियंताओं को दिया.उपायुक्त ने निरसा के प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में निर्मित पदाधिकारी तथा कर्मचारी आवास तथा देवियाना पंचायत में निर्मित आंगनबाड़ी केंद्र में भी पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया.

बैठक में एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, अपर नगर आयुक्त कमलेश्वर नारायण, सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिक, पीएचईडी 1 के कार्यपालक अभियंता रंजीत ठाकुर, पीएचईडी 2 के कार्यपालक अभियंता मुकेश मंडल के अलावा अन्य पदाधिकारी मौजूद थे.

नई पत्र वार्ता पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक *राज किशोर सिन्हा के द्वारा डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, भास्कर प्रिंटिंग प्रेस गोविंदपुर मेन रोड, अशोकनगर के जी आश्रम, धनबाद से मुद्रित एवं छठ तालाब विकास नगर कतरास रोड,धनबाद से प्रकाशित। फोन न.7004113115, 9334368784, 7004500339, 7004893985. प्रधान संपादक : अनुज कुमार सिन्हा। *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। निदेशक अनस रहनुमा। ई-मेल - naipatrawartajharkhand@gmail.com.आर.एन.आई नं.JHAHIN/2015/63780.